CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 12-30-2025 22:58 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > बुधवार, 31 दिसंबर 2025 > पौष 10, शक संवत 1947, पौष शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 311 > पेज 18* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

बाय-बाय 2025 NBT नवभारत टाइम्स वेलकम 2026

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




# जश्न की रात में होम डिलिवरी की चुनौती

## आज हड़ताल पर जा सकते हैं गिग वर्कर्स

■ NBT न्यूज, गुड़गांव

नए साल के जश्न से ठीक पहले बुधवार यानी आज दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में गिग वर्कर्स हड़ताल पर जाने वाले हैं। इससे फूड और ई-कॉमर्स से जुड़ी होम डिलिवरी पर असर हो सकता है। दिल्ली में वर्कर्स हड़ताल करेंगे या नहीं, इसपर संशय बरकरार है। इससे पहले 25 दिसंबर को भी गुड़गांव में गिग वर्कर्स ने काम बंद कर दिया था।

हड़ताल करने वाले वर्कर्स का कहना है कि उन्हें काम के हिसाब से पैसा नहीं मिलता है, जबकि कंपनियां मोटी कमाई करती हैं। फूड और ई-कॉमर्स से जुड़े गिग वर्कर्स सामान घर तक लाने की अहम कड़ी हैं, ऐसे में अगर हड़ताल हुई तो लोगों को बड़ी दिक्कत होने वाली है। घर सामान मंगाना तो मुश्किल होगा ही, साथ ही इस हड़ताल के चलते कंपनियों को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**हड़ताल हुई तो पार्टी का मजा हो सकता है किरकिरा**

गुड़गांव और गौतमबुद्ध नगर में इस हड़ताल का सबसे ज्यादा असर बड़ी सोसायटियों में रहने वाले उन परिवारों पर पड़ेगा, जो रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर खाने पीने तक के लिए ऑनलाइन सेवाओं पर निर्भर हैं। हड़ताल ने हजारों सोसायटियों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है कि जश्न की रात कहीं ऑनलाइन ऑर्डर न मिलने से मजा फीका न हो जाए। ▸▸ देखें सप्लिमेंट



कंपनियों पर मनमानी का आरोप लगा रहे होम डिलिवरी करने वाले वर्कर्स।

### रेस्तरां मालिकों की बढ़ गई टेंशन

जिन्हें रात में पार्टी करनी है, केक, खाने का ऑर्डर देना है, उन्हें पहले से खरीदारी करनी पड़ सकती है। वहीं, हड़ताल की खबर ने रेस्तरां संचालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ओल्ड गुड़गांव में फेमस फ्रेंच ऑमलेट के संचालक दीपक रोहिल्ला कहते हैं कि कंपनिया डिलिवरी बॉय को लेकर सख्त है वहीं रेस्तरां से भी ज्यादा कमिशन ले रही है। हड़ताल से कारोबार पर सीधा असर पड़ेगा।

### इन मांगों पर अड़े हैं गिग वर्कर

इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स और तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन (TGPWU) ने नौकरी की सुरक्षा, ज्यादा सैलरी, सुरक्षित काम करने की स्थिति और सोशल सिक्योरिटी बेनिफिट्स को लेकर 25 और 31 दिसंबर को हड़तालों का आह्वान किया था। यूनियनों के मुताबिक क्रिसमस पर 50% से 60% ऑर्डर में देरी हुई।

# प्रियंका गांधी के बेटे रेहान की हुई सगाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा ने अपनी लंबे समय से गर्लफ्रेंड रही अवीवा बेग से सगाई कर ली है। सगाई सोमवार को दोनों परिवारों की मौजूदगी में हुई, जहां रेहान ने अवीवा को प्रपोज किया और उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, सगाई के बाद एक बड़ा समारोह बुधवार को राजस्थान के रणथंभौर में आयोजित हो सकता है। नए साल पर गांधी परिवार वहीं रहेगा। इसमें राहुल गांधी और सोनिया गांधी शामिल होंगी।

रेहान वाड्रा एक विजुअल आर्टिस्ट और फोटोग्राफर हैं। 2021 में उन्होंने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में अपनी पहली एकल प्रदर्शनी डार्क परसेप्शन आयोजित की थी।



**अवीवा बेग कौन हैं?**

अवीवा बेग ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से पढ़ाई की। ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी से मीडिया कम्युनिकेशन और जर्नलिज्म की पढ़ाई की। वह पेशे से इंटीरियर डिजाइनर है, ठीक अपनी मां की तरह और साथ ही फोटोग्राफी और प्रोडक्शन से भी जुड़ी हुई हैं।

## अवैध और अश्लील कंटेंट पर केंद्र की चेतावनी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, विशेषकर सोशल मीडिया कंपनियों को अश्लील, आपत्तिजनक, पोर्नोग्राफिक, बाल यौन शोषण से जुड़े और अन्य अवैध कंटेंट पर सख्ती से कार्रवाई की चेतावनी दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को जारी एडवाइजरी में कहा कि प्लेटफॉर्म ने नियमों के तहत दायित्वों का पालन नहीं किया तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। अदालत के आदेश या सरकार से सूचना मिलने पर अवैध सामग्री को तय समयसीमा के भीतर हटाना होगा। नियमों के अनुसार, यौन प्रकृति की सामग्री से जुड़ी शिकायत पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई जरूरी है।

**नियमों के तहत निर्धारित दायित्वों का करना होगा पालन**

मोदी ने जताई चिंता | रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने पुतिन के घर पर ड्रोन से हमला किया

# पूतिन के घर हमले की खबर पर PM बोले- दुश्मनी मिटाने को डिप्लोमेसी सही रास्ता

■ आईएएनएस, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पूतिन के घर को निशाना बनाए जाने की खबरों पर फिक्र जाहिर की है। पीएम मोदी ने मंगलवार को शांति की अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के विवाद को कूटनीतिक तरीके से ही हल किया जाना चाहिए। रूस ने दावा किया है कि 91 यूक्रेनी ड्रोन ने मास्को के उत्तर में नोवगोरोड इलाके में पूतिन के आवास पर हमले की कोशिश की थी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, पूतिन के घर को निशाना बनाने की खबरों से चिंतित हूं। दुश्मनी खत्म करने और शांति पाने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयास ही सबसे सही रास्ता है। हम सभी पक्षों से इन कोशिशों पर ध्यान देने और ऐसे किसी भी काम से बचने की अपील करते हैं जो उन्हें कमजोर कर सकता है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने टेलीविजन बयान में कहा कि रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि को लंबी दूरी के 91 ड्रोन से हमला हुआ, हालांकि उसमें नुकसान नहीं हुआ।



### बैटल ऑफ गलवान से चीन नाराज

सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के 1.12 मिनट के टीजर पर चीनी मीडिया की आलोचना के बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि सिनेमा अभिव्यक्ति की स्वतंत्र कला है और भारत इस पर रोक नहीं लगाता। फिल्म 2020 गलवान संघर्ष पर आधारित है। चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने फिल्म को सिनेमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बताया।



## बांग्लादेश की पूर्व PM खालिदा जिया का निधन

■ पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार तड़के लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। जिया तीन बार प्रधानमंत्री रहीं और बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष थीं। बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष और उनके बड़े बेटे तारिक रहमान ने निधन की पुष्टि की। सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की बहाली में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। तीन दिन के राजकीय शोक और एक दिन के आम अवकाश की घोषणा की गई। भारत ने खालिदा जिया के निधन पर गहरा दुख जताया है। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को उनके जनाजे में शामिल होंगे।



आरोपी अरेस्ट, जांच जारी

## बांग्लादेश में दो हफ्ते में तीसरे हिंदू की हत्या

■ NBT रिपोर्ट: बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। ANI की रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान 40 वर्षीय बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। आरोप है कि बिस्वास को सहकर्मी नोमान मिया ने गोली मारी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के कार्यकारी महासचिव मोनिंद्र नाथ ने फोन पर घटना की पुष्टि की है। यह घटना सोमवार शाम करीब 6:30 बजे मेहराबाड़ी इलाके में हुई।



बजेंद्र बिस्वास

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

देश की प्रगति को नई दिशा देने वाले चेहरों को पहचानने का मौका है। NBT ने यहां उन हस्तियों को चुना है, जिनके योगदान प्रेरणा बन गए। B ऑप्शन में पैराएथलीट को चुना है। अब आपका वोट तय करेगा NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर। तो उठाइए मोबाइल और अभी वोट करें।

## NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर कौन? अभी वोट करें

**A** हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)
2 नवंबर को इतिहास रचकर हरमन की कप्तानी में भारत ने पहला ICC वर्ल्ड कप जीता।

**B** देश के पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)
बिना हाथों के जन्मी पैरा एथलीट शीतल देवी ने एबल-बॉडी वर्ग की टीम में जगह बनाई। सुमित अंतिल ने पैरा जैवलिन में रेकॉर्ड तोड़ गोल्ड जीता।

**C** दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)
19 साल की दिव्या ने जॉर्जिया में FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया।

**D** क. सोफिया कुरैशी, विंग कमां. व्योमिका
ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दुनिया के सामने रखी और ऑपरेशन का चेहरा बनीं।

**E** शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन
इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने।

कैसे करें वोट: जो NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन 9220747220 पर व्हाट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस हरमनप्रीत है तो मैसेज में A लिखकर भेज दें।




**2026 नई उम्मीद**

इसरएंडर की सीरीज में आज मिलिए 2025 के उन 'साइलेंट हीरोज' से, जिन्होंने बिना किसी शोर-शराबे के दिल्ली को बेहतर बनाया। मुफ्त इलाज करने वाले डॉक्टर, कचरे को पेड़ों में बदलने वाले युवाओं और बिना छुट्टी ड्यूटी करने वाले पुलिस अफसर- इन नायकों ने निस्वार्थ भाव से शहर की तस्वीर बदली।

देखें पेज 5

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
कार लोन
7.30%* ब्याज दर
8879840089 पर मिस्ड कॉल दें

**काम की खबरें**

**सीबीएसई बोर्ड एग्जाम की डेट में बदलाव**
सीबीएसई ने 3 मार्च के बोर्ड एग्जाम को बदलकर क्लास 10 के लिए 11 मार्च और क्लास 12 के लिए 10 अप्रैल किया।

**RailOne ऐप से बुकिंग में मिलेगा 3% डिस्काउंट**
भारतीय रेलवे ने RailOne) ऐप से जनरल टिकट बुक करने पर किराये में 3% का डिस्काउंट देने का ऐलान किया।

**अब 6 जनवरी को आएगी वोटर लिस्ट**
यूपी में SIR की मियाद एक सप्ताह और बढ़ा दी गई है। चुनाव आयोग अब 6 जनवरी को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित करेगा। पहले इसे 31 दिसंबर को प्रकाशित करना था।

**हैपी मॉर्निंग**

सोनू: पैंट की सिलाई कितने की है?
दर्जी: 300 रुपये
सोनू: और निक्कर की?
दर्जी: 100 रुपये
सोनू: तो फिर निक्कर ही सिल दो, बस लंबाई पैरों तक कर देना।

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,675.08 (-20.46) |
| निफ्टी | 25,938.85 (-3.25) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.63 (-0.12) |
| रु/यूरो | 102.83 (-0.30) |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,39,000 (-2,800) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,41,000 (+1,000) |

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21.5°
9.4° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त बुधवार 5:35 | सूर्योदय गुरुवार 7:14
कश्मीर में बर्फबारी की संभावना, ऊपरी इलाकों की सड़कें बंद।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP16 User: cci Time: 12-30-2025 22:51 Color:





टी20 और वनडे वर्ल्ड कप की हार से हम पर काफी दबाव पड़ा है, इसके बावजूद मैं पूरे यकीन से कह सकती हूं कि हमारी टीम दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। फरवरी में भारत के खिलाफ हम अपना बेस्ट प्रदर्शन करेंगे। - एश्ले गार्डनर, ऑलराउंडर, ऑस्ट्रेलिया

**46**

विकेट लिए थे इंग्लैंड के स्पिनर जिम लेकर ने 1956 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में। वह एक एशेज सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. मेंस टी20 वर्ल्ड कप-2026 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी किसे सौंपी गई है?
A) जैकब बेथेल B) जोस बटलर C) हैरी ब्रुक D) फिल सॉल्ट
2. किसी एक एशेज सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का श्रेय किस गेंदबाज को है?
A) शेन वॉर्न B) जिम लेकर C) टेरी एल्डरमैन D) ग्लेन मैक्ग्रा

**कल के जवाब**
1. C) शेफाली वर्मा 2.D) सात

**लकी WINNER**
1. प्रियांशी मावी, दयालपुर, नई दिल्ली
2. विनोद जैन पाटनी, ठाणे, महाराष्ट्र
3. किरण गिनवानी, गुड़गांव, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### आद्या को ट्रैप का गोल्ड
■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की 15 साल की आद्या कात्याल ने मंगलवार को नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जूनियर विमिंस ट्रैप इवेंट का खिताब जीता। आद्या ने 42 हिट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की सबीरा हारिस दूसरे पर रहीं। आद्या, भाव्या त्रिपाठी और अनन्या यदुवंशी की दिल्ली की तिकड़ी ने कुल 323 अंक के साथ जूनियर विमिंस ट्रैप टीम इवेंट का गोल्ड मेडल भी जीता।

### रांची रॉयल्स जीते
■ **रांची:** लूसिना वॉन डेर हेडे के दो गोल की मदद से रांची रॉयल्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में मंगलवार को बंगाल टाइगर्स को 5-0 से हराया। वॉन डेर हेडे ने 33वें और 57वें मिनट में गोल दागे, जबकि हन्ना कोटर, ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी ने भी रॉयल्स की ओर से एक-एक गोल किया।

### एक मंच पर जुटेंगे प्लेयर्स
■ **नई दिल्ली:** IOA देश में खेलों में खिलाड़ियों के नेतृत्व वाली संचालन व्यवस्था और जवाबदेही को मजबूत करने के उद्देश्य से 10 जनवरी को अहमदाबाद में पहले 'नैशनल ऐथलीट फोरम' का आयोजन करेगा। IOA प्रेसिडेंट पीटी उषा ने कहा, 'भारत के खेल इतिहास में पहली बार खिलाड़ियों को एक खास राष्ट्रीय मंच के जरिए एक साथ लाया जा रहा है।'

### बॉयकॉट की धमकी
■ **लाहौर:** पाकिस्तान हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में मेंस एफआईएच प्रो-लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की धमकी दी है।

बिंद्रा की अगुआई वाले टास्क फोर्स ने खेल प्रशासन की बताईं कमियां

# स्पोर्ट्स इको-सिस्टम को सुधारने का रोडमैप तैयार

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में खेल मंत्रालय द्वारा गठित टास्क फोर्स ने भारत में खेल प्रशासन की कमियों को रेखांकित करते हुए 170 पन्नों की अपनी रिपोर्ट खेलमंत्री मनसुख मंडाविया को सौंप दी है। टास्क फोर्स ने रिपोर्ट में प्रशासनिक अधिकारियों समेत खेलों के विशेष पेशेवर कैडर को ट्रेनिंग देने के लिए एक स्वायत्त वैधानिक इकाई के गठन की सिफारिश की। खेलमंत्री ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, 'भारत के खेल 'इको-सिस्टम' को प्रोफेशनल बनाने के अपने प्रयास के तहत टास्क फोर्स की सभी सिफारिशों को लागू किया जाएगा।' टास्क फोर्स ने खेल शिक्षा और क्षमता निर्माण राष्ट्रीय परिषद (NCSECB) के गठन की अनुशंसा की है जो खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त इकाई के रूप में काम करेगी और इसके जिम्मे खेल प्रशासन ट्रेनिंग को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने की जिम्मेदारी होगी।

**SAI में गिनाई खामियां:** खेलों की संसदीय समिति पहले भी SAI में स्टाफ की कमी का मसला उठा चुकी है और टास्क फोर्स ने SAI तथा राज्य खेल विभागों को भारत के खेल प्रशासन की 'रीढ़ की हड्डी' बताते हुए कहा कि 'दोनों संस्थानों को क्षमता संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो पेशेवरपन, दक्षता और प्रशासन की प्रभावशीलता में बाधा डालती हैं।' रिपोर्ट में नैशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (NSFs) में अधिकारों के अव्यवस्थित केंद्रीकरण का भी जिक्र किया। इसमें कहा गया, 'अधिकांश महासंघों में अध्यक्ष के पास संचालन, वित्त और नियुक्तियों के अधिकार हैं। ये वैश्विक प्रचलन के विपरीत है।'



**'रिटायरमेंट प्लान' की कमी:** खिलाड़ियों के रिटायर होने के बाद खेल प्रशासन में आने के रास्ते सीमित हैं चूंकि अधिकांश खिलाड़ियों में इसके लिए जरूरी कौशल का अभाव है। खेल प्रशासन में डिजिटल टूल और विश्लेषण का प्रयोग भी बहुत कम है। जल्दी ही लागू होने वाले राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के तहत राष्ट्रीय खेल महासंघों की कार्यकारी समिति में खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य हो जाएगा लेकिन उन्हें प्रशासनिक स्किल की ट्रेनिंग देने की व्यवस्था नहीं है।

**NIS पटियाला पर सुझाव खारिज:** पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (NIS) को खेल प्रशासकों की ट्रेनिंग के लिए अकैडमी बनाने के प्रस्ताव को टास्क फोर्स ने 'प्रतिबंधात्मक और अस्थिर' बताते हुए खारिज कर दिया। टास्क फोर्स से समीक्षा करने के लिए कहा गया था कि क्या खेल मंत्रालय बोर्ड/खेल संस्थान को खेल प्रशासकों के क्षमता निर्माण के लिए अकैडमी में तब्दील किया जा सकता है। NIS पटियाला में बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, ऐथलेटिक्स में ट्रेनिंग दी जाती है।



अभिनव बिंद्रा

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### ओलिंपिक्स 2036 का है टारगेट
ओलिंपिक्स 2036 तक भारत को शीर्ष दस खेल देशों में शामिल करने के अपने लक्ष्य के तहत खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSFs) और प्रदेश संघों के मौजूदा प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा करने, कमियों को तलाशने और सुधार के उपायों के लिए इस टास्क फोर्स का गठन किया था। नौ सदस्यीय कार्यबल इस साल अगस्त में बनाया गया था जिसमें ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट शूटर बिंद्रा के अलावा आदिले सुमरिवाला और टारगेट ओलिंपिक्स पोडियम योजना (TOPS) के पूर्व CEO कमांडर राजेश राजगोपालन भी शामिल थे।



कप्तान हरमन की अर्धशतकीय पारी से भारत ने खड़ा किया बड़ा स्कोर

भारत vs श्रीलंका विमिंस | पांचवां टी20 मैच

# भारत ने क्लीन स्वीप से किया साल का समापन

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** कप्तान हरमनप्रीत कौर (68 रन, 43 बॉल, 9 चौके, 1 छिक्का) के जुझारू अर्धशतक के बाद गेंदबाजों अनुशासित प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 15 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज को 5-0 से अपने नाम कर लिया। यह केवल तीसरी बार है जब भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में विपक्षी टीम का क्लीन स्वीप किया है। वहीं, श्रीलंकाई टीम ने पहली बार कोई सीरीज 0-5 के अंतर से गंवाई। नियमित ओपनर स्मृति मंधाना की अनुपस्थिति में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने नियमित विकेट गंवाए लेकिन हरमनप्रीत ने एक छोर संभालकर 68 रन की पारी खेली। उन्होंने अमनजोत कौर (21) के साथ छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को सात विकेट पर 175 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अरुंधति रेड्डी ने अंत में 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 27 रन बनाए।

**श्रीलंका को पांचवें टी20 में 15 रनों से हराया**

**नए मुकाम पर दीप्ति:** इसके जवाब में मेहमान टीम की ओर से ओपनर हासिनी परेरा (65) और इमेशा दुलानी (50) ने आकर्षक अर्धशतक लगाए, लेकिन टीम 20 ओवर्स में सात विकेट पर 160 के स्कोर तक ही पहुंच सकी। इस दौरान भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा ने एक विकेट निकाला और विमिंस टी20 इंटरनैशनल में सर्वाधिक विकेट का रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दीप्ति के नाम 133 मैचों में 152 विकेट हो गए हैं।

**ब्रीफ स्कोर**

**भारत:** सात विकेट पर 175 रन (हरमनप्रीत कौर 68, अरुंधति रेड्डी 27, कविशा दिलहारी 2/11, चमारी अटापट्टू 2/21) **श्रीलंका:** सात विकेट पर 160 रन (हासिनी परेरा 65, इमेशा दुलानी 50, अरुंधति रेड्डी 1/16, अमनजोत कौर 1/17, दीप्ति शर्मा 1/28)

# स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज

## चढ़ेगा भारत का मेडल ग्राफ!



नीरज चोपड़ा

पिछली बार जब भारतीय दल ने एशियन गेम्स में पदकों की संख्या को लेकर 'अबकी बार सौ पार' का नारा दिया था, तो यह बहुत हद तक बहुत लोगों को अतिशय लगा। लेकिन भारतीय ऐथलीटों ने 107 मेडल के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया था। भारत ने उम्मीदों से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हुए टेबल में चौथा स्थान भी हासिल किया। जापान में होने वाले अगले 2026 एशियन गेम्स में भारत मेडल के ग्राफ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक्स में अपनी संभावनाओं की झलक दिखाने के लक्ष्य के साथ उतरेगा।

**सबसे बड़ा सवाल?**

### नीरज लगा पाएंगे हैटट्रिक?
नीरज चोपड़ा एक बार फिर जापान में भारत के अभियान का नेतृत्व करेंगे। पिछले दो एशियन गेम्स से गोल्ड जीत रहे नीरज से लगातार तीसरे गोल्ड की उम्मीद होगी, लेकिन क्या वो गोल्ड की हैटट्रिक लगा पाएंगे इसी लेकर सवाल है। इन गेम्स में पाकिस्तान के अरशद नदीम भी होंगे, जिन्होंने पैरिस ओलिंपिक्स 2024 में नीरज को पीछे छोड़ते हुए गोल्ड पर कब्जा जमाया था।

### क्रिकेट, हॉकी पर खास नजर
हांगझोउ में क्रिकेट को शामिल किया गया था और भारत ने मेंस और विमिंस दोनों कैटिगरी में गोल्ड जीते थे। क्रिकेट में एक बार फिर बादशाहत साबित करने में ज्यादा दिक्कत नहीं आनी चाहिए। वहीं भारतीय मेंस हॉकी टीम भी चीन में दोबारा हासिल किए गए खिताब का बचाव करना चाहेगी।

### लगेगी पदकों की झड़ी
पिछले एशियन गेम्स में ट्रैक ऐंड फील्ड के बाहर भारत के सबसे बड़े पदक स्रोत शूटिंग और आर्चरी रहे। मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अपने गोल्ड मेडल का बचाव करने उतरेंगी। मनु ने इस बीच दो ओलिंपिक्स मेडल जीते हैं और संभवतः इसका दबाव रहेगा। आर्चरी में पिछली बार जीते 9 पदकों की संख्या को बढ़ाने का चैलेंज होगा।



मनु भाकर

### ऐथलेटिक्स
पिछले एशियन गेम्स के ऐथलेटिक्स इवेंट में भारत ने 29 मेडल जीते, जोकि अभी तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इस संख्या को और बेहतर करने का बड़ा चैलेंज भारतीय ऐथलीटों के सामने होगा। सबसे बड़ी उम्मीद युवा स्प्रिंटर अनिमेष कुजुर होंगे, जिन्होंने 2025 में 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 सेकंड) में नया नैशनल रेकॉर्ड भी बनाया।



## कॉमनवेल्थ गेम्स में कुछ भी कॉमन नहीं

भारत ने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 16 खेलों में कुल 210 खिलाड़ियों को भेजा था और इस दौरान 61 पदक जीते थे। इनमें से 30 पदक ऐसे खेलों से आए थे जो 2026 में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल ही नहीं होंगे। इन खेलों में बैडमिंटन (6 मेडल), क्रिकेट (1), हॉकी (2), स्क्वैश (2), टेबल टेनिस (7) और कुश्ती (12) शामिल हैं, जो अब पदक तालिका से बाहर हो चुके हैं। सबसे अहम शूटिंग को 2022 में भी जगह नहीं मिली थी और इस बार भी जगह नहीं मिली है। इस बदलाव भारत के पदकों की संख्या पर देखने को मिलेगा।

**10** गेम्स होंगे इस बार के कॉमनवेल्थ गेम्स में। ये खेल हैं ऐथलेटिक्स, 3x3 बास्केटबॉल, बॉल्स, बॉक्सिंग, जिम्नैस्टिक्स, जूडो, नेटबॉल, स्विमिंग, ट्रैक साइक्लिंग और वेटलिफ्टिंग

**64** मेडल जीते थे जब पिछली बार ग्लासगो में 2014 में इन खेलों का आयोजन किया था, लेकिन इस बार कम गेम्स के कारण ज्यादा मेडल की उम्मीद नहीं की जा सकती

### मीराबाई चानू
भारतीय स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय रही थी और एक बार फिर उनसे गोल्डन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इसके साथ ही अगले साल चानू का लक्ष्य एशियन गेम्स में भी अपना पहला मेडल हासिल करने का होगा।



मीराबाई चानू

**साल 2026 में मल्टी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट्स**

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| कॉमनवेल्थ गेम्स | 23 जुलाई से 2 अगस्त | स्कॉटलैंड |
| एशियन गेम्स | 19 सितंबर से 4 अक्टूबर | जापान |

# टी20 बैटर्स की लिस्ट में शेफाली अब छठे पर

■ **एजेंसियां, दुबई**

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा आईसीसी विमिंस टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। पूर्व शीर्ष बल्लेबाज 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि जेमिमा रॉड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं। अनुभवी ओपनर दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर हैं, जबकि रेणुका सिंह ठाकुर टॉप टेन में पहुंच गई हैं। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं।



क्रिकेट कनेक्ट

शेफाली वर्मा

### BPL के मैच स्थगित
**ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने देश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के निधन के बाद मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के दो मैच स्थगित कर दिए हैं। दोनों मैच अब बुधवार को खेले जाएंगे। मैच स्थगित करने का फैसला सिलहट अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सिलहट टाइटंस और चटगांव रॉयल्स के बीच दिन के पहले मैच के टॉस से दो घंटे पहले लिया गया।

### PCB ने महमूद से नाता तोड़ा
**लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के हेड कोच अजहर महमूद से उनके कॉन्ट्रैक्ट के खत्म होने से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च-2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया है। पाकिस्तान अपना अगला टेस्ट मैच मार्च-2026 में खेलेगा। बोर्ड के करीबी सूत्र ने बताया, 'अजहर का अनुबंध मार्च में खत्म हो रहा है और पाकिस्तान टीम का टेस्ट दौरा मार्च-2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए हेड कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।'

## ब्रैडमैन की कैप की होगी नीलामी

**सिडनी:** महान बल्लेबाज सर डॉनल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी, उसकी अगले महीने नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन ने उस सीरीज के दौरान भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को अपनी कैप गिफ्ट दी थी। वह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई है लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया।

## पेरी, सदरलैंड नहीं खेलेंगी WPL में

■ **पीटीआई, मुंबई:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ऑलराउंडर एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) से मंगलवार को अपना नाम वापस ले लिया। WPL की विज्ञप्ति के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर पेरी के स्थान पर भारतीय ऑलराउंडर सायली सतघरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम में शामिल होंगी, जबकि उनकी हमवतन ऑलराउंडर सदरलैंड के स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।



WPL

एलिस पेरी

# इंग्लैंड की टीम घोषित, चोटिल आर्चर शामिल

■ **एजेंसियां, लंदन:** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को एशेज सीरीज के एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बावजूद अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल किया गया। एडिलेड टेस्ट के दौरान आर्चर के बाएं पांव में खिंचाव आ गया था। एक अन्य तेज गेंदबाज जोश टंग को हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में शामिल किया गया है।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026**



आर्चर (बाएं) के साथ हैरी ब्रूक

**संभावित टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवर्टन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जोश टंग, ल्यूक वुड।

## जतिंदर को ओमान की कमान

टी20 वर्ल्ड कप के लिए ओमान ने भी अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि ओमान टीम की कप्तानी लुधियाना के जतिंदर सिंह करने वाले हैं, जबकि भारतीय मूल के ही विकेटकीपर-बल्लेबाज विनायक शुक्ला को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

# कार्लसन ने तोड़ा नियम, मुकाबला हारे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मैग्नस कार्लसन को दोहा में चल रही वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में मंगलवार को एक बेहद निराशाजनक और असामान्य स्थिति का सामना करना पड़ा, जब नियमों के दुर्लभ उल्लंघन के चलते उन्हें राउंड-14 में मैच गंवाना पड़ा।

**वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप**

कार्लसन आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर हाइक मार्टिरोस्यान के खिलाफ एक बेहद तनावपूर्ण ब्लिट्ज मुकाबला खेल रहे थे। घड़ी में महज दो सेकंड बचे होने पर नॉर्वे के खिलाड़ी ने जल्दबाजी में चाल चलने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान बोर्ड पर रखे उनके कई मोहरे गिर गए। ब्लिट्ज चेस नियमों के अनुसार, खिलाड़ी को घड़ी रोकने से पहले बोर्ड की स्थिति पूरी तरह सही करनी होती है। हालांकि कार्लसन मोहरों को सही तरह से जमाए बिना ही घड़ी रोक बैठे। मार्टिरोस्यान ने तुरंत अंपायर को सूचित किया और थोड़ी समीक्षा के बाद अधिकारियों ने मुकाबला मार्टिरोस्यान के पक्ष में देने का फैसला किया, जिससे कार्लसन को 'फॉरफिट' के जरिए हार झेलनी पड़ी। एक दिन पहले कार्लसन टूर्नामेंट में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के हार के बाद टेबल पर मुक्का मारने के कारण भी सुर्खियों में आए थे। विश्व नंबर एक खिलाड़ी ने इस फैसले को स्वीकार कर लिया।



मैग्नस कार्लसन

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar-19 Apr
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। आप जिस कार्य की शुरुआत करेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। यदि आप अपना सुखद जीवन सही तरीके से व्यतीत करना चाहते हैं, तो जीवनसाथी के प्रति ईमानदार रहें। अचानक ही किसी जटिल काम के बन जाने से भाग्य की रुकावटें दूर होंगी।

**TARUS** 20 Apr-19 May
हो सकता है आज आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंप दिया जाए। ध्यान रहे कि बिना किसी शंका और फिक्र के जब अपने कर्तव्य पर व्यस्त रहेंगे, तभी उन्नति होगी। काम किसी भी स्तर का हो, यदि आप उसे सफलता से पूरा कर दें तो आपका ही नाम अच्छे कार्यकर्ताओं में गिना जाएगा।

**GEMINI** 21 May-21 Jun
आपका काम करने का तरीका नया है। किसी भी जटिल कार्य को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आज भी किसी ऐसे ही समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपके ऊपर जाएगा, जिससे आपको ही फायदा मिलेगा। आज के दिन स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**CANCER** 22 Jun-22 July
आज के दिन किसी ऐसे काम का बोझ आपके ऊपर आ सकता है, जिसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़ जाए। दफ्तर में किसी आने के लिए पैसों का इंतजाम भी करना पड़ सकता है। यदि आप किसी उद्योग का संचालन कर रहे हैं तो आज के दिन हर कदम पर सावधानी बरतें। सेहत पर भी ध्यान दें, अन्यथा स्वास्थ्य संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

**LEO** 23 July-22 Aug
किसी अच्छे अधिकार क्षेत्र में पुरस्कार अपना सर्वोत्तम उदाहरण रखना आपकी पुरानी आदत है। कभी-कभी इसके कारण आप लोगों के बीच में आलोचना का शिकार भी हो जाते हैं। आप एक अच्छे अधिकारी बन सकते हैं, लेकिन याद रखिए कि पहले अच्छा कार्यकर्ता बनना जरूरी है।

**VIRGO** 23 Aug-22 Sep
किसी वाद-विवाद को पकड़कर आपको अपने सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क-वितर्क नहीं करना चाहिए। कारोबार और व्यापार में जो उतार-चढ़ाव आए हैं, उसे संभालना आवश्यक है। यदि आपको सफल होना है तो इस दौर में जो हालात हैं उनके साथ समझौता करना ही बुद्धिमानी होगी।

**LIBRA** 23 Sep-22 Oct
आज सुबह से ही कुछ अजीब सा माहौल आपके आस-पास बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य भी कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो रहे हैं। काफी दिनों से व्यापार व्यवसाय की स्थितियां भी नाजुक चल रही हैं। व्यापार क्षेत्र में जो उतार-चढ़ाव आया है वह सिर्फ आपके लिए ही नहीं है। इस सब के बावजूद आज किसी सहयोगी व्यक्ति की मदद करें।

**SCORPIO** 23 Oct-21 Nov
कई बार आप न चाहते हुए भी ऐसी स्थिति में फंस जाते हैं, जहां से निकलने के लिए आपको काफी जोड़तोड़ करनी पड़ती है। आज भी कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है। यदि आप अपना मार्ग सरल और सीधा बनाना चाहते हैं तो आप वही करें जिसमें सरलता लाभ नहीं मिलता है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov-21 Dec
शेयर बाजार के चक्कर में पड़कर आपने काफी धन खो दिया है। यदि धन कमाने के ये जोखिम भरे कदम सभी को रास आते तो लोग मेहनत-मजदूरी नहीं करते। बेहतर होगा कि आप कारोबार के अपने पुराने रास्ते पर लौट जाएं और आए दिन जो नुकसान हो रहा है उससे बचने की कोशिश करें।

**CAPRICORN** 22 Dec-19 Jan
आज आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा करेगी। लेकिन आपके वर्कप्लेस में काम उतनी स्पीड से नहीं चल रहा होगा जितना आपके दिमाग में चलता है। आपको सारी चीजें अपने कंट्रोल में लेनी पड़ सकती हैं।

**AQUARIUS** 20 Jan-18 Feb
लंबे समय कार्य करने के बाद अब आपको लगेगा कि कहीं बैठकर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए। यह समय स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने का है। अगर स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा तो कठिनाई होगी। बेहतर होगा आज किसी डॉक्टर से स्वास्थ्य संबंधी सलाह मशविरा कर लें।

**PISCES** 19 Feb-20 Mar
धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपको नजर आएंगे। आपके बिजनेस पार्टनर समस्या पैदा कर सकते हैं। व्यवसाय में मनीमेंट लाएंगे, तो बेहतर होगा। दूसरा, आज के दिन अपने मित्र से भविष्य की किसी परियोजना पर चर्चा करें। हो सकता है उस काम की नींव आज ही पड़ जाए। दिन के उत्तरार्ध में स्थितियों में सुधार होगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

बुध तथा सूर्य आपके वर्ष के स्वामी ग्रह बन रहे हैं। जीव स्वामिनी देवगुरु प्रधान ग्रह मुख्य स्थान प्रमुख केंद्र में विराजमान हैं। अब आपके कुछ संपर्क नित्य ही आपके पक्ष में अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते रहेंगे। आपकी मौज के दिन आने वाले हैं। जनवरी-फरवरी 2026 में आप अपनी बिखरी हुई शक्ति को समेटने में संलग्न रहेंगे। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में कुछ अच्छे कार्य बन जाने की खुशी होगी। बेहतर होगा कि यह समय भविष्य की योजना पर चर्चा करने में बिताएं। मई महीने के अंत तक आपके कामकाज के नए रास्ते खुलेंगे। जून के माह में व्यवसाय की हालत सुधरेगी और बिजनेस पार्टनर से भी संबंध और बेहतर होंगे। अगर आप नौकरी पेशा हैं तो जुलाई के महीने में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आपको नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी, जिन्हें आप समय पर ही पूरा करेंगे। अगस्त के महीने में पारिवारिक उत्तरदायित्व पूरे होंगे, शिक्षा में विशेष रुचि रहेगी। सितंबर से अक्टूबर अंत तक काम काज में स्थायित्व रहेगा। इस समय कहीं घूमने-फिरने का प्लान भी बनेगा। महिलाओं के लिए यह वर्ष आर्थिक पक्ष से अनुकूल रहेगा। नवंबर में विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही वांछित सिद्धि मिलेगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 1 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 11, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, त्रयोदशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 18, रजब 11, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 1 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्दशी तिथि रात्रि 11 बजकर 22 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। रोहिणी नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 48 मिनट तक उपरांत मृगशिरा नक्षत्र का आरंभ। शुभ योग सायं 5 बजकर 12 मिनट तक उपरांत शुक्ल योग का आरंभ। कौलव करण दोपहर 12 बजकर 16 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृष राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-पुत्रदा एकादशी (वैष्णव)।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | 8 | 4 | 6 | | | 5 |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| 9 | | | 1 | | 5 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | 1 | | 8 |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | 9 |
| | 6 | | | | | | 5 | |
| 2 | | | 5 | 6 | 1 | | | 4 |
| | | 7 | | | | 9 | | |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बालू बालू | 13:30 भ से भड़े |
| 10:00 बदबुध बुड्डक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण | 17:00 बालू बालू |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP23 User: cci Time: 12-30-2025 21:12 Color:



# 2026 नई उम्मीद

LOADING...

# 2026 स्पोर्ट्स कैलेंडर



## जनवरी

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 3 | हॉकी | मेंस हॉकी इंडिया लीग | चेन्नै |
| 6 | बैडमिंटन | मलेशिया ओपन | कुआलालुंपुर |
| 7 | चेस | टाटा स्टील चेस इंडिया | कोलकाता |
| 9 | क्रिकेट | विमिंस प्रीमियर लीग | भारत |
| 10 | हॉकी | विमिंस हॉकी इंडिया लीग फाइनल | रांची |
| 11 | टेनिस | ऑस्ट्रेलियन ओपन | ऑस्ट्रेलिया |
| 11 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड पहला ODI | वडोदरा |
| 11 | शूटिंग | एशियन शॉटगनचैंपियनशिप | दोहा |
| 13 | बैडमिंटन | इंडिया ओपन | नई दिल्ली |
| 14 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड दूसरा ODI | राजकोट |
| 15 | क्रिकेट | मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप | जिंबाब्वे |
| 16 | चेस | टाटा स्टील टूर्नामेंट | नीदरलैंड्स |
| 18 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड तीसरा ODI | इंदौर |
| 21 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड पहला T20I | नागपुर |
| 23 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड दूसरा T20I | रायपुर |
| 25 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड तीसरा T20I | गुवाहाटी |
| 26 | हॉकी | मेंस हॉकी इंडिया लीग फाइनल | चेन्नै |
| 28 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड चौथा T20I | विशाखापत्तनम |
| 31 | क्रिकेट | भारत VS न्यूजीलैंड पांचवा T20I | तिरुवनंतपुरम |

## फरवरी

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 2 | शूटिंग | एशियन चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल | नई दिल्ली |
| 5 | क्रिकेट | विमिंस प्रीमियर लीग फाइनल | वडोदरा |
| 6 | बैडमिंटन | एशिया टीम चैंपियनशिप | चीन |
| 6 | क्रिकेट | मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल | हरारे |
| 7 | क्रिकेट | मेंस टी20 वर्ल्ड कप | भारत-श्रीलंका |
| 7 | क्रिकेट | भारत VS अमेरिका | वानखेड़े |
| 8 | टेनिस | WTA कतर ओपन | दोहा |
| 11 | हॉकी | भारत VS बेल्जियम (प्रो-लीग) | भारत |
| 12 | हॉकी | भारत VS अर्जेंटीना (प्रो-लीग) | भारत |
| 12 | क्रिकेट | भारत VS नामीबिया | दिल्ली |
| 14 | हॉकी | भारत VS बेल्जियम (प्रो-लीग) | भारत |
| 15 | हॉकी | भारत VS अर्जेंटीना (प्रो-लीग) | भारत |
| 15 | क्रिकेट | भारत VS पाकिस्तान | कोलंबो |
| 15 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस T20I | सिडनी |
| 15 | टेनिस | WTA दुबई चैंपियनशिप | दुबई |
| 18 | क्रिकेट | भारत VS नीदरलैंड्स | अहमदाबाद |
| 19 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस T20I | कैनबरा |
| 21 | हॉकी | स्पेन VS भारत (प्रो-लीग) | ऑस्ट्रेलिया |
| 21 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस T20I | एडिलेड |
| 22 | हॉकी | भारत VS ऑस्ट्रेलिया (प्रो-लीग) | ऑस्ट्रेलिया |
| 24 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस ODI | ब्रिस्बेन |
| 24 | हॉकी | स्पेन VS भारत (प्रो-लीग) | ऑस्ट्रेलिया |
| 25 | हॉकी | भारत VS ऑस्ट्रेलिया (प्रो-लीग) | ऑस्ट्रेलिया |
| 27 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस ODI | होबार्ट |

## मार्च

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस ODI | होबार्ट |
| 1 | फुटबॉल | AFC विमिंस एशिया कप | ऑस्ट्रेलिया |
| 4 | क्रिकेट | मेंस टी20 वर्ल्ड सेमीफाइनल-1 | भारत/श्रीलंका |
| 4 | टेनिस | इंडियन वेल्स ओपन | इंडियन वेल्स |
| 5 | क्रिकेट | मेंस टी20 वर्ल्ड सेमीफाइनल-2 | वानखेड़े |
| 6 | क्रिकेट | भारत VS ऑस्ट्रेलिया विमिंस टेस्ट | पर्थ |
| 8 | क्रिकेट | मेंस टी20 वर्ल्ड फाइनल | भारत/श्रीलंका |
| 8 | फॉर्मूला-1 | ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री | ऑस्ट्रेलिया |
| 10 | बैडमिंटन | ऑल इंग्लैंड ओपन | बर्मिंघम |
| 15 | फॉर्मूला-1 | चाइनीज ग्रां प्री | चीन |
| 17 | टेनिस | मियामी ओपन | मियामी |
| 25 | शूटिंग | ISSF शॉटगन वर्ल्ड कप | मोरक्को |
| 27 | फुटबॉल | फीफा फिनालिसिमा (स्पेन VS अर्जेंटीना) | कतर |
| 28 | चेस | फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट | साइप्रस |
| 29 | फॉर्मूला-1 | जापान ग्रां प्री | जापान |

## अप्रैल

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | फुटबॉल | AFC अंडर-20 विमिंस एशियन कप | थाईलैंड |
| 5 | टेनिस | ATP मोंटे कार्लो मास्टर्स | मोंटे कार्लो |
| 5 | शूटिंग | ISSF वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल | स्पेन |
| 7 | बैडमिंटन | एशिया चैंपियनशिप | चीन |
| 12 | फॉर्मूला-1 | बहरीन ग्रां प्री | बहरीन |
| 18 | चेस | फिडे वर्ल्ड सीनियर टीम चैंपियनशिप | अल्बानिया |
| 19 | शूटिंग | ISSF जूनियर वर्ल्ड कप | इजिप्ट |
| 19 | फॉर्मूला-1 | सऊदी अरब ग्रां प्री | सऊदी अरब |
| 21 | टेनिस | मैड्रिड ओपन | मैड्रिड |
| 24 | बैडमिंटन | थॉमस ऐंड उबर कप फाइनल्स | डेनमार्क |

## मई

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 2 | शूटिंग | ISSF शॉटगन वर्ल्ड कप | कजाखस्तान |
| 3 | चेस | रैपिड/ब्लिट्ज पोलैंड | पोलैंड |
| 3 | फॉर्मूला-1 | मियामी ग्रां प्री | मियामी |
| 5 | टेनिस | इटैलियन ओपन | रोम |
| 8 | ऐथलेटिक्स | दोहा डायमंड लीग | कतर |
| 12 | चेस | सुपरबेट क्लासिक रोमानिया | रोमानिया |
| 16 | ऐथलेटिक्स | शंघाई डायमंड लीग | चीन |
| 23 | ऐथलेटिक्स | शियामेन डायमंड लीग | चीन |
| 24 | टेनिस | फ्रेंच ओपन | फ्रांस |
| 24 | फॉर्मूला-1 | कनाडा ग्रां प्री | कनाडा |
| 24 | शूटिंग | ISSF वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल | जर्मनी |
| 25 | चेस | नॉर्वे चेस टूर्नामेंट | नॉर्वे |
| 26 | बैडमिंटन | सिंगापुर ओपन | सिंगापुर |
| 28 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड विमिंस T20I | चेम्सफोर्ड |
| 30 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड विमिंस T20I | ब्रिस्टल |
| 30 | फुटबॉल | चैंपियंस लीग फाइनल | बुडापेस्ट |
| 31 | ऐथलेटिक्स | रबात डायमंड लीग | मोरक्को |

## जून

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 2 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड विमिंस T20I | टॉन्टन |
| 2 | बैडमिंटन | इंडोनेशिया ओपन | जकार्ता |
| 4 | ऐथलेटिक्स | गोल्डन गाला | इटली |
| 7 | ऐथलेटिक्स | स्वीडन डायमंड लीग | स्वीडन |
| 7 | फॉर्मूला-1 | मोनाको ग्रां प्री | मोनाको |
| 10 | ऐथलेटिक्स | बिस्लेट गेम्स | नॉर्वे |
| 11 | फुटबॉल | फीफा वर्ल्ड कप 2026 | अमेरिका/कनाडा/मेक्सिको |
| 12 | क्रिकेट | विमिंस टी20 वर्ल्ड कप | इंग्लैंड |
| 14 | क्रिकेट | विमिंस भारत VS पाकिस्तान | बर्मिंघम |
| 14 | फॉर्मूला-1 | बार्सिलोना ग्रां प्री | बार्सिलोना |
| 14 | हॉकी | भारत VS नीदरलैंड्स (प्रो-लीग) | नीदरलैंड्स |
| 16 | शूटिंग | ISSF जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप | जर्मनी |
| 17 | हॉकी | जर्मनी VS भारत (प्रो-लीग) | नीदरलैंड्स |
| 17 | क्रिकेट | विमिंस भारत VS अघोषित | लीड्स |
| 18 | हॉकी | भारत VS जर्मनी (प्रो-लीग) | नीदरलैंड्स |
| 21 | क्रिकेट | विमिंस भारत VS साउथ अफ्रीका | मैनचेस्टर |
| 21 | हॉकी | भारत VS नीदरलैंड्स (प्रो-लीग) | नीदरलैंड्स |
| 23 | हॉकी | भारत VS पाकिस्तान (प्रो-लीग) | यूनाइटेड किंगडम |
| 25 | क्रिकेट विमिंस | भारत VS अघोषित | मैनचेस्टर |
| 26 | बैडमिंटन | एशिया जूनियर चैंपियनशिप (टीम) | जापान |
| 26 | हॉकी | भारत VS इंग्लैंड (प्रो-लीग) | यूनाइटेड किंगडम |
| 26 | हॉकी | भारत VS पाकिस्तान (प्रो-लीग) | यूनाइटेड किंगडम |
| 26 | ऐथलेटिक्स | पेरिस डायमंड लीग | फ्रांस |
| 28 | क्रिकेट | विमिंस भारत VS ऑस्ट्रेलिया | लंदन |
| 28 | फॉर्मूला-1 | ऑस्ट्रिया ग्रां प्री | ऑस्ट्रिया |
| 28 | हॉकी | भारत VS इंग्लैंड (प्रो-लीग) | यूनाइटेड किंगडम |
| 29 | टेनिस | विंबलडन | इंग्लैंड |
| 29 | चेस | रैपिड/ब्लिट्ज क्रोएशिया | क्रोएशिया |
| 30 | क्रिकेट | विमिंस टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल-1 | ओवल |
| -- | क्रिकेट | भारत-अफगानिस्तान के बीच 1 टेस्ट,3 ODI | भारत |



## जुलाई

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड T20I | डरहम |
| 1 | बैडमिंटन | एशिया जूनियर चैंपियनशिप | जापान |
| 2 | क्रिकेट | विमिंस टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल-2 | ओवल |
| 3 | शूटिंग | ISSF वर्ल्ड कप शॉटगन | इटली |
| 4 | ऐथलेटिक्स | प्रीफोन्टाइन क्लासिक | अमेरिका |
| 4 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड T20I | मैनचेस्टर |
| 5 | फॉर्मूला-1 | ग्रेट ब्रिटेन ग्रां प्री | ग्रेट ब्रिटेन |
| 5 | क्रिकेट | विमिंस टी20 वर्ल्ड कप फाइनल | लंदन |
| 7 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड T20I | नॉटिंघम |
| 9 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड T20I | ब्रिस्टल |
| 10 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड विमिंस टेस्ट | लंदन |
| 10 | ऐथलेटिक्स | मीटिंग हर्क्युलिस | मोनाको |
| 11 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड T20I | साउथैम्पटन |
| 14 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड ODI | बर्मिंघम |
| 14 | फुटबॉल | फीफा वर्ल्ड कप सेमीफाइनल-1 | अमेरिका |
| 14 | बैडमिंटन | जापान ओपन | जापान |
| 15 | फुटबॉल | फीफा वर्ल्ड कप सेमीफाइनल-2 | अमेरिका |
| 16 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड ODI | कार्डिफ |
| 18 | ऐथलेटिक्स | लंदन ऐथलेटिक्स मीट | ब्रिटेन |
| 19 | क्रिकेट | भारत VS इंग्लैंड ODI | लंदन |
| 19 | फुटबॉल | फीफा वर्ल्ड कप फाइनल | अमेरिका |
| 19 | फॉर्मूला-1 | बेल्जियम ग्रां प्री | बेल्जियम |
| 20 | शूटिंग | ISSF वर्ल्ड कप | चीन |
| 21 | बैडमिंटन | चीन ओपन | चीन |
| 26 | फॉर्मूला-1 | हंगरी ग्रां प्री | हंगरी |
| 29 | चेस | सेंट लुई रैपिड/ब्लिट्ज | अमेरिका |
| 29 | चेस | सिंकफील्ड कप | अमेरिका |
| 23-2 अगस्त | मल्टी स्पोर्ट्स | कॉमनवेल्थ गेम्स | ग्लासगो |
| -- | क्रिकेट | भारत-श्रीलंका के बीच 2 टेस्ट | श्रीलंका |

## अगस्त

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 2 | टेनिस | नैशनल बैंक ओपन | कनाडा |
| 13 | टेनिस | सिनसिनाटी ओपन | सिनसिनाटी |
| 15 | हॉकी | FIH मेंस/विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप | बेल्जियम/नीदरलैंड्स |
| 17 | बैडमिंटन | वर्ल्ड चैंपियनशिप | नई दिल्ली |
| 18 | बैडमिंटन | इंडिया जूनियर इंटरनैशनल सीरीज | हैदराबाद |
| 21 | ऐथलेटिक्स | ऐथलेटिसिमा | स्विट्जरलैंड |
| 23 | ऐथलेटिक्स | पोलैंड डायमंड लीग | पोलैंड |
| 23 | फॉर्मूला-1 | नीदरलैंड्स ग्रां प्री | नीदरलैंड्स |
| 25 | बैडमिंटन | इंडिया जूनियर इंटरनैशनल ग्रां प्री | पुणे |
| 27 | ऐथलेटिक्स | ज्यूरिख डायमंड लीग | स्विट्जरलैंड |
| 31 | टेनिस | यूएस ओपन | अमेरिका |

## सितंबर

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | बैडमिंटन | चाइना मास्टर्स | चीन |
| 4 | ऐथलेटिक्स | डायमंड लीग फाइनल्स | बेल्जियम |
| 5 | फुटबॉल | फीफा अंडर-20 विमिंस वर्ल्ड कप | पोलैंड |
| 6 | फॉर्मूला-1 | इटली ग्रां प्री | इटली |
| 12 | शूटिंग | ISSF जूनियर वर्ल्ड कप-शॉटगन | इटली |
| 13 | फॉर्मूला-1 | स्पेन ग्रां प्री | स्पेन |
| 15 | चेस | चेस ओलिंपियाड | उज्बेकिस्तान |
| 19-4 अक्टूबर | मल्टी स्पोर्ट्स | एशियन गेम्स | जापान |
| 26 | फॉर्मूला-1 | अजरबैजान ग्रां प्री | अजरबैजान |
| 30 | टेनिस | चाइना ओपन | बीजिंग |
| -- | क्रिकेट | भारत-अफगानिस्तान के बीच 3T20I | भारत |
| -- | क्रिकेट | भारत-वेस्टइंडीज के बीच 3ODI,3T20I | भारत |

## अक्टूबर

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 7 | टेनिस | ATP शंघाई मास्टर्स | शंघाई |
| 8 | शूटिंग | ISSF वर्ल्ड राइफल/पिस्टल | इजिप्ट |
| 11 | फॉर्मूला-1 | सिंगापुर ग्रां प्री | सिंगापुर |
| 12 | टेनिस | WTA वुहान ओपन | वुहान |
| 13 | बैडमिंटन | डेनमार्क ओपन | डेनमार्क |
| 20 | बैडमिंटन | फ्रेंच ओपन | पैरिस |
| 24 | बैडमिंटन | सैयद मोदी इंडिया इंटरनैशनल | लखनऊ |
| 25 | फॉर्मूला-1 | अमेरिका ग्रां प्री | अमेरिका |
| 27 | बैडमिंटन | छत्तीसगढ़ इंटरनैशनल चैलेंज | रायपुर |
| -- | क्रिकेट | भारत-न्यूजीलैंड के बीच 2 टेस्ट,3ODI,5T20I | न्यूजीलैंड |

## नवंबर

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | फॉर्मूला-1 | मेक्सिको ग्रां प्री | मेक्सिको |
| 1 | शूटिंग | ISSF वर्ल्ड चैंपियनशिप | दोहा |
| 3 | बैडमिंटन | इंडिया इंटरनैशनल चैलेंज | बेंगलुरु |
| 2 | टेनिस | पैरिस मास्टर्स | पैरिस |
| 7 | टेनिस | WTA फाइनल्स | रियाद |
| 8 | फॉर्मूला-1 | ब्राजील ग्रां प्री | ब्राजील |
| 10 | चेस | फिडे वर्ल्ड कैडेट चैंपियनशिप | जॉर्जिया |
| 15 | टेनिस | ATP फाइनल्स | इटली |
| 21 | फॉर्मूला-1 | लास वेगास ग्रां प्री | लास वेगास |
| 29 | फॉर्मूला-1 | कतर ग्रां प्री | कतर |

## दिसंबर

| तारीख | खेल | इवेंट | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 1 | बैडमिंटन | गुवाहाटी मास्टर्स | गुवाहाटी |
| 6 | फॉर्मूला-1 | अबू धाबी ग्रां प्री | अबू धाबी |
| 8 | बैडमिंटन | ओडिशा मास्टर्स | कटक |
| -- | क्रिकेट | भारत-श्रीलंका के बीच 3ODI, 3T20I | भारत |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP14 User: cci Time: 12-30-2025 21:45 Color:



> मतदाता सूची की शुद्धता और मतदाता की पहचान की प्रामाणिकता ही चुनावों की विश्वसनीयता के केंद्र में है।
> – एस. वाई. कुरैशी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

# समय लेना सही

उत्तर प्रदेश में Special Intensive Revision की तारीखों में फिर बदलाव अपेक्षित था और चुनाव आयोग ने प्रक्रिया के लिए खुद को ज्यादा समय देकर सही किया है। बिहार में हुए पहले चरण के मुकाबले इस दूसरे फेज में SIR के सामने चुनौती ज्यादा बड़ी है। आम लोगों को भी कई तरह की परेशानी आ रही है।

**पहले भी बढ़ी तारीख** | यूपी में पहले 31 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी किया जाना था। अब वह लिस्ट 6 जनवरी को आएगी और फाइनल रोल 6 मार्च 2026 को जारी किया जाएगा। इस दौरान जनता को दावे, आपत्तियां और उनके निस्तारण का मौका मिलेगा। इससे पहले SIR फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाई गई थी। ऐसा ही एक्सटेंशन तमिलनाडु, गुजरात, एमपी, छत्तीसगढ़, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह को मिला था।


SIR की तारीख बदली

**विवाद और आरोप** | तारीखों में बार-बार बदलाव से पता चलता है कि आयोग को उम्मीद से ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिहार के अनुभव से फायदा मिलने की जो उम्मीद थी, लगता नहीं कि वह पूरी हुई। लगभग हर दिन ही प्रक्रिया से जुड़ा कोई विवाद या आरोप सामने आ रहा है।

**विपक्ष की शिकायत** | एक अनुमान के मुताबिक यूपी में 2.89 करोड़ वोटर्स का नाम ड्राफ्ट रोल से कट सकता है। यह आंकड़ा बहुत बड़ा है। बिहार में पहले ड्राफ्ट रोल में 65 लाख मतदाता कम थे। विपक्ष का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन के नाम पर नागरिकता जांची जा रही है और इससे योग्य मतदाता भी नाम दर्ज नहीं करा पा रहे। इस तरह की शिकायत को केवल राजनीतिक आरोप मानकर टालना सही नहीं होगा। अगर लाखों लोगों ने फॉर्म भरकर नहीं लौटाए हैं, तो उसकी वजह भी पता चलनी चाहिए।

**सुधार की जरूरत** | SIR इस समय राजनीतिक टकराव की सबसे बड़ी वजह बना हुआ है, खासकर बंगाल में। सीएम ममता बनर्जी का आरोप है कि SIR की वजह से 60 लोगों की मौत हो चुकी है। दो दिन पहले ही एक बुजुर्ग ने आयोग के सामने सुनवाई से पहले आत्महत्या कर ली। BLO की मौत और आत्महत्या के भी कई केस आ चुके हैं। अगर किसी प्रक्रिया की वजह से आम लोगों में इस कदर डर और दबाव है कि वे मौत का रास्ता चुन रहे, तो इसका मतलब सुधार की जरूरत है।

**सिस्टम की जिम्मेदारी** | SIR का मकसद ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में भागीदारी के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। यह चुनाव आयोग पर है कि लोग मताधिकार से वंचित न हों। इसमें अगर और समय लगता है तो और सही।

## नाभि में तीर

# नेताजी की करामात


हरि मृदुल

मुंबई में जब से BMC चुनावों की घोषणा हुई है, तब से गिरगिट हैरान है। ज्यूं-ज्यूं चुनाव नजदीक आ रहे हैं, उसकी हैरानी बढ़ती जा रही है। अब तक तो उसको यही गुमान था कि रंग बदलने के हुनर में उसका कोई मुकाबला नहीं। इस क्षेत्र में उसकी मोनोपॉली है। लेकिन अब उसका यह भ्रम टूट चुका है। बड़े नेताओं को छोड़िए, गली-कूचे के छुटभैया नेता तक उसकी रंग बदलने की कला को मात दे रहे हैं। गिरगिट को पहली बार समझ में आया है कि दुनिया में उसके भी बाप मौजूद हैं!

रविवार की सुबह एक छुटभैया नेता जी ने समर्थकों के बीच घोषणा की थी कि उनकी पार्टी अब वैसी नहीं रही, जैसी कि वह थी। इसीलिए अब वह अमुक पार्टी में शामिल हो रहे हैं। समर्थकों का उनको पूरा समर्थन मिला और 'नेता जी आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारों के साथ जुलूस निकाल दिया। लेकिन यह क्या कि सोमवार को नेता जी के हाथों में एक अन्य पार्टी का झंडा दिखाई देने लगा। समर्थकों को लगा कि यह उनके विरोधियों की करामात है। AI के जमाने में कुछ भी किया जा सकता है। परंतु नेता जी के कार्यालय की नई सजावट से स्पष्ट हो गया कि यह AI की नहीं, खुद नेता जी की ही करामात है। उन्होंने फिर बदल लिया है दल। हैरत की बात यह कि मंगलवार की शाम एक बार फिर अलग हवा बह रही थी। नेता जी समर्थकों के बीच थे और खीसें निपोरकर कह रहे थे कि उन्होंने जल्दबाजी में गलत कदम उठाया। पुरानी पार्टी उनके लिए फिर से वैसी हो गई है, जैसी पहले थी!!

नेता जी के रंग बदलने को लेकर भले ही गिरगिट हैरान हो, लेकिन समर्थक एकदम कूल हैं। उन्हें पहले दिन से पता है कि नेता जी कितने बड़े कलाकार हैं। उनका एकमात्र मिशन माल कमाना है, सो कमा रहे हैं। जब नेता जी अपनी पुरानी पार्टी के प्रति विश्वास जता रहे थे, उसी समय उनका एक समर्थक दूसरे समर्थक के कान में फुसफुसा रहा था, 'इन तीन दिनों में नेता जी ने अपनी तीन पीढ़ियों के लिए माल इकट्ठा कर लिया है...।'

## एकदा

संकलन : रिकल शर्मा

# मौत के बाद महानता

फ्रांज काफ्का (1883–1924) विश्व साहित्य के उन विरले लेखकों में है, जिनका जीवन उनकी ही नजर में प्रश्नचिह्न था। प्राग में जन्मे काफ्का पेशे से बीमा अधिकारी थे। उन्हें लगता था कि उनकी रचनाएं अधूरी, अपरिपक्व और पाठकों के लिए योग्य नहीं हैं। तपेदिक से जूझते हुए जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने अपने घनिष्ठ मित्र इस्राइली लेखक, संगीतकार और पत्रकार मैक्स ब्रॉड से कहा, 'मेरी मौत के बाद मेरी सारी पांडुलिपियां जला देना। जो कुछ लिखा है, वह प्रकाशित होने योग्य नहीं है।' यह उनकी क्षणिक भावुकता नहीं थी, उन्होंने यह बात कई बार लिखित रूप में दोहराई। उनके पास 'द ट्रायल', 'द कैसल', 'अमेरिका' जैसे उपन्यासों की अधूरी पांडुलिपियां थीं, साथ ही अनेक कहानियां और डायरी अंश भी। 1924 में काफ्का की मृत्यु के बाद मैक्स ब्रॉड एक कठिन नैतिक द्वंद्व में फंस गए कि मित्र की इच्छा मानें या साहित्य के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं? आखिरकार मैक्स ने काफ्का की पांडुलिपियां नष्ट नहीं कीं, उन्हें संपादित कर प्रकाशित किया। धीरे-धीरे काफ्का का लेखन दुनिया के सामने आया। इस तरह से जिस शख्स को अपने जीवन में बहुत कम पहचान मिली थी, वह 20वीं सदी के सर्वश्रेष्ठ लेखकों में शामिल हो गया।

Subrata Dhar



### इंटरनेट क्रांति के समय देश चूक गया, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस में यह ग़लती न हो

# AI ने भारत को दिया बड़ा चांस



निमिष दुबे और आकृति राणा

iStock



**शुरुआती कदम**
- 13.03 अरब डॉलर का हुआ भारत का AI मार्केट
- बड़ी कंपनियां कर रही निवेश, गूगल बना रहा हब
- दिग्गजों से टक्कर लेने के लिए चाहिए भारतीय प्रॉडक्ट

भारतीय टेक इतिहास में 2025 को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के साल के रूप में याद रखा जाएगा। केंद्र सरकार ने पिछले साल India AI मिशन की शुरुआत की थी, जिसमें अगले 5 साल में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया था। एक साल बाद ही, 2025 में इस निवेश को दोगुना करने की बात होने लगी।

**AI का साल** | इस निवेश से देश की यूनिवर्सिटीज, startup ecosystem और अन्य संस्थानों को AI में काम आने वाले हार्डवेयर - जैसे बड़े-बड़े GPU और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। AICTE ने भी 2025 को शिक्षा में AI का साल घोषित किया। इन कदमों का लक्ष्य AI क्रांति के लिए तैयार करना ही नहीं, देश का अपना लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) भी तैयार करना है - जैसे OpenAI का ChatGPT और Google का Gemini। यह लक्ष्य तय हुआ तो भारत AI की दुनिया की महाशक्ति बन सकता है।

**बढ़ता बाजार** | 2025 में हमें इन प्रयासों के परिणाम भी दिखे। देश में AI बाजार 2024 में 9.51 अरब डॉलर था, 2025 में यह 13.03 अरब डॉलर हो गया, जो 2032 तक 130.63 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है यानी आज की तुलना में 10 गुना! एमेजॉन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी भारत के AI बाजार में अरबों डॉलर का निवेश किया है। गूगल ने AdaniConneX और एयरटेल के साथ विशाखापट्टनम में भारत का पहला बड़ा AI हब बनाना शुरू कर दिया है।

**जनता तक पहुंच** | 2025 में AI टूल्स न के बराबर कीमत में आम जनता को भी मिलने लगे। एयरटेल ने अपने सब्सक्राइबर्स को Perplexity AI की मुफ्त भेंट दी तो रिलायंस जियो ने सब्सक्राइबर्स को Google Gemini इस्तेमाल करने की खुली छूट। साल खत्म होते-होते बाजार में शायद ही कोई गैजेट AI से लैस होना बचा हो। सरकार, संस्थान, कॉरपोरेट और उपभोक्ता - किसी की भी नजर से देखिए, 2025 के इंडियन टेक वर्ल्ड में AI की धूम दिखाई देगी।

**2025 के हीरो**

**अभी बस शुरुआत** | मगर सच यही है कि देश में AI का यह शुरुआती दौर है। भारत में टेक दिग्गज पैसा जरूर लगा रहे हैं, लेकिन ध्यान देने की बात है कि इस समय AI वर्ल्ड में हमारी भूमिका वही है, जो 2000 की शुरुआत में इंटरनेट और डॉटकॉम की लोकप्रियता के समय थी यानी एक बड़े बाजार की, जिसमें काफी संसाधन कम दाम पर मिल सकते हैं।

**मौका चूक गए** | दो दशक पहले देश और उसके संस्थानों के पास मौका था कि इनोवेशन व खास प्रॉडक्ट्स के जरिये पूरे विश्व पर धाक जमाई जाए। आगे निकलने का वह मौका हाथ से निकल गया। नतीजा, भारत एक बड़ा टेक मार्केट तो है, लेकिन इस मार्केट में उसके अपने प्रॉडक्ट बहुत कम हैं।

**भरपूर क्षमता** | यही खतरा AI में भी है। भारत में निवेश तो जरूर हो रहे हैं, लेकिन हमारे पास अपना कोई बहुत बड़ा उत्पाद नहीं है। ऐसी बात नहीं है कि हममें अपना AI इकोसिस्टम और टूल्स बनाने की क्षमता नहीं। सरकार BharatGen नाम के लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर काम कर रही है। इसे भारतीय संस्कारों, सभ्यता के हिसाब से रचा जा रहा है और 22 भारतीय भाषाओं के साथ काम करेगा। इसी तरह, Krutrim और Sarvam-M जैसे LLM भी भारतीय कंपनियां बना चुकी हैं, लेकिन ये गूगल, माइक्रोसॉफ्ट या मेटा के प्रॉडक्ट्स को टक्कर नहीं दे सकते।

**अपना ही AI** | दुनिया के दिग्गजों से होड़ में अभी समय लगेगा। इसके लिए जरूरत होगी दूरदर्शिता, उचित निवेश और सधे नेतृत्व की। फटाफट पैसा कमाने की होड़ में हमारा देश एक बार टेक में लंबे वक्त का घाटा उठा चुका है। ध्यान रखना होगा कि वैसी गलती अब न हो। इस मामले में सरकार के AI सिखाने और पढ़ाने के कार्यक्रम जैसे 'Yuva AI for All' बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। भारत को अपना AI चाहिए, जो उसकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किसी भारतीय ने बनाया हो।

**पहली सीढ़ी** | इसमें दो राय नहीं कि 2025 भारत में AI का साल था, लेकिन यह अभी पहला पायदान है। 2026 में देश को AI बाजार का बादशाह बनने की लंबी यात्रा के पहले कदम उठाने होंगे। यह आसान नहीं, कई चुनौतियां हैं, लेकिन सही निर्णय और धैर्य से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो AI का अगला Generation BharatGen का होगा।

# अगर पागे नहीं होते तो G RAM G भी नहीं होता


अभिषेक मिश्र

आज VB-G RAM G पर बहस छिड़ी है। मगर देश में रोजगार की गारंटी नई बात नहीं है। 1780 में अकाल के दौरान जब लखनऊ के नवाब आसफुद्दौला बड़ा इमामबाड़ा बनवा रहे थे, तब मजदूर दिन में काम करते और नवाब साहब के लोग रात में थोड़ा हिस्सा तोड़ देते थे ताकि अगले दिन भी काम जारी रहे। यह रोजगार देकर उनकी मदद करना ही था।

**पागे ने बदला इतिहास** | आजाद भारत में रोजगार गारंटी सबसे पहले महाराष्ट्र में लागू हुई और इसके दशकों बाद पूरे देश में। इसके पीछे थे 18 साल तक महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष रहे विट्ठल सखाराम पागे। 1960 के दशक में महाराष्ट्र में अकाल पड़ा तो उन्होंने सांगली के तासगांव तालुका में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। इससे पता चला कि 700 रुपये में 15 मजदूरों को 20 दिनों तक काम दिया जा सकता है। उन्होंने तब के मुख्यमंत्री वसंतराव नाइक को पत्र लिखकर पूछा कि 700 रुपये में 15 मजदूरों की मदद हो सकती है, तो 100 करोड़ में कितनों को फायदा पहुंचेगा!

**शुरू हुआ परीक्षण** | इसके बाद राज्य के 11 गांवों में ट्रायल हुआ और जुलाई 1969 में महाराष्ट्र में रोजगार गारंटी स्कीम (EGS) की शुरुआत हुई। इसके नतीजे शानदार रहे। फिर भी केंद्र ने विरोध किया। पर पागे की विश्वसनीयता, नाइक का समर्थन और योजना आयोग के तत्कालीन उपाध्यक्ष डी आर गाडगिल की सहमति से योजना को महाराष्ट्र में आगे बढ़ाया गया।


कॉमन रूम

**प्रोफेशन टैक्स** | 1970 के दशक में राज्य में सूखा पड़ा। नाइक और पागे अकाल राहत कार्यों के लिए मदद मांगने तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के पास गए। मगर, इंदिरा ने बांग्लादेश युद्ध के बाद खराब आर्थिक स्थिति की बात कहकर मना कर दिया। तब पागे ने उन्हें शहरी वेतनभोगियों पर खास टैक्स लगाकर रकम जुटाने का सुझाव दिया। इसी से EGS के लिए प्रोफेशन टैक्स की शुरुआत हुई और राज्य में 1978 में रोजगार गारंटी अधिनियम लागू हुआ।

**EGS का अध्ययन** | महाराष्ट्र में EGS की मजदूरी मार्केट रेट से कम रखी गई, ताकि योजना का लाभ उन्हीं मजदूरों को मिले, जिनके पास काम नहीं था। इसलिए योजना का लाभ जरूरतमंदों ने ही लिया।

**तर्क-वितर्क** | मगर योजना के खिलाफ भी तर्क आए। रॉनल्ड हेरिंग्स और रेक्स एडवर्ड्स ने अपनी रिसर्च में दावा किया कि EGS को भले ही गरीबों की योजना बताया गया हो, लेकिन फायदा अमीर किसानों को हो रहा है। जवाब में अर्थशास्त्री वीएम दांडेकर और मधुसूदन दाते ने इसके फायदे गिनाए। कुल मिलाकर, EGS ने दिखाया कि सार्वजनिक कार्यों को सूखे के खिलाफ ढाल बनाया जा सकता है। भले ही राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (NAC) को मनरेगा का श्रेय दिया जाता है, लेकिन सचाई है कि पागे की योजना ही आगे चलकर EGS बनी और 2005 में मजदूरों को अस्थायी रोजगार देने के लिए मनरेगा शुरू किया गया।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# नए वर्ष की सुंदरता अपने पवित्र भाव में तलाश कर देखिए

स्वामी सुखबोधानंद

जहां प्रेम, आनंद और सौंदर्य की तरंगें लहराती हैं, वहां पवित्र भाव का अभाव नहीं होता। फिर ये तरंगें ही हमें ईश्वर से जुड़ने में मदद करती हैं। इसलिए हमें याद रखना है कि नया वर्ष तभी सजीव और अर्थपूर्ण बनेगा, जब हम अपने भीतर इन तरंगों की ऊर्जा को प्रवाहित होने देंगे।

एक सच्चा गुरु या सद्गुरु शब्दों के माध्यम से नहीं बल्कि अपनी उपस्थिति से इन तरंगों का संचार करते हैं। इसलिए श्रीकृष्ण ने अर्जुन को शब्दों से अधिक अपनी उपस्थिति के माध्यम से ज्ञान दिया। यदि वह कुरुक्षेत्र के मैदान में केवल शब्दों से अर्जुन को ज्ञान देते तो इसमें घंटों लग जाते। हो सकता है, समझाते-समझाते लंबा वक्त लग जाता है। उस समय वहां दो हृदयों के बीच हुआ संवाद था, शब्दों और समय से परे, जो श्रीकृष्ण की उपस्थिति से निकली ऊर्जा तरंगों से संपन्न हुआ।

AI Image


एक सपना शायद केवल दो मिनट का होता है, लेकिन नींद से जागने के बाद उसे बताने में एक घंटा लग सकता है।

किसी गुरु के पास जाने से पहले अपने मन को शांत करें। अपने मन के अंदर प्रेम, आनंद और सौंदर्य का भाव भरने दें। जीवन ही सबसे बड़ा गुरु और शास्त्र है, इसलिए उसके साथ सम्मान और प्रेम का व्यवहार करें। हम उस कैटरपिलर की तरह हैं, जिसे यह पता नहीं होता कि वह तितली बन सकती है। हमें भी यह बोध नहीं होता कि हम बुद्ध (ज्ञानी) बन सकते हैं।

चीन का एक बढ़ई, जिसने अपनी कला के एक से बढ़कर एक नमूने बनाए थे, उससे उसकी सफलता का रहस्य पूछा गया। उसने कहा, 'मैं किसी पेड़ के पास गहरे प्रेम और आनंद के साथ जाता हूं, उससे पूछता हूं कि क्या वह कटने के लिए तैयार है। जब मेरी अंतरात्मा किसी विशेष पेड़ के लिए 'हां' कहती है, तभी मैं हृदय में प्रार्थना लिए उस पेड़ को काटता हूं।' इसी भाव से वह अद्भुत कृतियां रच सका।

क्या हम जीवन को दिव्यता की अनुभूति के साथ जी सकते हैं? यदि हम ऐसा कर पाएं, तो हमारे लिए नया वर्ष ऐसी सुंदरता और गहराई से भर जाएगा, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं होगा।

## कांटे की बात

बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर और देश में लोकतंत्र की स्थापना के संघर्ष में खालिदा जिया की भूमिका अहम रही। उनका निधन बांग्लादेश की राजनीति और BNP के लिए बड़ी क्षति है।


**शेख हसीना**, *पूर्व प्रधानमंत्री, बांग्लादेश*

## छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

# सेहत को रोज़गार से जोड़ा, तो आया बदलाव

*तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले की सिट्टिलिंगी घाटी में स्वास्थ्य को देखने का नजरिया आम अस्पतालों से बिल्कुल अलग है। यहां इलाज सिर्फ दवा तक सीमित नहीं - यह खेती, खान-पान और रोजगार से जुड़ा है। बदलाव की यह कहानी शुरू हुई थी साल 1993 में।*

AI Image


### ऑर्गैनिक खेती से सुधरा लाइफस्टाइल

**डॉ. रेगी** जॉर्ज और डॉ. ललिता रेगी लगभग तीन दशक पहले जब इस घाटी में पहुंचे, तो बड़ी आबादी बीमारी की चपेट में थी और वजह थी अनहेल्दी लाइफस्टाइल। रोजगार की तलाश में लोग बाहर जाते, वहां खराब परिस्थितियों में रहते और बीमारी लेकर लौटते। डॉक्टर दंपती ने स्थानीय लोगों को ऑर्गैनिक खेती के लिए प्रेरित किया।

### किसान अपनी कंपनी से हुए आत्मनिर्भर

**शुरुआत में** केवल 4 किसान आगे आए थे। आज सिट्टिलिंगी की अपनी कंपनी है - SOFA, जिसका टर्नओवर 3 करोड़ है। पैसा आया, पलायन रुका, जीवनस्तर सुधरा और बीमारियां दूर हुईं। पोरगई नाम का समूह महिलाओं को सिलाई-बुनाई की ट्रेनिंग देता है। इससे आर्थिक आत्मनिर्भरता आई।

जनता जंक्शन — इरफान




# हमें कोई कुछ भी बेच सकता है, प्रदूषण भी


रमेश तिवारी

कार खरीदने का इससे 'बेहतरीन वक्त' हो सकता है क्या? GST में कटौती है ही, ईयर-एंड डिस्काउंट भी है। ये आकर्षक ऑफर तब हैं, जब प्रदूषण चरम पर है। इससे पहले फेस्टिवल सीजन में गाड़ियों की रेकॉर्ड बिक्री हुई। कार ही क्या, हर ई-कॉमर्स साइट पर सेल चल रही है। दिन-रात हर घर कुछ न कुछ पहुंच रहा है। इस समय कोई हमें कुछ भी बेच सकता है। क्यों? क्योंकि हमें पता ही नहीं है कि हमें असल में चाहिए क्या।

### इंडस्ट्री की क्या गलती?

हम सभी चाहते हैं कि प्रदूषण पर नियंत्रण हो। लेकिन हम अक्सर यही ढूंढ रहे होते हैं कि इसके लिए किसे दोषी ठहराएं। पहले तो पराली पर उंगली उठी। पराली का मौसम खत्म होते ही प्रदूषण में स्पष्ट कमी आ जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कभी निर्माण कार्य को दोषी ठहराया जाता है, कभी तंदूर को, कभी डीजल जनरेटर को, तो कभी गाड़ियों को। इन सभी कारणों में सच्चाई के अंश हैं, लेकिन कहीं हम एक ज्यादा गहरी और जटिल समस्या को बहुत सतही ढंग से तो नहीं देख रहे।

हमें यह भरोसा दिलाया जाता है कि अब BS-6 वर्जन आ चुका है, जिससे कम प्रदूषण फैलता है। जब सड़कों पर गाड़ियों की संख्या ही बेतहाशा बढ़ रही हो, तो उत्सर्जन मानकों में मामूली सुधार ऊंट के मुंह में जीरे जैसा ही है। यहां सभी को कार के लिए उकसाया जा रहा है, जबकि चीन में कार लॉटरी से मिलती है।

AI Image



इलेक्ट्रिक गाड़ियों को मानो किसी चमत्कारी समाधान की तरह पेश किया जा रहा है। तकनीकी प्रगति आवश्यक है, लेकिन ये कभी भी विवेक की जगह नहीं ले सकता। शासन और नीतियों में बदलाव अहम हैं, लेकिन सरकारें संस्कारों से भी नियंत्रित होती हैं। इंडस्ट्री को अक्सर जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन मांग तो हम पैदा करते हैं, उपभोक्ता बनकर।

हम उपभोक्तावाद के उस दौर में जी रहे हैं, जहां हम खुद नहीं जानते कि हमें वास्तव में क्या चाहिए। बाजार हमें बताता है कि हमें क्या चाहिए। एक तरफ अधिक से अधिक उत्पाद बनाए जा रहे हैं, दूसरी तरफ अहसास कराया जा रहा है कि ये प्रॉडक्ट हमारे सुख, पहचान और सामाजिक हैसियत के लिए जरूरी हैं। नतीजतन हम ऐसी चीजें खरीद लेते हैं, जिनका हम शायद ही कभी उपयोग करते हैं। अपने किचन में झांकिए। वॉर्डरोब में कपड़े देखिए। नया फोन देखिए। यही मानसिकता आगे चलकर जरूरत न होने पर भी एक से ज्यादा घर, गाड़ियां और लगातार अपग्रेड करने की प्रवृत्ति में बदल जाती है। ये सब हमारे भीतर के खालीपन के प्रतीक हैं।

### जरूरत या चाहत?

कोई कह सकता है कि डिमांड से अर्थव्यवस्था को लाभ होता है। जरा सूक्ष्मता से गहराई से सोचकर देखिएगा, ये लाभ कहीं सिर्फ अरबपतियों को खरबपति तो नहीं बना रहा? बात विकास या सुविधा के खिलाफ नहीं है। असली चुनौती जरूरत और चाहत के बीच फर्क समझने की है। हमारे लिए सबसे जरूरी क्या है? हमारा अस्तित्व, जो अभी दांव पर है। चाहत वह है जो तुलना, ट्रेंड और दिखावे से जन्म ले। जब यह फर्क मिट जाता है, तो उपभोग की कोई सीमा नहीं रहती। किसी बंदिश का विरोध देख राजनीतिक वर्ग और इंडस्ट्री को लगता है कि हमारे लिए उपभोग बड़ा मुद्दा है, प्रदूषण नहीं। प्रदूषण पर नियंत्रण केवल नियमों, ईंधन या तकनीक से संभव नहीं है। इसके लिए संयम भी चाहिए। हमारी चेतना जागे तो कोई सरकार सो नहीं पाएगी, इंडस्ट्री हमें प्रॉडक्ट की तरह नहीं देख पाएगी।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### सराहनीय कदम

30 दिसंबर का संपादकीय 'संतुलन की जरूरत' पढ़ा। सुप्रीम कोर्ट ने अरावली के मामले पर पुनर्विचार की जो पहल की, वह सराहनीय है। दरअसल अरावली पर्वतमाला को परिभाषित करने का प्रश्न पर्यावरण से जुड़ा गंभीर मसला है। इसे बेहद संवेदनशीलता से बरतने की जरूरत है। हल्की सी चूक का विनाशकारी नतीजा लोगों को लंबे समय तक भुगतना पड़ सकता है। वैसे भी हम पर्यावरण का बुरा हाल कर बैठे हैं। विकास के नाम पर पर्यावरण का दोहन हो रहा है। उम्मीद है कि अदालत इस मुद्दे पर आखिरकार संतुलित नजरिया अपनाएगी।

पैथर तोमर, किशन गंज

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 2 Page: NBTNDP15 User: arvind.kumar Time: 12-30-2025 23:51 Color:



## 6 जनवरी को आएगी SIR की ड्राफ्ट लिस्ट

■ पीटीआई, लखनऊ: प्रदेश में चल रही SIR कार्यक्रम में चुनाव आयोग ने बदलाव किया है। अब प्रदेश की ड्राफ्ट मतदाता सूची 6 जनवरी 2026 को जारी की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी से 6 फरवरी तक मतदाता सूची को लेकर दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। इस दौरान मतदाता अपने नाम जोड़ने, हटाने या सुधार से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने आम लोगों से अपील की है कि वे तय समय के भीतर अपनी मतदाता जानकारी की जांच जरूर करें, ताकि किसी भी तरह की गलती को समय रहते सुधारा जा सके।

## मेरठ में पशु हत्या का आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मेरठ: सरूरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पशु हत्या में वांछित बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि एक अन्य आरोपी भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार बदमाश के पास से हथियार और पशु हत्या के औजार बरामद हुए। सरूरपुर थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि दो दिन पहले बदमाशों द्वारा खिवाई के जंगल में पशु हत्या की गई थी। जांच के दौरान घटना में खिवाई निवासी एहसान और उसके साथियों के नाम सामने आए थे। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

## मेट्रो रेल यार्ड से चोरी, चौकीदार निकले चोर

■ NBT न्यूज, मेरठ: दौराला थाना क्षेत्र स्थित मेट्रो रेल यार्ड में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने मेट्रो रेल यार्ड में काम करने वाले चार चौकीदारों सहित पांच को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सारा सामान और चोरी में इस्तेमाल की गई दो गाड़ियां बरामद की गई। चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी सहित दो अन्य फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

बताते हैं सिवाया गांव में मेट्रो रेल यार्ड है। सोमवार को यार्ड के ठेकेदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बदमाशों ने रेल यार्ड से लाखों का सामान चोरी कर लिया है।

# मथुरा में सनी लियोनी का शो रद्द, विरोध के बाद लिया गया फैसला

### होटल मालिक ने विडियो जारी कर दी कार्यक्रम रद्द होने की जानकारी

■ NBT न्यूज, मथुरा

AI Image



मथुरा में नए साल के आगाज पर होने वाला अभिनेत्री सनी लियोनी के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। साधु-संत और सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद आयोजकों ने यह फैसला लिया। आयोजकों ने सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर कार्यक्रम रद्द होने की जानकारी दी। जिसके बाद कार्यक्रम का विरोध भी शांत हो गया। दरअसल, एक जनवरी को शहर के मंडी चौराहे के नजदीक स्थित ट्रंक होटल में डीजे नाइट्स में अभिनेत्री सनी लियोनी के आने का कार्यक्रम प्रस्तावित था। होटल मैनेजमेंट इसकी तैयारियों में जुटा था। एक जनवरी रात 9 बजे सनी लियोनी की डीजे परफॉर्मेंस होनी थी। इसके लिए आयोजकों द्वारा 300 दर्शकों के आने की व्यवस्थाएं की जा रही थी। डीजे नाइट्स के लिए एंट्री फीस 20 हजार रुपए से दो लाख रुपए तक तय की गई थी, जो चार कैटेगरी में थी। सनी लियोनी के नए साल पर मथुरा में डीजे नाइट्स की चर्चाएं तेजी से फैली तो साधु-संतों ने फूहड़ और अश्लीलता भरे आयोजन के विरोध में आवाज उठाई। फलाहारी दिनेश महाराज ने भी कई साधु-संतों को साथ लेकर डीएम से मुलाकात की और आयोजन के विरोध में ज्ञापन सौंपा। इसी तरह सामाजिक संगठन हिंदू जन जागृति समिति ने भी विरोध दर्ज कराते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा। बढ़ते विरोध के बीच सोमवार देर शाम होटल प्रबंधन ने सनी लियोनी के कार्यक्रम के कैंसल होने की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की। कार्यक्रम के कैंसल होने की जानकारी देते हुए होटल मालिक मिथुल पाठक ने बताया कि हम साधु-संत और ब्रजवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और इसी वजह से हमारे द्वारा कार्यक्रम कैंसल कर दिया गया। सनी लियोनी के डीजे नाइट्स कार्यक्रम के रद्द होने के बाद साधु-संतों का विरोध भी शांत हो गया।

**DJ नाइट्स के लिए होटल में 300 लोगों की व्यवस्था थी।**

- साधु-संत और सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद आयोजकों ने लिया यह फैसला।
- एक जनवरी रात 9 बजे सनी लियोनी की ट्रंक होटल में डीजे परफॉर्मेंस होनी थी।
- डीजे नाइट्स के लिए एंट्री फीस 20 हजार रुपए से दो लाख रुपए तक थी।

# बरेली कैफे: छात्रा का सवाल, क्या धर्म देखकर दोस्त चुनूं?

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/बरेली

AI Image



बरेली के एक डेन कैफे में छात्रा की बर्थडे पार्टी के दौरान हुई मारपीट और तोड़फोड़ ने एक नया मोड़ ले लिया। छात्रा ने सवाल उठाया और कहा कि क्या मुझे अपने दोस्तों का चुनाव धर्म के आधार पर करना चाहिए।

इस मामले के मुख्य आरोपी और बजरंग दल के पूर्व नेता ऋषभ ठाकुर ने पुलिस की कार्रवाई तेज होने के बाद सोशल मीडिया पर एक विडियो जारी किया। विडियो में आरोपी भगवा गमछा डाले नजर आ रहा है। आरोपी ने कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया। उसका दावा है कि उसने केवल दूसरे समुदाय के लड़कों के साथ लड़की को देखकर विरोध किया था। साथ ही उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कार्रवाई की गुहार भी लगाई।

इस बीच ऋषभ ठाकुर की एक रील भी वायरल हो रही है, जिसमें पुलिस को धमकाने वाला गाना बज रहा है। रील में वह हंसते हुए माला पहनता दिखाई दे रहा है। पुलिस का कहना है कि यह विडियो जांच का हिस्सा है।

ऋषभ ठाकुर ने पूरे मामले को 'लव जिहाद' से जोड़ते हुए कहा है कि कैफे में मुस्लिम युवक ने बुक कराया था और उसने अपने छह मुस्लिम दोस्तों को बुलाया था, जबकि चार हिंदू छात्राएं भी पार्टी में शामिल थीं।

उधर, सुभाष नगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि ऋषभ ठाकुर को अगस्त में ही जिला बदर किया जा चुका है। उस पर चोरी और जानलेवा हमले समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल वह फरार है।

- सुभाष नगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर पर चोरी और जानलेवा हमले समेत कई मुकदमा दर्ज है।

### मुख्य आरोपी जल्द होगा अरेस्ट: पुलिस

कैफे संचालक की शिकायत पर ऋषभ ठाकुर, दीपक पाठक समेत 20-25 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने जांच के बाद प्रिंस सिंह, आकाश, आशीष उर्फ पवन जौहरी, मृदुल उर्फ मनीष दुबे और दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। एक नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। बजरंग दल के बरेली महानगर संयोजक केवलानंद मौर्य पहले ही साफ कर चुके हैं कि ऋषभ ठाकुर का संगठन से कोई लेना-देना नहीं है और उसे 14 दिसंबर को संगठन से निकाल दिया गया था। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर की तलाश जारी है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संभल में कब्रिस्तान की ज़मीन की नपाई, अवैध कब्ज़े का था आरोप

### जामा मस्जिद से सटा है कब्रिस्तान, 500 पुलिस वाले तैनात

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/संभल

File



शुरुआती जांच में कब्रिस्तान के ढाई बीघा जमीन पर अवैध कब्जा मिला है।

संभल में जामा मस्जिद के बगल में बने कब्रिस्तान में अवैध कब्जों की शिकायत पर प्रशासन ने मंगलवार को नपाई कराई। शुरुआती जांच में कब्रिस्तान के ढाई बीघा जमीन पर अवैध कब्जा मिला है। जिसपर 22 मकान और दुकानें बनी हैं। डीएम संभल राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि सभी कब्जाधारकों को नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज मांगे जाएंगे। दस्तावेज नहीं देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब तीन महीने का वक्त लग सकता है।

दरअसल, श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के राष्ट्रीय संयोजक और वकील सुभाष त्यागी ने 12 दिसंबर को डीएम से की शिकायत में कहा था कि 1980 में इस जमीन पर टीला था। 20 से 25 साल में कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान और दुकान बना दिए गए। आरोप लगाया था कि 24 नवंबर, 2024 को संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में भीड़ ने इन्हीं मकानों की छतों से पथराव और फायरिंग की थी। इसके बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए थे। मंगलवार को करीब साढ़े तीन घंटे तक चार कानूनगो और 22 लेखपाल ने नपाई की। इलाके को छावनी में बदल दिया गया। पीएसी, आरआरएफ और पुलिस के 500 जवान तैनात रहे। ड्रोन से निगरानी की गई। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कब्रिस्तान के एक हिस्से पर अवैध कब्जा है। उनके कागजात मांगे गए हैं। अगर ये सही नहीं पाए गए तो बुलडोजर ऐक्शन किया जाएगा। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि कब्जा 60 से 65 साल पुराना है। अब यह मामला धारा 67 के तहत कोर्ट में चलेगा।

## नकली इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम बनाने वाले पांच गिरफ्तार

NBT



अरेस्ट युवकों को ले जाती पुलिस।

■ NBT न्यूज, मेरठ: मेरठ में पुलिस ने मंगलवार को नामचीन कंपनियों के नकली इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम बनाकर बेचने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा किया। साथ ही पांच बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में नकली इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम बरामद किए। एसएसपी विपिन ताडा ने मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि लिसाड़ी गेट पुलिस ने किराए के मकान में नकली इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम बना रहे अंतर्राज्यीय गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में बजाज, ओरिएंट नकली आइटम मिले।

# दरोगा ने कार सवार से की बदसलूकी, लाइन हाज़िर

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/अलीगढ़

AI Image



मेरठ में जाम की वजह से रास्ता न मिलने से खफा महिला दरोगा ने कार में बैठे कपल से गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि विरोध करने पर धमकी दी और कहा कि पुलिस की वर्दी पहन के खड़ी हूं, दरोगा हूं, मुंह में पेशाब कर दूंगी। गाड़ी नहीं हटाई तो बेल्ट से पीटूंगी। विडियो सामने आने के बाद मेरठ के एसएसपी की रिपोर्ट पर अलीगढ़ एसएसपी ने महिला दरोगा रत्ना राठी को लाइन हाजिर किया। दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए।

अलीगढ़ और मेरठ पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि दरोगा सरकारी काम का बहाना बनाकर मुजफ्फरनगर गई थी। वहां से दोस्तों के साथ मेरठ के आबूलेन मार्केट में शॉपिंग करने चली गई। मार्केट में उनकी कार जाम में फंस गई। दरोगा की कार के सामने एक अन्य कार खड़ी थी। इस पर दोरगा गुस्सा हो गई। पहले गालियां दीं। फिर कार सवार कपल के साथ अभद्रता और मारपीट की। पुलिस की जांच में पता चला कि जिस कार में दरोगा सवार थी उसपर पहले से ही 14 चालान थे।

### दरोगा ने कहा, गाड़ी नहीं हटाई तो पीटूंगी

आरोप है कि दरोगा ने कार सवार को धमकी दी और कहा कि पुलिस की वर्दी पहन के खड़ी हू, दरोगा हू, मुंह में पेशाब कर दूंगी। गाड़ी नहीं हटाई तो बेल्ट से पीटूंगी। विडियो सामने आने के बाद मेरठ के एसएसपी की रिपोर्ट पर अलीगढ़ एसएसपी ने महिला दरोगा रत्ना राठी को लाइन हाजिर किया।

## ट्रेन की चपेट में आकर आदमखोर तेंदुए की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/अमरोहा: अमरोहा के गजरौला में दहशत का कारण बने तेंदुए की मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। फिलहाल ट्रेन से कटने की बात सामने आ रही है। वन विभाग के मुताबिक यह तेंदुआ लंबे समय से लोगों के लिए खतरा बना हुआ था। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह तेंदुए का शव देखकर सूचना वन विभाग को दी। सिहाली जागीर वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर वन रेंज कार्यालय ले गई। वन रेंज की टीम ने बताया कि तेंदुए के शरीर पर बाहरी चोट के कोई निशान नहीं थे, केवल नाक से खून आ रहा था।

**वन विभाग ने कहा कि तेंदुआ लोगों के लिए खतरा बना हुआ था।**

---

www.et.nbt.in

## THE ECONOMIC TIMES

### फटाफट खबरें

#### Blinkit के CFO ने दिया इस्तीफा

■ पीटीआई, नई दिल्ली: क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट के चीफ फाइनेंशल ऑफिसर (CFO) विपिन कपूरिया ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कंपनी जॉइन करने के करीब एक साल बाद पद छोड़ दिया है। हालांकि इस्तीफे को लेकर न तो ब्लिंकिट और न ही उसकी पैरंट कंपनी की ओर से कोई बयान जारी किया गया है।

#### शेयर बाजार मामूली नुकसान के साथ बंद

■ भाषा, मुंबई: साल की समाप्ति से पहले मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन गिरावट में रहा। सेंसेक्स 20.46 अंक यानी 0.02 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी लगभग सपाट रहा। निफ्टी 3.25 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ।

#### गूगल यूजर्स बदल सकेंगे जीमेल ऐड्रेस

■ पीटीआई, नई दिल्ली: गूगल यूजर्स के लिए राहत की खबर है। अब वे अपना @gmail.com वाला जीमेल आईडी बदल सकते हैं, वह भी बिना पुराना डेटा खोए। गूगल ने यह फीचर धीरे-धीरे सभी यूजर्स के लिए शुरू करना शुरू कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, नया जीमेल आईडी बनाने पर पुराने अकाउंट का पूरा डेटा सुरक्षित रहेगा।

#### ह्यूंदै ने लॉन्च की नई रेंज- प्राइम टैक्सी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: ह्यूंदै ने मंगलवार को कमर्शल मोबिलिटी सेगमेंट में एंट्री की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, प्राइम टैक्सी रेंज को फ्लीट ऑपरेटरों और टैक्सी उद्यमियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस रेंज में प्राइम HB (हैचबैक) और प्राइम SD (सेडान) शामिल हैं।

# आखिरी दिन, निपटा लें ये काम

**आज वित्तीय मामलों से जुड़ी तीन बेहद जरूरी डेडलाइन खत्म हो रही है। इनका आपको खास ध्यान रखना होगा। इनके साथ ही यहां उन बदलावों के बारे में भी बता रहे हैं, जो जनवरी महीने में देखने को मिल सकते हैं।**

**1. आज जरूर फाइल करें ITR:** 2025-26 के लिए रिवाइज्ड रिटर्न भरने का आज आखिरी दिन है। इसके बाद आप अपनी तरफ से रिटर्न में कोई बदलाव नहीं कर पाएंगे। 31 दिसंबर के बाद रिटर्न भरने के लिए आपको अपडेटेड रिटर्न का सहारा लेना होगा। आपको यह काफी महंगा पड़ सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इसके बाद 12 महीने के भीतर रिटर्न फाइल करने पर कुल टैक्स का 25% एक्स्ट्रा जुर्माना लगेगा। 24 महीने के भीतर रिटर्न जमा करने पर 50% एक्स्ट्रा जुर्माना लगेगा।



**2. पैन को आधार से लिंक कराना जरूरी:** वित्तीय नियामकों ने साफ कर दिया है कि पैन और आधार को लिंक करना जरूरी है। पैन को आधार से लिंक कराने का आज आखिरी दिन है। अगर आपने अभी तक यह प्रोसेस पूरा नहीं किया है तो 1 जनवरी 2026 से आपको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लिंक न होने की हालत में आपका पैन काम करना बंद कर सकता है। इससे बैंक खाता खोलने में दिक्कत हो सकती है।



**3. स्मॉल सेविंग्स स्कीम के रेट में चेंज मुमकिन**

पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना और एनएससी जैसी छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों के लिए भी आज का दिन अहम है। हाल ही में रिजर्व बैंक ने रीपो रेट में कटौती की है, जिसके बाद संभावना है कि सरकार 1 जनवरी से स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव कर सकती है। ऐसे में अगर आप मौजूदा ब्याज दरों पर निवेश करना चाहते हैं तो आज ही फैसला लेना फायदेमंद हो सकता है।



### इन तारीखों का भी रहे ध्यान

**1. कंपनियों को राहत, रिटर्न की तारीख बढ़ी:** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय विवरण और सालाना रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा बढ़ा दी है। अब कंपनियां यह फाइलिंग 31 जनवरी 2026 तक कर सकेंगी। यह राहत कंपनी कानून के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 से जुड़ी सालाना फाइलिंग के लिए दी गई है। पहले इसकी अंतिम तारीख 31 दिसंबर थी।





**2. जनरल टिकट खरीदने पर छूट:** रेल मंत्रालय डिजिटल टिकट बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है। मंत्रालय ने फैसला लिया है कि 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन ऐप के जरिए जनरल टिकट खरीदने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट किसी भी डिजिटल भुगतान के जरिए से टिकट बुक करने पर मिलेगी।





**3. CNG, PNG कीमतों में कटौती मुमकिन**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम बनाया था। यह नया ढांचा 1 जनवरी, 2026 से लागू होने वाला है। इस फैसले का असर सीएनजी और पीएनजी की कीमतों पर पड़ सकता है। सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में कमी की जा सकती है।



# विकसित भारत का लक्ष्य अब पूरे देश की चाहत: PM मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि साल 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य अब सिर्फ सरकार का विजन नहीं, बल्कि पूरे देश की सामूहिक चाहत बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश की लंबे समय तक तरक्की को बनाए रखने के लिए हर सेक्टर में रिफॉर्म्स पर जी-जान से जुटना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने ये बातें नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ हुई बैठक में कहीं।

नीति आयोग में हुई इस बैठक का विषय 'आत्मनिर्भरता और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स: विकसित भारत के लिए एजेंडा' था। बैठक में प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत की यात्रा के अहम पिलर्स पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना अब सरकारी नीति से आगे बढ़कर लोगों की चाहत बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव शिक्षा, उपभोग और ग्लोबल मोबिलिटी के पैटर्न में साफ नजर आ रहा है। इसके चलते संस्थागत क्षमता बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग पर तेजी से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों में बेहतर जीवन की उम्मीद बढ़ी है और इन जरूरतों को पूरा करने के लिए हर स्तर पर पूरी ताकत लगानी होगी। कैपेबिलिटी बढ़ाने और दुनिया के साथ बेहतर एकीकरण के लिए रिफॉर्म्स को मिशन मोड में लागू करने पर जोर दिया।

**पीएम ने अर्थशास्त्रियों के साथ नीति आयोग में बैठक की**

### मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने पर सुझाव

बैठक में मौजूद अर्थशास्त्रियों ने मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर सुझाव दिए। परिवारों की ज्यादा बचत, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक टेक्नॉलजी को अपनाकर ढांचागत बदलाव तेज करने पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कई सेक्टरों को जोड़ते हुए उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## भारत चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी: सरकारी रिपोर्ट

■ भाषा, नई दिल्ली: भारत ने एक और बड़ी आर्थिक उपलब्धि हासिल की है। 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की इकॉनमी के साथ भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। सरकार की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक भारत लगातार मजबूत आर्थिक ग्रोथ के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है।

मौजूदा रफ्तार को देखते हुए भारत के 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की उम्मीद जताई गई है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की असल जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। यह ग्रोथ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में दर्ज 7.8 फीसदी और पिछले वित्त साल की चौथी तिमाही की 7.4 फीसदी ग्रोथ से भी ज्यादा है।

**भारत की GDP 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंची**

# क्रेडिट बाज़ार में गोल्ड लोन की चमक, 3 साल में करीब 4 गुना बढ़ोतरी: रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



पिछले कुछ सालों में भारत के लेंडिंग सेक्टर में गोल्ड लोन सबसे तेजी से बढ़ने वाले और मजबूत क्रेडिट सेगमेंट के रूप में उभरे हैं। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, जहां एक ओर अनसिक्योर्ड रिटेल लोन और डिजिटल लेंडिंग पर ज्यादा चर्चा रही, वहीं गोल्ड लोन में चुपचाप बड़ी ग्रोथ देखने को मिली है। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की बीएफएसआई कॉन्फ्रेंस 2025 में एक्सपर्ट्स द्वारा साझा किए गए आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 3 साल में गोल्ड लोन का आकार करीब 4 गुना तक बढ़ गया है। इस बढ़ोतरी के पीछे सोने की कीमतों में तेजी, औसत लोन अमाउंट का बढ़ना और सेमी अर्बन व ग्रामीण इलाकों से लगातार बनी मांग को अहम वजह माना गया है।

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि अब 60 फीसदी से ज्यादा नए रिटेल लोन सेमी अर्बन और ग्रामीण इलाकों से आ रहे हैं। इन इलाकों में सोना आज भी सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य और आसानी से कैश में बदला जा सकने वाला सिक्योर विकल्प माना जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सेमी अर्बन और ग्रामीण इलाकों में डिफॉल्ट का रिस्क तुलनात्मक रूप से ज्यादा रहता है। इन बाजारों में अनसिक्योर्ड लोन की तुलना में गोल्ड लोन को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि इनमें पैसा जल्दी मिल जाता है, रीपेमेंट में लचीलापन होता है और ब्याज दर भी कम पड़ती है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2025 में गोल्ड जूलरी के बदले लोन की बकाया रकम सालाना आधार पर 128.5 फीसदी बढ़कर 3.38 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। इस तरह गोल्ड लोन रिटेल क्रेडिट का सबसे चौंकाने वाला और उभरता हुआ सेगमेंट बन गया है।

# टैरिफ के तूफान में FTA को बनाया हथियार, 2026 में निर्यातकों को और सपोर्ट की ज़रूरत

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

AI Image





■ नई दिल्ली: पश्चिम एशिया में तनाव सहित वैश्विक अनिश्चितता के बीच एक्सपोर्ट में गिरावट के साथ साल 2025 की शुरुआत हुई और फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ बम ने माहौल और खराब कर दिया। हालांकि निर्यातकों ने 50% अमेरिकी टैरिफ की चुनौती का बखूबी सामना किया। केंद्र सरकार ने भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स के जरिए ज्यादा देशों में निर्यात का दायरा बढ़ाने पर जोर लगाया और इस साल नवंबर तक गुड्स एक्सपोर्ट 407 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया और यह साल 2024 का 443 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने के रास्ते पर है।

निर्यातकों का कहना है कि नए साल में एक्सपोर्ट की रफ्तार बढ़ाने के लिए लागत सहित कई मोर्चों पर सरकार के सपोर्ट की जरूरत होगी। वहीं, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन से व्यापार समझौतों पर बातचीत को अंजाम तक ले जाना भी अहम होगा।

**दिखाया दम:** बांग्लादेश, चीन, वियतनाम, कंबोडिया, फिलीपींस और दूसरे दक्षिण एशियाई देशों पर कम टैरिफ के चलते उनकी चीजों के मुकाबले भारतीय माल अमेरिका में 35% तक महंगा हो गया। सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका को निर्यात में कमी भी आई, लेकिन नवंबर में यह 22.61% बढ़कर 6.98 बिलियन डॉलर रहा। वहीं, नवंबर में भारत से टोटल गुड्स एक्सपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 19.38% बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया।

**बढ़ाया दायरा:** टैरिफ के झटके के बीच भारत ने ट्रेड डायवर्सिफिकेशन पर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल की अगुवाई में इस साल ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ FTA साइन किए गए। इजरायल के साथ FTA पर बातचीत की शर्तें तय हुईं। स्विट्जरलैंड सहित 4 देशों के ग्रुप EFTA के साथ ट्रेड डील अक्टूबर में लागू हो गई।

### क्या है चुनौतियां?

भारत के सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते और यूरोपियन यूनियन से FTA पर बातचीत को अंजाम पर ले जाने की चुनौती नए साल में है। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी देशों के मुकाबले हम पर ज्यादा अमेरिकी टैरिफ के चलते हम 15-25% तक डिस्काउंट दे रहे हैं ताकि अमेरिकी खरीदार हमसे जुड़े रहें। डायवर्सिफिकेशन की कोशिशों से मदद मिली है लेकिन नए बाजारों में पकड़ बनाने में समय लगता है। भारत का एक्सपोर्ट आउटलुक पॉजिटिव बना हुआ है लेकिन चुनौतियों से निपटने का रास्ता निकालना होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: cci Time: 12-30-2025 22:47 Color:



## NBT AI टाइम मशीन
### जब WHO ने माना चीन से फैला कोविड

आज ही के दिन 2019 में WHO ने माना कि चीन के वुहान में वायरल निमोनिया फैल रहा है। बाद में इसी निमोनिया को कोविड-19 का नाम दिया गया। मई 2022 में WHO ने दावा किया कि भारत में 47 लाख लोगों की कोरोना से मौत हुई, जबकि भारत ने इसका खंडन करते हुए कहा कि मरने वालों की संख्या महज 5,23,975 है।


# NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर बुधवार, 31 दिसंबर 2025


### लक्षण आने से पहले पता चलेगी बीमारी

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में कोविड-19 जैसे वायरस की पहचान शरीर में मौजूद नैनो-सेंसर और AI हेल्थ सिस्टम से लक्षण आने के पहले ही हो जाएगी। हवा, सांस और वातावरण को स्कैन करने वाली तकनीक वायरस की तुरंत जानकारी देगी। यूनिवर्सल वैक्सीन और जीन-एडिटिंग से इंसानों की इम्युनिटी पहले से मजबूत होगी। स्मार्ट मास्क, बायो-सर्विलांस और AI मॉडल महामारी फैलने से पहले ही उसे रोक देंगे।


AI Image

## SPEED News

### पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने



अपने भतीजे से बेटी का निकाह कराया है। पाकिस्तानी पत्रकारों ने इसकी पुष्टि की है।



### ईरानी मुद्रा में रेकॉर्ड गिरावट के बाद प्रदर्शन,

डॉलर के मुकाबले ईरानी मुद्रा निचले स्तर पर पहुंची। सेंट्रल बैंक प्रमुख रजा फरजीन ने इस्तीफा दिया।

### इस्राइल ने गाज़ा में काम कर रहे मानवीय

संगठनों पर बैन लगाया। इस्राइल ने डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स पर हमास से संबंध का आरोप लगाया है।





### सऊदी अरब ने यमन पर एयरस्ट्राइक कर

अलगाववादी गुट के लिए लाई गई हथियारों की खेप को निशाना बनाने का दावा किया। दोनों देशों के रिश्तों में तनाव।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बांग्लादेश की पहली महिला पीएम खालिदा जिया नहीं रहीं। वह पहली बार कब प्रधानमंत्री बनी थीं?
A. 1991 B. 1996 C. 2006

2. सलमान खान की आने वाली कौन सी मूवी को लेकर चीन की मीडिया ने ऐतराज जताया है?
A. ऑपरेशन सिंदूर B. बैटल ऑफ LAC C. बैटल ऑफ गलवान

3. VB-G RAM G के खिलाफ किस राज्य की विधानसभा ने प्रस्ताव पास किया है?
A. केरल B. पंजाब C. गोवा

4. भारत सरकार ने बताया है कि इंडियन इकॉनमी चौथे नंबर पर आ गई है। इनमें से किस देश को पीछे छोड़ा?
A. चीन B. जापान C. ब्रिटेन

5. गृह मंत्रालय ने NIA प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार किसे सौंपा है?
A. अनुज चौधरी
B. तरुण गाबा
C. राकेश अग्रवाल

### कल के जवाब

A1 C. बिहार A2 A. ओमान A3 A. 79 हजार करोड़ A4 B. 6.7% A5 C. 966

### लकी विनर्स



1. सतीश गौड़, नई दिल्ली
2. अंशुल चौधरी, ग्रेटर नोएडा
3. वारिस अली खान, लखनऊ

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

इस साल देश को नई दिशा देने वाले कुछ नाम मिसाल बनकर उभरे हैं। गहन मंथन के बाद NBT टीम ने ऐसी 5 शख्सियतों को चुना है, जिन्होंने अपने काम से भारत की सोच और तस्वीर बदली है। पैरा एथलीटों के असाधारण जज्बे और उपलब्धियों को देखते हुए ऑप्शन B में शामिल हैं शीतल देवी और सुमित अंतिल। अब फैसला आपके हाथ में है। वोट कर तय करें कि NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर कौन होगा। वट्सऐप पर मैसेज भेजकर वोट दे सकते हैं।

# NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर चुनने के लिए करें वोटिंग

### A हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)



2 नवंबर की रात हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की 16 महिलाओं ने इतिहास रचा। टीम ने वर्ल्ड कप के रूप में ICC का पहला खिताब अपने नाम किया। ICC खिताब न जीत पाने का बोझ एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक की खिलाड़ियों के कंधों पर चलता आ रहा था, लेकिन मानसिक रूप से बेहद मजबूत हरमन की टीम ने सेमिफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवाया।

### B देश के पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)



आपने कितनी बार पैरा ऐथलीटों को नियमित (एबल-बॉडी) वर्ग की टीम में जगह बनाते देखा है? ये दुर्लभ उपलब्धि बिना हाथों के जन्मीं जम्मू-कश्मीर की 18 साल की शीतल देवी ने हासिल की। भारत के पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स में चैंपियनशिप रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

### C दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)



चेस में भारत के बढ़ते रुतबे को उस वक्त नई ऊंचाइयां मिलीं, जब 2025 में 19 साल की दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया में आयोजित FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ निडर अंदाज में खेलते हुए दिव्या ने प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर (GM) खिताब भी हासिल किया और 2026 विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की कर खुद को वर्ल्ड चेस में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित किया। यह खिताब पाने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।

### D कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह



ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दुनिया के सामने रखने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह इस ऑपरेशन का चेहरा बन गईं। वडोदरा की कर्नल सोफिया आर्मी की सिग्नल कोर में हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह एयरफोर्स में हेलिकॉप्टर पायलट हैं। उन्हें मास्टर ग्रीन रेटिंग मिली है।

### E शुभांशु शुक्ला (ग्रुप कैप्टन, एयरफोर्स)



एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष पर जाने वाले दूसरे भारतीय बने। 1984 में राकेश शर्मा के उड़ान भरने के बाद यह यात्रा हुई। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु ने ISS में 7 टेस्ट किए थे। शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने मिलकर 60 से ज्यादा प्रयोग किए थे, जिनमें मानव स्वास्थ्य, अंतरिक्ष कृषि और अंतरिक्ष सूट के मटीरियल से जुड़े परीक्षण शामिल थे। वह 16 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे।

**कैसे करें वोट** पांचों शख्सियतों में से आपको जो भी NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन हमें फोन नंबर **9220747220** पर वट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस दिव्या देशमुख है तो मैसेज में C लिखकर अपना जवाब हमें भेज दें।

## बांग्लादेश की पहली महिला पीएम जिया नहीं रहीं



80 साल की थीं खालिदा
20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं

# एक थीं खालिदा

## 3 दिन का राजकीय शोक, पीएम मोदी ने जताया दुख

■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश की** पहली महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। वह 80 साल की थीं और पिछले करीब 20 दिनों से वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं। खालिदा सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही थीं। पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी खालिदा वह 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने 2015 में ढाका में खालिदा से मुलाकात की तस्वीर शेयर कर दुख जताया। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त किया।

**1991 और 2001 में दो बार बनी थीं बांग्लादेश की पीएम**

खालिदा जिया का राजनीतिक जीवन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना ने उन्हें नजरबंद कर दिया था। वह जुलाई से दिसंबर तक पाकिस्तानी सेना की कैद में रहीं थीं। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान की हार के बाद खालिदा जिया को रिहा किया गया। साल 2015 में ढाका में मेयर चुनाव के प्रचार के दौरान उनके काफिले पर गोलीबारी और पत्थरबाजी भी हुई थी। खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ढाका जाएंगे।

### भारत में हुआ था जन्म

खालिदा जिया का जन्म 15 अगस्त 1945 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था। जन्म से ठीक दो साल बाद 1947 में भारत विभाजन के बाद जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्से (जैसे दक्षिण दिनाजपुर के कुछ क्षेत्र) अस्थायी रूप से पूर्वी पाकिस्तान में शामिल हो गए थे, लेकिन बाद में उन्हें वापस भारत में मिला लिया गया। 16 दिसंबर 1971 को भारतीय हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के साथ बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। खालिदा जिया का राजनीति में प्रवेश 1980 के दशक में हुआ था।

**जलपाईगुड़ी में जन्म हुआ, पर भारत विरोधी रहीं**

### पाकिस्तान में बीता था बचपन

खालिदा जिया ऐसी शख्सियत थीं जिनका जन्म भारत में हुआ, पर बचपन पाकिस्तान में बीता और सियासत की शुरुआत की तीसरे देश बांग्लादेश से। वह बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। खालिदा जिया ने बांग्लादेश में सैन्य तानाशाह के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ कर 1990 में तत्कालीन तानाशाह और पूर्व सेना प्रमुख एच.एम. इरशाद का पतन करने में अहम भूमिका निभाई थी। 1981 में अपने पति जियाउर रहमान की हत्या के बाद उन्होंने बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी का नेतृत्व किया और पहली बार 1991 में प्रधानमंत्री बनीं।

### भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त को ढाका बुलाया

भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह विदेश मंत्रालय के आपात बुलावे पर सोमवार रात को ढाका पहुंच गए। सोमवार देर रात मिली रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच यह कदम उठाया गया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इस बुलावे पर हमीदुल्लाह सोमवार की रात को ही ढाका पहुंच गए।

## खालिदा जिया के कार्यकाल में रिश्तों में अविश्वास और असहजता रही

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** खालिदा जिया का जन्म भारत में हुआ था, लेकिन उनकी राजनीति का आधार भारत विरोध की वजह से ही मुखर रहा। भारतीय अधिकारियों ने कई बार चिंता जताई कि उनके कार्यकाल में नॉर्थ ईस्ट से जुड़े उग्रवादी जैसे चरमपंथी गुटों को बांग्लादेश में शरण मिलती थी। इसके अलावा उन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI से संबंध रखने के भी आरोप लगते रहे हैं। जिया पहली बार 1992 में सार्क शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आई थीं। उसी दौरान 'तीन बीघा कॉरिडोर' को लीज पर देने से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। तीन बीघा कॉरिडोर दोनों देशों की जमीन पर स्थित एक संकरी पट्टी है, जिसे जून 1992 में भारत ने बांग्लादेश को 999 साल के लिए पट्टे पर दिया। हालांकि, दिल्ली और ढाका के संबंध तनावपूर्ण ही बने रहे। वह बांग्लादेश की पहली प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने दोनों देशों के बीच जल बंटवारे से जुड़े विवाद को संयुक्त राष्ट्र तक पहुंचाया। 1993 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान इस मुद्दे का उल्लेख किया।



2015 में खालिदा जिया ने पीएम नरेन्द्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी

### कट्टरपंथियों के साथ रही नजदीकी

BNP की इस्लामी समूहों के साथ नजदीकी का ही नतीजा था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसक घटनाएं देखने को मिलती रही हैं। इस तरह की हिंसक घटनाएं ना सिर्फ साल 1992 बल्कि 2001 के चुनाव में भी दिखीं। इससे दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ा। 2006 में जिया ने भारत का दौरा किया था और इस दौरान उन्होंने तत्कालीन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी।

## 'बैटल ऑफ गलवान' पर चीन में चिंता, भारत ने कहा- कलात्मक स्वतंत्रता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**चीनी सरकार** समर्थित अखबार ग्लोबल टाइम्स ने ऐक्टर सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की आलोचना की है। अखबार ने दावा किया कि यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़पों से जुड़े तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। ग्लोबल टाइम्स ने एक चीनी विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि बॉलीवुड फिल्में अधिकतर मनोरंजन और भावनात्मक प्रस्तुति पर आधारित होती हैं, लेकिन किसी भी तरह की सिनेमाई अतिशयोक्ति इतिहास को बदल नहीं सकती और न ही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की चीन की संप्रभुता की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को कमजोर कर सकती है।

**सैनिकों के बीच 2020 में गलवान घाटी में हुआ था संघर्ष**

TOI के मुताबिक, यह फिल्म जून 2020 में लाइन ऑफ कंट्रोल (LAC) के पास लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच हुई हिंसक झड़पों से प्रेरित बताई जा रही है। 16 जून 2020 को उस झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि चीनी पक्ष को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा था, हालांकि चीन ने आधिकारिक तौर पर अपने हताहतों का विवरण लंबे समय तक सार्वजनिक नहीं किया। फिल्म का टीजर सलमान खान के जन्मदिन के मौके पर रिलीज किया गया, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया।



ऐक्टर सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर मूवी का टीजर शेयर किया है।

### टीजर में लड़ाई के दृश्य शामिल हैं

टीजर में सलमान खान एक भारतीय सेना के अधिकारी की भूमिका में दिख रहे हैं। टीजर में आमने-सामने की लड़ाई के दृश्य भी शामिल हैं, जो उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तैनात सैनिकों की चुनौतियों को दर्शाते हैं। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत और चीन के बीच तनाव काफी बढ़ गया था।

### चीन का दावा- भारत, पाक संघर्ष रुकवाया

चीन के विदेश मंत्री वांग यी (Wang Yi) ने कहा है कि इस साल चीन ने जिन वैश्विक मुद्दों में मध्यस्थता की, उनमें भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव भी शामिल है। पेइचिंग में वांग ने दावा किया कि चीन ने निष्पक्ष रुख अपनाते हुए कई क्षेत्रीय संघर्षों में शांति बहाल करने की कोशिश की। भारत ने इस दावे को पहले ही खारिज कर दिया है।

## UN प्रमुख का नए साल का संदेश हिंदी में

■ **पीटीआई, संयुक्त राष्ट्र:** पहली बार संयुक्त राष्ट्र (UN) प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने 2026 के लिए अपना नववर्ष संदेश हिंदी सहित अन्य भाषाओं में जारी किया है। गुटेरेस ने अपने संदेश में विश्व नेताओं से आज विकास में निवेश करने का आह्वान किया, ना कि विनाश (युद्ध) में। गुटेरेस का नववर्ष संदेश 11 भाषाओं में जारी किया गया है, जिनमें संयुक्त राष्ट्र की छह आधिकारिक भाषाएं अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश के साथ-साथ हिंदी और उर्दू भी शामिल हैं। उनके विडियो संदेश में हिंदी सबटाइटल भी हैं।



## कार्बाइन और टॉरपीडो खरीद को मंजूरी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 4,666 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए, जिसके तहत 4.25 लाख से ज्यादा क्लोज क्वॉर्टर बैटल कार्बाइन और 48 हेवी टॉरपीडो खरीदे जाएंगे। मंत्रालय ने बताया कि भारतीय सेना और नेवी के लिए 2,770 करोड़ रुपये के बैटल कार्बाइन और एसेसरीज का कॉन्ट्रैक्ट भारत फोर्ज लिमिटेड और PLR सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साइन किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इस खरीद से छह कलवरी क्लास पनडुब्बियों की युद्धक क्षमता काफी बढ़ जाएगी।



## यंग लीडर्स से 12 जनवरी को प्रधानमंत्री करेंगे बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के एक लाख युवा लीडर तैयार करने की दिशा में शुरू किए गए मिशन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का दूसरा एडिशन इस बार कई मायनों में खास होगा। मोदी 12 जनवरी को युवाओं के साथ बात करेंगे, उनके सुझावों को सुनेंगे और विकसित भारत के विजन पर चर्चा करेंगे। विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, डायमंड श्रीधर वेम्बू, हाल ही में हुए बिहार चुनाव में जीत हासिल करने वाली और निशानेबाजी में भारत का नाम रोशन करने वाली श्रेयसी सिंह, गायिका मैथिली ठाकुर, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार भी युवाओं से बात करेंगे। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया था कि राजनीति में बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि के 1 लाख युवाओं को जोड़ा जाए।



केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया

**बॉर्डर के हीरो** ईस्टर्न लद्दाख की कठिन परिस्थियों में आर्मी को देते हैं लॉजिस्टिक सपोर्ट, जास्कार पोनी और ड्रोन गिराने वाले चील भी दिखेंगे

## पहली बार कर्तव्य पथ पर देख सकेंगे डबल हंप ऊंट

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इस बार गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ में पहली बार इंडियन आर्मी के डबल हंप ऊंट और जंस्कार पोनी के साथ ही ड्रोन को मार गिराने के लिए ट्रेंड किए गए ईगल (चील) भी दिखेंगे। आर्मी की रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर (RVC) के दस्ते में ये सब दिखाई देंगे। वेटरनरी कोर के इस दस्ते को कैप्टन हर्षिता लीड करेंगी। आर्मी के वेटरनरी कोर में करीब तीन साल पहले ही महिला ऑफिसर्स को लेना शुरू किया गया और कैप्टन हर्षिता पहले बैच में शामिल थीं।

ईस्टर्न लद्दाख की विषम परिस्थियों में लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए डबल हंप ऊंट और जंस्कार पोनी का इस्तेमाल किया जा रहा है। दस्ते में दो बैक्ट्रियन (दो कूबड़ वाले) ऊंट शामिल होंगे। करीब दो साल पहले ईस्टर्न लद्दाख में एक नई पहल के तहत इनका इस्तेमाल शुरू किया गया। इनका इस्तेमाल अंतिम छोर तक जरूरी सामान पहुंचाने और पहाड़ी इलाकों की रेतीली जमीन में गश्त के लिए किया जाता है। ये माइनस 20 डिग्री तापमान में आराम से काम कर सकते हैं और 15 से 18 हजार फीट की ऊंचाई में इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। ये 200 किलो तक का वजन उठा सकते हैं।



दो कूबड़ वाले ऊंट माइनस 20 डिग्री तापमान में आराम से काम कर सकते हैं।

### माइनस 40 डिग्री में पहुंचाते हैं रसद

ईस्टर्न लद्दाख में आर्मी जास्कार पोनी का भी इस्तेमाल कर रही है। ये मजबूत और सहनशील देसी नस्ल के घोड़े हैं, जो बेहद कठिन मौसम में भी कम बीमार पड़ते हैं। ये माइनस 40 डिग्री तापमान में भी काम कर सकते हैं। ये 70 किलो तक का वजन ढो सकते हैं।

### ड्रोन गिराने वाले चील

रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर के दस्ते में चार रैप्टर्स भी दिखेंगे। ये ड्रोन को मार गिराने वाले चील हैं। जिन्हें इस तरह ट्रेंड किया गया है जो पलभर में लपककर ड्रोन को नीचे गिरा सकते हैं। युद्धाभ्यास में कई बार इन्हें भी शामिल किया गया है और इनकी ट्रेनिंग जारी है। दस्ते में पांच इंडियन ब्रीड के 10 कैनाइन सोल्जर (ट्रेंड डॉग्स) भी होंगे। ये मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपाराई, कोम्बाई, राजा पलियम ब्रीड के हैं।

विश्वास - निर्माण - गौरव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# डबल इंजन सरकार

दोगुनी हुई
## विकास की रफ्तार

आकांक्षाओं के नए शिखर पर छत्तीसगढ़...



**प्रधानमंत्री आवास योजना**
- 26 लाख से अधिक पीएम आवास स्वीकृत
- 15,000 पीएम आवास आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए



**कृषक उन्नति योजना**
- ₹3100 प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी, देश में धान का सर्वाधिक मूल्य
- 26 लाख किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का लाभ



**श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना**
- 39,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किए अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ के निःशुल्क दर्शन



**जनजातीय कल्याण**
- पीएम जनमन योजना - लगभग 60,000 PVTG परिवार लाभान्वित
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से 6,691 ग्राम लाभान्वित



**माओवादी आतंक से मुक्ति की ओर**
- 500 से अधिक नक्सली न्यूट्रलाइज
- 2400 से अधिक पुनर्वास, 1900 से अधिक नक्सली गिरफ्तार
- 83 नए सुरक्षा कैंप स्थापित



**सड़कों का विकास**
- ₹40,000 करोड़ से अधिक की लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास



**पारदर्शी व्यवस्था का निर्माण**
- सुशासन तिहार से समस्याओं का त्वरित निदान
- सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन
- 400 से अधिक नीतिगत सुधार



**महतारी गौरव वर्ष**
- 70 लाख महिलाएं महतारी वंदन योजना से बनीं आर्थिक रूप से सशक्त
- 38 लाख महिलाओं को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' का लाभ



**तेंदूपत्ता संग्रहण दर में वृद्धि**
- दर ₹4000 से बढ़कर ₹5500 प्रति मानक बोरा
- 52 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित



**निवेश का नया हब छत्तीसगढ़**
- ₹7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव नवीन औद्योगिक विकास नीति से
- नवा रायपुर में एआई डेटा सेंटर पार्क, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट ले रहा आकार



**दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना**
- 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष ₹10,000 की आर्थिक सहायता



**युवा कल्याण**
- युवा स्वरोजगार हेतु 50% सब्सिडी पर ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा
- लगभग 32,000 शासकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट



**रेल नेटवर्क का विस्तार**
- ₹47,447 करोड़ की विभिन्न रेल परियोजनाएं ले रहीं आकार



**विश्वस्तरीय शहर नवा रायपुर**
- रेल सेवा की शुरुआत, राज्य राजधानी क्षेत्र (SCR) का होगा गठन
- चित्रोत्पला फिल्म सिटी और तीरंदाजी अकादमी की होगी स्थापना
- मेडिसिटी, फार्मास्युटिकल हब, रेडीमेड गारमेंट पार्क ले रहे हैं आकार

# 2 साल निरंतर सेवा निरंतर विकास



ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

S- 46389/2

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: cci Time: 12-30-2025 21:54 Color:



# SI से लेकर सिपाही तक का कार्यकाल किया गया फिक्स

## सर्विस के शुरुआती 6 साल के दौरान थाने की पोस्टिंग काटनी हुई अनिवार्य

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर (SI) से लेकर सिपाही तक के लिए करियर के शुरुआती छह साल तक थाने की पोस्टिंग काटनी अनिवार्य कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर (CP) सतीश गोलचा की तरफ से जारी स्टैंडिंग ऑर्डर में साफ लिखा गया है कि इस दौरान उन्हें जिलों के किसी ऑफिस या ब्रांच या यूनिट में कतई अटैच नहीं किया जाएगा। सभी को सख्ती से पुलिस स्टेशन में तैनात करना होगा। हालांकि एक बार ट्रांसफर होने के बाद अगले पांच साल के अंदर उसी जिले या थाने या यूनिट में दोबारा तैनात नहीं किया जाएगा।

दिल्ली पुलिस की ट्रांसफर-पोस्टिंग की नई गाइडलाइंस के मुताबिक, नई भर्ती सब इंस्पेक्टरों को ट्रेनिंग के बाद अपनी सर्विस के शुरुआती छह साल के लिए अनिवार्य रूप से जिले के तहत आने वाले थानों में तैनात किया जाएगा। उन्हें जिले के भीतर ऑफिस या क्राइम टीम, बम डिस्पोजल स्क्वॉड (BDS) जैसी ब्रांच या किसी अन्य यूनिट से अटैच नहीं किया जाएगा। जिलों में काम करने में माहिर अनुभवी प्रमोट हुए सब इंस्पेक्टरों की फील्ड ड्यूटी में तैनाती जारी रखी जाएगी। बशर्ते उनके खिलाफ कुछ गलत बात सामने नहीं आई हो। ऐसा मामला आने पर ही उन्हें हटाया जा सकता है।

इसी तरह नए भर्ती सिपाहियों को भी सर्विस के शुरुआती छह साल तक थानों में पोस्टिंग काटनी होगी। उन्हें भी ऑफिस या ब्रांच से अटैच नहीं करने की हिदायत दी गई। हालांकि VVIP या VIP मूवमेंट या सिक्योरिटी समेत अन्य अरेंजमेंट ड्यूटी पर तैनात करते समय उन्हें अनुभवी हेड कॉन्स्टेबल या कॉन्स्टेबल और सुपरवाइजरी अफसरों की देखरेख में रखा जा सकता है।

AI Image



### तीन कैटिगरी में बांट किया फिक्स टेन्योर

1 **फ्रंटलाइन यूनिट्स:** सभी जिले, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट पुलिस में SI से सिपाही तक छह साल का टेन्योर है, जो आठ साल तक हो सकता है। SI के लिए यहां शुरुआती 6 साल अनिवार्य है।

2 **स्पेशलाइज्ड यूनिट्स:** क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल/IFSO, आर्थिक अपराध शाखा, DPA में SI के लिए 3 साल का कार्यकाल रहेगा, जो बढ़ाकर 5 साल तक हो सकता है। सिपाही से ASI तक का टेन्योर 3 साल का रहेगा, जो 8 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

3 **सपोर्ट यूनिट्स:** ट्रैफिक, स्पेशल ब्रांच, सिक्योरिटी, दिल्ली आर्म्ड पुलिस बटालियन समेत अन्य यूनिट्स में SI का 3 साल का कार्यकाल रहेगा, जो 5 साल तक का हो सकता है। सिपाही से लेकर ASI तक 3 साल का रहेगा, जो 8 साल तक किया जा सकता है।

**हटा दिए जाएंगे ऐसे SHO-ACP:** स्टैंडिंग ऑर्डर में साफ लिखा गया है कि आमतौर पर सब डिविजन में ACP और थाने में SHO का कार्यकाल दो साल फिक्स है। इसके बावजूद उन्हें बीच में भी हटाया जा सकता है, जब उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई हो, किसी क्रिमिनल केस में सजा हो, भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हो, किसी मामले में नाकाबिल पाया गया हो।

# किसान की हत्या में वांछित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, मुरादनगर



महिला मित्र से बात करने पर तीन दिन पहले सिर में हथौड़ा मारकर, गला रेतकर किसान की हत्या कर दी थी

**महिला मित्र** से बात करने पर तीन दिन पहले सिर में हथौड़ा मारकर व गला रेतकर किसान की हत्या कर दी थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि सुल्तानपुर गांव निवासी वकील (45 वर्ष) गांव की ही एक महिला मित्र से बातचीत करता था। इसी बात को लेकर गुलहसन उससे रंजिश रखता था। क्योंकि वह महिला गुलहसन की भी मित्र है। एसीपी ने बताया कि गहन पूछताछ में गुलहसन ने बताया कि उसने वकील को कई बार समझाने का प्रयास किया था, लेकिन वह उसको नजरअंदाज कर देता था। गुलहसन ने बताया कि उसने वकील को शनिवार को खेत में बुलाया और उसके सिर में हथौड़े से वारकर अचेत कर दिया। अचेत अवस्था में ही गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। गुलहसन ने बताया कि जब वह पूरी तरह संतुष्ट हो गया कि उसकी मौत हो गई, तब वह घर गया।

उधर, वकील जब देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने काफी तलाश किया। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह गुलहसन ने उनके घर आकर बताया कि वकील का शव खेत में पड़ा है। इतनी बात बताकर वह लापता हो गया। परिजनों का आरोप है कि वकील ने महिला मित्र को 15 साल पहले अपना पुराना मकान देकर मुरादनगर से गांव में ही बसाया था। एसीपी ने बताया कि जांच के दौरान सुल्तानपुर गांव निवासी गुलहसन का नाम प्रकाश में आया। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि वकील की हत्या में वांछित चल रहा गुलहसन भोजपुर की ओर गया है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अंकित कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ भोजपुर के जंगल में घेराबंदी कर ली। गुलहसन जैसे ही वहां पहुंचा, तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। उसने पुलिस पर जान से मारने की नियत से गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जो उसके पैर में लगी। पुलिस ने गुलहसन को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। उसके कब्जे से बाइक, तमंचा, हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद हुआ है।





# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ NBT न्यूज, मोदीनगर: भोजपुर थाना क्षेत्र में हापुड़ रोड पर मढ़ी कट के पास कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा कोहरे के कारण हुआ। चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। मेरठ जिले के थाना खरखौदा के गांव नालपुर निवासी भोलू सिंह बाइक से भोजपुर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कोहरा अधिक था। जब वे हापुड़ रोड पर मढ़ी कट के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। भोलू को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिनाख्त करने के बाद परिजन को सूचना दी। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

कोहरे के कारण हुआ हादसा





# खुद को शेयर बाज़ार एक्सपर्ट बता करते थे ठगी, दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने खुद को शेयर बाजार का एक्सपर्ट और एडवाइजर बता लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर हरियाणा से दो बदमाश को गिरफ्तार किया। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 22.7 लाख रुपये की साइबर ठगी का पर्दाफाश किया है। इनके पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए है। गिरफ्तार साइबर ठगों की पहचान हिसार हरियाणा निवासी 22 वर्षीय समीर और 22 वर्षीय देव सिंह के तौर पर हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप या टेलीग्राम के जरिए खुद को एक्सपर्ट ट्रेडर या फाइनेंशियल एडवाइजर बताकर लोगों को फंसाते थे। पहले छोटी रकम निवेश कराकर फर्जी मुनाफा दिखाया जाता था ताकि भरोसा बन सके। इसके बाद बड़ी रकम निवेश के लिए उकसाते थे। जब ठगों को अधिकतम रकम मिल जाती, तो पीड़ित को ब्लॉक कर दिया जाता या खाते फ्रीज होने जैसे बहाने बनाए जाते थे।

दिल्ली की डॉक्टर से की थी 22.7 लाख रुपये की ठगी

शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि 13 नवंबर को शिकायतकर्ता डॉ. अमिता गर्ग ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और बताया कि उन्हें व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप एडमिन खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बताकर निवेश की सलाह दे रहे थे। ग्रुप की एक एडमिन मालिनी गुप्ता ने SCIIHNW नामक ऐप के जरिए निवेश का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में शिकायतकर्ता ने अलग-अलग तारीखों पर 11 लेन-देन के माध्यम से करीब 2.70 लाख रुपये निवेश किए। जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने बहाने बनाकर और अधिक निवेश करने का दबाव डाला। इस तरह कुल 22.70 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। उनकी शिकायत पर इंस्पेक्टर श्वेता शर्मा के नेतृत्व में बनाई गई टीम ने आरोपियों को दबोचा।

# एक साल बाद बीमार हालत में मिली, हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दयालपुर में रहने वाली एक 14 साल की लड़की घरवालों से नाराज होकर एक साल पहले घर छोड़कर चली गई। परिवारवालों ने काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। जब पता चला तो वह काफी बीमार हो चुकी थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन 12 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। शुरुआती जांच के बाद शुक्रवार को दिल्ली के दयालपुर थाने में पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो ऐक्ट, मारपीट, धमकाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में लड़की की मां ने बताया कि वह उनकी चौथी संतान थी। करीब एक साल पहले वह पारिवारिक कलह के बाद घर छोड़कर चली गई थी। उसकी बेटी जब मिली तो उसने बताया कि घर से जाने के बाद वह एक मिस्त्री के साथ रही। जून 2025 में मिस्त्री ने जबरन उसकी शादी राजस्थान में कर दी। वहां पति उससे जबरन संबंध बनाता और मारपीट करता। वहां से भी वह परेशान होकर घर से निकल गई। भटकते हुए वह हरियाणा के पानीपत पहुंच गई। किसी राहगीर ने वहां के पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि वह दिल्ली की रहने वाली है।

14 साल की लड़की का GTB अस्पताल में हुआ निधन





# प्रताड़ना के आरोप में पति समेत 5 पर केस

■ NBT न्यूज, दादरी: ग्रेटर नोएडा के एक्स यू-2 सेक्टर निवासी आरूषी ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट के आरोप में ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता आरूषी ने आरोप लगाया है कि करीब दो साल पहले उनकी शादी विप्लव बंसल से हुई थी। शादी के बाद से ही उनके पति को शराब और जुआ जैसी बुरी लतें है। पति और ससुराल वाले बार-बार नकद दहेज की मांग करते रहे है। मांग पूरी न होने पर मारपीट की जाती थी। आरूषी ने बताया कि विवाद को लेकर कई बार पंचायत भी हुई, जिससे मामला कुछ दिनों के लिए शांत हो जाता था, लेकिन बाद में फिर से उत्पीड़न शुरू हो जाता था। उन्होंने कई बार यूपी 112 पर भी कॉल की, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। दादरी थाना के एसएचओ जितेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पति विप्लव बंसल, सास, ससुर और दो ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रात को करता था चोरी, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मोती नगर: सर्द भरी रात का फायदा उठाकर घरों में लगातार चोरी की कई वारदात को अंजाम दे चुके शातिर चोर को मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सैफ अली उर्फ चिया के रूप में हुई है। वह नबीरा इलाके का रहने वाला है और पहले से चोरी के 8 मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से चोरी की स्कूटी और लोहे का रॉड इत्यादि बरामद किया गया है। DCP दराडे शरद भास्कर ने बताया कि इसके पकड़े जाने से मोती नगर थाना के 6 मामलों का खुलासा हुआ है। ACP पंजाबी बाग शिवम की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष कुमार यादव, ASI राजेंद्र की टीम ने इसके बारे में पता लगाकर पकड़ा।



# हेलमेट के लिए रोका तो कॉन्स्टेबल को पीटा

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सोनिया विहार इलाके में एक कॉन्स्टेबल ने बिना हेलमेट पहने स्कूटी सवार को रोका तो आरोपी ने कॉन्स्टेबल के साथ मारपीट की और उनकी वर्दी तक फाड़ दी। हालांकि लोगों की मदद से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसकी पहचान पंकज कुमार के तौर पर हुई है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 221/132/121 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 28 वर्षीय कॉन्स्टेबल पंकज कुमार सोनिया विहार थाने में तैनात है। 26 दिसंबर को सोनिया विहार मेन पुश्ता पर उनकी ड्यूटी थी। सुबह करीब 11 बजे वह सोनिया विहार मेन पुश्ता रोड पर जीरो पुश्ता रोड के सामने ट्रैफिक जाम खुलवा रहे थे। तभी एक स्कूटी सवार बिना हेलमेट पहने आता दिखाई पड़ा। वह लेन में भी नहीं चल रहा था। तब उसे रोका तो इस बात पर वह भड़क गया और उन्हें गाली देने लगा। कॉन्स्टेबल ने गाली देने का विरोध किया तो वह उनके साथ मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान उनकी वर्दी फाड़ दी। हालांकि मारपीट देख लोग आ गए। लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया गया।







TIMES interact

tender & notices

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचना

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

न्यायालय सूचना

# स्टूडेंट स्यूसाइड में ऐक्शन, जयपुर के स्कूल की मान्यता छीनी गई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

**9 साल** की स्टूडेंट की मौत के मामले में CBSE ने जयपुर के नीरजा मोदी स्कूल की मान्यता वापस ले ली है। बोर्ड ने स्कूल मैनेजर को भेजे आदेश में कहा कि मान्यता तुरंत प्रभाव से वापस ली जा रही है। हालांकि, क्लास 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स को 2025-26 में इसी स्कूल से परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

वर्तमान में 9वीं और 11वीं में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को सेशन 2026-27 से पहले सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर नजदीकी स्कूलों में शिफ्ट करेगा। इससे पहले सीबीएसई ने स्कूल को शो कॉज नोटिस भी भेजा था, जिस पर स्कूल ने अपना पक्ष दिया, मगर बोर्ड ने कहा कि स्कूल की प्रतिष्ठा या पूर्व रेकॉर्ड इस चूक को सही नहीं ठहरा सकते। सीबीएसई ने यह भी आदेश दिया है कि स्कूल अब 9वीं और 11वीं में किसी भी प्रकार का नया प्रवेश या प्रमोशन नहीं कर सकेगा। स्कूल में 1 नवंबर को क्लास 4 की स्टूडेंट ने चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी।

- स्कूल में 1 नवंबर को क्लास 4 की स्टूडेंट ने चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी।
- क्लास 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स को 2025-26 में उसी स्कूल से परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

# विदेश में बसे जम्मू-कश्मीर के तीन लोगों को नोटिस

■ **पीटीआई, श्रीनगर :** NIA की विशेष अदालत ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के जरिये भारत सरकार के खिलाफ गुस्सा भड़काने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के तीन लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इन्हें भगोड़ा घोषित किया है। ये हैं कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री (KCCI) के पूर्व अध्यक्ष मुबीन शाह, अनीजुल हसन आशाई और रिफत वानी। मुबीन और अनीजुल अमेरिका में, जबकि वानी जर्मनी में है। इन तीनों के खिलाफ 2020 में दर्ज UAPA की कड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

अधिकारियों का कहना है कि ये अमेरिका और जर्मनी से सोशल मीडिया को 'हथियार' बनाकर हिंसा भड़काने, जनजीवन बाधित करने और कानून-व्यवस्था अस्थिर करने में जुटे हैं। ये लोग अपने आप को पत्रकार या फ्रीलांसर बताते हुए फेसबुक, X और वट्सऐप पर भ्रामक, अतिरंजित और अलगाववादी सामग्री फैलाते रहे हैं। आरोपी जानबूझकर न्यायिक प्रक्रिया से बच रहे हैं। कोर्ट ने आरोपियों को 31 जनवरी, 2026 को या उससे पहले कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर CrPC की धारा 83 के तहत प्रॉपर्टी अटैच करने सहित सख्त कदम उठाए जाएंगे।

भारत विरोधी पोस्ट करने का आरोप।

उत्तराखंड में त्रिपुरा के छात्र के मर्डर केस में मौत या उम्रकैद की मांग

# एंजेल हत्या की जांच करेगी SIT, NHRC ने भी तलब की रिपोर्ट

NBT 3 मिनट में पढ़ें

IANS



त्रिपुरा के छात्र की हत्या के विरोध में मंगलवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर NSUI समर्थकों ने कैंडल मार्च निकाला।

■ भाषा, देहरादून, नई दिल्ली

**उत्तराखंड में** त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा (24) की 9 दिसंबर को हुई हत्या मामले में चौतरफा दबाव के बीच देहरादून पुलिस ने मंगलवार को SIT गठित की। साथ ही कहा कि अब तक की जांच में नस्लीय दुर्व्यवहार का सबूत नहीं मिला है। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने इस मामले में कथित नस्ली भेदभाव को लेकर देहरादून के जिला मैजिस्ट्रेट (DM) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) को नोटिस जारी किया है। आरोपों की जांच रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर देने के निर्देश दिए गए हैं।

देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पुलिस हत्याकांड में शामिल फरार मुख्य आरोपी नेपाल के यज्ञराज अवस्थी को पकड़ने के बहुत करीब पहुंच चुकी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय ने अवस्थी पर घोषित 25 हजार रुपये के इनाम को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि 9 दिसंबर को हुई इस घटना के संबंध में पुलिस ने सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्रित कर लिए हैं। पूरी वारदात भीड़भाड़ वाली जगह पर शाम सवा छह बजे के बाद 40-50 सेकेंड के भीतर हुई। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई एंजेल पर चाकू से वार करने वाले मुख्य आरोपी अवस्थी की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगी। आरोपी और पीड़ित पक्ष एक-दूसरे को नहीं जानते थे। पूरी घटना 'इन द हीट ऑफ द मोमेंट' में हुई।

यह पूछे जाने पर कि क्या वारदात में शामिल चाकू बरामद हो गया है, एसएसपी ने कहा कि अवस्थी ने पास में खड़ी अंडे की ठेली से उसका चाकू उठाकर एंजेल पर वार किया था। जांच में सामने आया है कि आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। एसएसपी ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित खबरों में घटना को नस्लीय दुर्व्यवहार से जोड़े जाने को गलत बताया। एसएसपी ने कहा कि मामले में दर्ज प्राथमिकी में भी नस्लीय दुर्व्यवहार का कोई आरोप नहीं है।

> जांच का कोई पहलू छूट न जाए, इसके लिए एक पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में SIT गठित कर दी गई है। अब तक की विवेचना SIT को सौंप दी गई है। घटना में FIR दर्ज कर पुलिस ने 6 आरोपियों में से 5 को पकड़ लिया है, जिनमें से दो नाबालिगों को न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। *– अजय सिंह, SSP, देहरादून*

## पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्ली हिंसा का आरोप, SC में जनहित याचिका

■ **भाषा, नई दिल्ली :** पूर्वोत्तर राज्यों और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के खिलाफ नस्ली भेदभाव और हिंसा को रोकने में लगातार संवैधानिक विफलता का आरोप लगाते हुए और इसे दूर करने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। जनहित याचिका त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मद्देनजर 28 दिसंबर को दायर की गई थी। दिल्ली के वकील अनूप प्रकाश अवस्थी ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जनहित याचिका में पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है कि पूर्वोत्तर राज्यों और भारत के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के भारतीय नागरिकों के खिलाफ नस्ली भेदभाव और हिंसा के मुद्दे के समाधान के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की जाती है।

इसमें चकमा की मृत्यु का कारण बनने वाले अपराध का वर्णन करते हुए कहा गया, 'हम भारतीय हैं। इसे साबित करने के लिए हमें कौन सा प्रमाणपत्र दिखाना चाहिए? टकराव के क्रूर हिंसा में बदलने से पहले ये



शब्द दुखद रूप से एंजेल चकमा के संवैधानिक नागरिकता के बारे में आखिरी दर्ज बयान बन गए।'

याचिका में चकमा की मौत से संबंधित मीडिया की खबरों का भी हवाला दिया गया। इसमें कहा गया, 'व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने, 'नस्ली अपमान' को घृणा अपराधों की एक अलग श्रेणी के रूप में मान्यता देने और इसके लिए सजा निर्धारित करने के उद्देश्य से एक उपयुक्त रिट (कानून बनने तक अंतरिम) जारी की जाए।' इसमें केंद्र और राज्यों को यह निर्देश देने का आग्रह किया गया कि वे केंद्रीय स्तर के साथ-साथ प्रत्येक राज्य के स्तर पर एक 'नोडल एजेंसी या स्थायी निकाय या आयोग या निदेशालय' का गठन करें, जहां इस तरह के नस्ली अपराधों की रिपोर्ट की जा सके और उनका निवारण किया जा सके।

## मामले की सुनवाई उत्तराखंड से बाहर कराने की मांग

■ **भाषा, शिलांग/अगरतला :** पूर्वोत्तर छात्र संगठन (NESO) ने देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को मृत्युदंड दिए जाने की मांग की। संगठन ने मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंप कर इस मामले में सीधे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। वहीं, एंजेल चकमा के परिजनों ने भी बेटे की हत्या में शामिल आरोपियों के लिए मौत या कम से कम उम्रकैद की सजा की मांग की है। वहीं, ऑल इंडिया चकमा स्टूडेंट्स यूनियन (AICSU) ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आदिवासी छात्र एंजेल चकमा की नस्लीय रूप से प्रेरित हत्या के मामले की सुनवाई को उत्तराखंड से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है।

NESO, पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के छात्र संगठनों का एक संयुक्त मंच है। संगठन ने कहा कि छात्र एंजेल चकमा के भाई माइकल चकमा पर भी इस घटना के दौरान हमला किया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि यह हमला नस्लीय द्वेष से प्रेरित था और पीड़ितों की शारीरिक बनावट को निशाना बनाते हुए उनके लिए अपमानजनक और हीनभावना पैदा करने वाली नस्लीय टिप्पणियां की गईं। संगठन का आरोप है कि देश के विभिन्न हिस्सों में पूर्वोत्तर के लोगों को इसी तरह के उत्पीड़न और हिंसा का बार-बार सामना करना पड़ता है।

# घर में मिला रिटायर्ड रेलकर्मी का शव, कंकाल जैसी मिली बेटी!

■ **भाषा, बांदा :** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से एक अमानवीय घटना सामने आई है। रेलवे का एक 70 वर्षीय रिटायर्ड कर्मचारी अपने आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए, जबकि उनकी मानसिक रूप से दिव्यांग बेटी शव के पास अत्यंत दुर्बल अवस्था में पाई गई। मृतक के परिजनों ने घरेलू सहायक दंपती पर बाप-बेटी को वर्षों तक कैद में रखने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान ओम प्रकाश सिंह राठौर के रूप में हुई है, जो रेलवे से वरिष्ठ क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और महोबा कस्बे के हिंद टायर गली इलाके में रहते थे। राठौर की पत्नी रेणुका की 2016 में मौत हो गई थी और दंपती की 27 वर्षीय बेटी रश्मि मानसिक रूप से दिव्यांग है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, फेफड़ों की बीमारी के कारण मौत हुई।

महोबा के नौकर दंपती पर लगे गंभीर आरोप, पुलिस कर रही है जांच।

# पेंशन से जुड़ी 1.12 लाख शिकायतें दूर करने का दावा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

**कार्मिक, लोक** शिकायत एवं पेंशन मामलों के मंत्रालय के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि 2025 में शासन से जुड़े ऐसे सुधार किए गए, जिनसे लोगों का जीवन आसान हुआ है। सरकारी कर्मियों के लिए भी कामकाजी माहौल बेहतर हुआ। पेंशन से जुड़ी 1.12 लाख से ज्यादा शिकायतें दूर की गईं, जो अब तक किसी भी कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा हैं।

पेंशनभोगियों को लेकर डॉ. सिंह ने कहा कि नवंबर में चलाया गया डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कैंपेन 4.0 अब तक का सबसे बड़ा अभियान था, जिसमें 2000 जिलों, तहसीलों और शहरों में 1.68 करोड़ डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी किए गए। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवेंस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए 2025 में नागरिकों की 20 लाख से ज्यादा शिकायतों का समाधान किया गया। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में शिकायतें औसतन 15 दिनों में निपटाई गईं। सिंह ने कहा, 'मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस के सिद्धांत के आधार पर सुधार किए गए हैं।'

## 'लैटरल एंट्री पर चर्चा'

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में सचिव रचना शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में सिविल सेवा के सीनियर पदों पर प्राइवेट सेक्टर से लैटरल एंट्री के जरिए कुशल लोगों को लाने के बारे में सरकार संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श कर रही है। इसके तहत और लोगों को इन पदों पर लाने के लिए विज्ञापन जारी करने के बारे में कोई फैसला नहीं किया गया है। मंत्रालय की सालभर की उपलब्धियों से जुड़ी PC में शाह ने लैटरल एंट्री के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले करीब 60 अफसर इस प्रक्रिया के जरिए लिए गए थे। अभी ऐसे 38-40 अफसर सेवा दे रहे हैं।'

# I4C के साथ साइबर क्राइम पर पुलिस करेगी 'स्ट्राइक'

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** देश में लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम के अड्डों पर नकेल कसने के लिए नई शुरुआत हो चुकी है। दरअसल, देश में साइबर क्राइम के तहत समन्वय करने वाले गृह मंत्रालय के I4C यानी (Indian Cyber Crime Coordination Centre) की तरफ से देश के 7 अलग-अलग राज्यों में 7 जॉइंट साइबर कोऑर्डिनेशन टीम्स (JCCTs) शुरू की चुकी है।

सूत्रों का कहना है कि दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के अधीन सेंट्रल एजेंसियों ने साइबर क्राइम के अड्डों का विश्लेषण किया। इसके बाद मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी के लिए JCCTs को चुना गया। इन्हें साइबर अपराध हॉटस्पॉट्स और मल्टी-ज्यूरिस्डिक्शन मसलों के आधार पर राज्यों/यूटी को साथ जोड़कर बनाया गया है, ताकि कोऑर्डिनेशन बेहतर बनाया जा सके। साइबर एन्फोर्समेंट यूनिट की सेंट्रल और राज्य एजेंसियों को उम्मीद है कि इसका बेहतर परिणाम 2026 में दिखेगा। राज्यों से अनुरोध किया गया है कि वे I4C की तर्ज पर राज्य/क्षेत्रीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (S4C/R4C) स्थापित करें, ताकि I4C के साथ साइबर क्राइम से संबंधित खुफिया जानकारी और खतरे की सूचनाओं को आसानी से एक्सचेंज किया जा सके।

- दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के अधीन सेंट्रल एजेंसियों ने साइबर क्राइम के अड्डों का विश्लेषण किया।
- ऐसे अपराध रोकने के लिए 7 राज्यों में जॉइंट साइबर कोऑर्डिनेशन टीम्स शुरू की जा चुकी हैं।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

ओ३म्



स्व0 श्री श्याम सुन्दर आर्य
(15.08.1915 – 3 1.12.2009)

महर्षि दयानन्द के विचारों से ओत-प्रोत एक सच्चे आर्य का जीवन जीने वाले, आदर्श व्यक्तित्व के धनी, कर्मठ कर्मयोगी, हम सबके प्रेरणा स्त्रोत एवं संस्थापक बंसल ग्रुप ऑफ इन्डस्ट्रीज जिनका आज सोलहवाँ पुण्य स्मृति दिवस है, उन्हें हम शत्-शत् नमन करते हैं तथा उनके बताए आदर्शों व मार्ग पर चलने का संकल्प करते हैं।

अनीता-अरूण बंसल (पुत्रवधु - पुत्र), सोनाक्षी - प्रणव बंसल (पौत्रवधु - पौत्र), यशवीर बंसल (प्रपौत्र) एवम् समस्त बंसल परिवार

BANSAL
Management & All Staff
Bansal Wire Industries Limited



Shri Narendra Kumar Mohatta
(24 October 1930 - 29 December 2025)

You stood for your principles, with courage and conviction.
You gave generously and graciously.
You chartered new directions with the spirit of an explorer.
You enjoyed your hobbies and new learning with curiosity and joy.
You lived for your family and we will miss your quiet wisdom, remembering you forever with deep love and respect.

Smt Pushpa Manjari Mohatta (Wife) | Alok & Rajni Mohatta (Son & Daughter in law)
Smt Saroj Kaushik (Sister) Smt Satyam Mohatta (Sister in-law) | Anuradha & Yashovardhan Saboo (Daughter & Son in Law)

Grand Children
Saurabh & Devika Mohatta | Malvika & Rajiv Daga
Satvika & Siddharth Suri | Pranav Saboo

Great Grandchildren
Ananya | Arihant | Yashica | Avanticka | Vivaan | Kabir

Uthavani
Wednesday, 31st December 2025 between 5-7 pm
at Rangswar Hall, 4th Floor, Y.B.Chavan Centre,
Nariman Point, Mumbai 400 021.

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss"

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP5 User: cci Time: 12-30-2025 22:12 Color:



# 2025 के साइलेंट हीरो, जिन्होंने बदली हमारी दिल्ली

*शहर की ऊंची इमारतों पर जब 'हैप्पी न्यू ईयर' की लेजर लाइटें नाच रही होंगी और डीजे का शोर कानों के पर्दों से टकरा रहा होगा, तब दिल्ली के किसी अंधेरे कोने में कोई खामोशी से उम्मीद का एक दीया जला रहा होगा। ये वो लोग है जिन्हें 2026 के स्वागत के लिए किसी पार्टी के न्योते का इंतजार नहीं, क्योंकि इनका जश्न तो किसी की आंखों के आंसू पोंछने में है। प्रचार के विज्ञापनों और सोशल मीडिया की 'रील्स' से दूर, ये शहर के वो खामोश सिपाही है जो समाज की टूटी हुई कड़ियों को अपने निस्वार्थ भाव से जोड़ रहे हैं।*

## 'बुजुर्गों की सेवा करके सुकून मिलता है, अच्छा लगता है'

Rahul.Anand@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : 'इसकी शुरुआत 2015-16 में हुई थी। मैं एम्स में जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट में था। एक दिन मेरी ओपीडी में ओल्ड ऐज होम से एक मरीज आया। उसके साथ वहां का केयर टेकर भी था। उसने कहा कि इन्हें खाने को तो मिल जाता है, लेकिन इलाज नहीं मिलता है। ऐसे बहुत बुजुर्ग हैं, जो बीमार हैं। हम उन्हें यहां तक ला नहीं सकते। आप एक बार हमारे होम में विजिट कर सकते हैं क्या? चूंकि मैं बुजुर्गों का स्पेशलिस्ट डॉक्टर हूं और उनका दर्द समझ सकता हूं, इसलिए मैंने वहां जाना शुरू किया। वहां जाकर पता चला कि ये बुजुर्ग तो छोटी-छोटी ऐसी बीमारियों से जूझ रहे हैं, जो दवाओं से पूरी तरह मैनेज हो सकती हैं। मैंने इलाज के साथ-साथ दवा उपलब्ध कराना भी शुरू किया। उनका इलाज करने के बाद मुझे यह सब अच्छा लगने लगा। शुरुआत तो फरीदाबाद के एक ओल्ड ऐज होम से की थी, लेकिन अब दिल्ली-NCR के कई ओल्ड ऐज होम में जाता हूं। हर वीकेंड मेरा पहला काम यही होता है। इनकी सेवा करने के बाद एक पॉजिटिवनेस आती है, सुकून मिलता है, अच्छा लगता है।' ये शब्द हैं डॉ. विजय गुर्जर के, जो एम्स से पढ़ाई करने के बाद इन दिनों एक प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रैक्टिस कर रहे हैं।



डॉ. विजय गुर्जर (प्राइवेट प्रैक्टिस)



**बुजुर्गों के लिए फरिश्ता बने विजय**
डॉ. विजय गुर्जर हर वीकेंड दिल्ली-NCR के कई ओल्ड ऐज होम में जाते हैं और वहां बीमार बुजुर्गों का फ्री में इलाज करते हैं। उन्हें दवाई भी फ्री देते हैं।



**इनकी जांबाजी को सलाम**
ट्रैफिक मैनेजमेंट संभालते हुए राजकुमार ने वाहन चोरी के 10-12 मामलों को सॉल्व करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ट्रैफिक के साथ-साथ गाड़ी चोरों को भी कर रहे कंट्रोल

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के पार्लियामेंट स्ट्रीट सर्कल में तैनात ASI राजकुमार कनॉट प्लेस और संसद मार्ग जैसे संवेदनशील इलाकों को जाम व हादसों से मुक्त करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ उन्होंने वाहन चोरी के 10-12 मामले सुलझाने में भी मदद की है।

राजकुमार के अनुसार, 25 साल के अनुभव में उन्होंने देखा कि सर्दियों में रोड किनारे बेतरतीब खड़ी गाड़ियां हादसों का मुख्य कारण बनती हैं। कनॉट प्लेस में अवैध पार्किंग एक बड़ी समस्या है, जहां लोग कहीं भी वाहन पार्क कर रेस्टोरेंट में चले जाते हैं। इससे न केवल जाम लगता है, बल्कि फुटपाथ पर टू-व्हीलर खड़े होने से पैदल यात्री भी परेशानी होते हैं। वह कहते हैं कि यहां की दिक्कत देखते हुए पिछले 15 दिनों से अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। इसके तहत 25 दिसंबर को दोपहर तक गलत पार्किंग के 30, रॉन्ग साइड के 20 और फुटपाथ पार्किंग के 7 चालान काटे गए। वहीं 24 दिसंबर को गलत पार्किंग के 40 और रॉन्ग साइड के 13 चालान हुए। नाइट क्लबों के कारण ड्रंकन ड्राइविंग रोकने के लिए शाम 4 से रात 1 बजे तक विशेष पिकेट लगाई जा रही है, जिसका फोकस शुक्रवार से रविवार तक रहता है।



राजकुमार (एएसआई, ट्रैफिक पुलिस)

## अपनी क्लास ही नहीं, 12वीं को भी दिया 100% रिजल्ट

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली में सरकारी स्कूलों में 9वीं क्लास का हाई फेलियर रेट चर्चा पर रहता है, ऐसे में उन टीचर्स के पास कमान है, जो बच्चों के दोस्त और मेंटॉर बनकर उन्हें आगे बढ़ा रहे हैं। सर्वोदय बाल विद्यालय, शाहबाद मोहम्मदपुर के इंग्लिश टीचर रजनीश राव भी इन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने 100% रिजल्ट के साथ अपने एक-एक स्टूडेंट को अच्छे करियर की ओर बढ़ाया। टीजीटी (टीचर ग्रैजुएट टीचर) रजनीश राव सिर्फ अपनी 10वीं क्लास ही नहीं, बल्कि अपने स्कूल की 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स के लिए भी मेंटॉर साबित हुए और उन्हें भी परफेक्ट 100% रिजल्ट दिया।

**इमोशनल कनेक्ट आता है काम:** ज्यादातर सरकारी स्कूलों में इंग्लिश सब्जेक्ट स्टूडेंट्स के लिए एक चुनौती रहता है। रजनीश राव बताते हैं कि जब एमसीडी स्कूलों से बच्चे हमारे स्कूलों में क्लास 6 में आते हैं, तो उनकी इंग्लिश का स्तर लगभग शून्य होता है। ये स्टूडेंट्स ज्यादातर फर्स्ट जेनरेशन लर्नर होते हैं, जिनके घर में ना तो पढ़ाई का माहौल होता है और ना ही मार्गदर्शन। ऐसे बच्चों को सिर्फ पढ़ाना नहीं, संभालना पड़ता है। इंग्लिश वैसे भी बच्चों के लिए दूसरी भाषा है, वो हिंदी में सोचते हैं और इंग्लिश लिखने-बोलने के लिए उन्हें ट्रांसलेशन में परफेक्ट बनना होता था।



रजनीश राव (इंग्लिश टीचर)



**मेहनत करने वालों के बन जाते हैं दोस्त**
रजनीश का पढ़ाने का स्टाइल हर बच्चे के लिए अलग है। वह कहते हैं, जो मेहनत कर रहे हैं उनके लिए मैं दोस्त बन जाता हूं।

**स्पेशल बच्चों के लिए बनाया स्पेशल ऐप**
टीचर चांदनी ने इन्क्लूसिव एजुकेशन को बढ़ावा देते हुए 2025 में विशेष रचनात्मक कार्य किए ताकि दिव्यांग छात्रों की राह आसान हो।



## क्रिएटिव ऐप्स, बनाकर पढ़ाई को बनाया मजेदार

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : इंटरनेट की दुनिया में बच्चों को साइबर अपराधों से बचाना शिक्षकों के लिए बड़ी चुनौती है। डिजिटल शिक्षा और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाते हुए कंप्यूटर साइंस टीचर चांदनी अग्रवाल अपने स्टूडेंट्स को 'साइबर वॉरियर्स' बना रही हैं। साथ ही, इन्क्लूसिव एजुकेशन को बढ़ावा देते हुए उन्होंने 2025 में विशेष रचनात्मक कार्य किए ताकि दिव्यांग छात्र अधिक स्वतंत्र और सम्मान का हिस्सा बनें।

2016 से इस पर काम कर रहीं महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल की चांदनी का मानना है कि इस विषय को दिलचस्प बनाने के लिए सिलेबस में विस्तार की जरूरत है। NCERT और SCERT की रिसोर्सपर्सन चांदनी ने 'साइबर सिक्योरिटी गाइड' ऐप बनाया है, जिसमें कंटेंट के साथ 'फोन' की सुविधा भी है। उनके अनुसार, बच्चे ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया के जरिए साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं, इसलिए उन्हें ऐप्स और गेम्स के जरिये शिक्षित करना सबसे प्रभावी है। चांदनी ने कई ऑनलाइन गेम्स और क्विज भी तैयार किए हैं। इसके लिए उन्हें 'नेशनल आईसीटी अवॉर्ड' और 'NCERT-साइबर पीस फाउंडेशन अवॉर्ड' मिल चुका है।



चांदनी अग्रवाल (टीचर कंप्यूटर साइंस)

## दो भाइयों ने उठाया दिल्ली के कचरे को रिसाइकल करने का बीड़ा

Poonam.Gaur
@timesofinda.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली की कचरा समस्या और लैंडफिल साइट्स की बदतर स्थिति देख दो किशोर भाइयों, अपूर्व और करण ने बदलाव की ठानी। गाजीपुर जैसे लैंडफिल की बदबू और प्रदूषण से परेशान होकर उन्होंने कचरा रिसाइकल करने की मुहिम शुरू की, जो अब गुरुग्राम और नोएडा तक फैल चुकी है।

स्कूल प्रोजेक्ट और दिल्ली सरकार के एक NGO कार्यक्रम से शुरू हुआ यह विचार अब स्टार्टअप बन चुका है। इस पहल से 70 से अधिक कबाड़ीवाले जुड़ चुके हैं। इसका उद्देश्य घरों से ही कचरा अलग-अलग कर उठाना है, ताकि कूड़ा लैंडफिल तक पहुंचे ही न। शुरुआत में अनुभव की कमी के कारण भाइयों को आर्थिक नुकसान हुआ, लेकिन हार नहीं मानी। उन्होंने कबाड़ीवालों के मौजूदा नेटवर्क को समझा और उन्हें संगठित कर सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा। आज यह नेटवर्क जिम्मेदारी से कचरा रिसाइकल कर रहा है। दोनों भाइयों ने साबित किया कि केवल शिकायत करने के बजाय जमीन पर समाधान निकाल पर्यावरण को बचाया जा सकता है।



अपूर्व और करण (स्टूडेंट्स)

**हर 100 किलो रिसाइकल पर एक पेड़:** इनकी टीम हर 100 किलो कचरा रिसाइकल होने पर एक पेड़ लगाती है। अब तक करीब 3500 पेड़ लगाए जा चुके हैं।




**बिना शोर, काम पर जोर**
अनिल शर्मा की इन्वेस्टिगेशन की बदौलत दिल्ली दंगों की साजिश में 30 हजार पेज की चार्जशीट दायर हो चुकी है।



## केस इन्वेस्टिगेशन के चलते छह साल से नहीं ली छुट्टी

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : स्पेशल सेल के इंस्पेक्टर अनिल शर्मा को इंटेलिजेंस और इन्वेस्टिगेशन का मास्टर माना जाता है। 2020 के दिल्ली दंगों की 'लार्जर कॉन्सपिरेसी' की जांच के लिए बनी SIT के वह हेड हैं। उनकी सटीक जांच के चलते ही 30 हजार पेज की चार्जशीट दाखिल हुई और 2025 में हाई कोर्ट से 10 मुख्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज हुईं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के बाद उत्तराखंड धीरे-धीरे शादी पर्यटन के लिए एक प्रत्याशित गंतव्य के रूप में उभर रहा है। पीएम मोदी ने राज्य स्थापना दिवस समारोह, 9 नवंबर 2025 को अपने संबोधन में राज्य के प्राकृतिक दृश्य, आध्यात्मिक वातावरण और बढ़ती पर्यटन अवसंरचना की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि ये सभी कारक देश और विदेश से वेडिंग पर्यटन को आकर्षित करने में सहायक हैं। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तराखंड पहले ही एक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है, जो अपनी पर्वतीय भव्यता, नदियों और शांत घाटियों के प्राकृतिक सौंदर्य पर आधारित है। उन्होंने 'वेड इन इंडिया' पहल के अंतर्गत राज्य की एक विशिष्ट पहचान बनाने का महत्व रेखांकित किया और सुझाव दिया कि उत्तराखंड 5–7 प्रमुख वेडिंग स्थल विकसित कर सकता है, जो उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं के साथ राज्य की सांस्कृतिक और प्राकृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि पहुंच मार्गों में सुधार, आतिथ्य सेवाओं को बढ़ाना और स्थानीय परंपराओं को समेकित करना न केवल पर्यटन अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर भी सृजित करेगा। रोमांच, ईको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को पहले ही बढ़ावा देने वाली सरकार के लिए, समर्पित वेडिंग डेस्टिनेशन रणनीति राज्य की पेशकशों में और विविधता जोड़ती है।

मजबूत जनसहानुभूति और प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के साथ, उत्तराखंड भारत के सबसे आकर्षक वेडिंग गंतव्यों में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाने जा रहा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक गहराई और विश्व-स्तरीय आतिथ्य का अनूठा संयोजन मिलेगा।



प्रसिद्ध त्रियुगीनारायण मंदिर, भगवान शिव और पार्वती के विवाह के लिए जाना जाता है और अटूट आस्था और आध्यात्मिक बंधन का प्रतीक है।

# होमस्टे नीति से ग्रामीण पर्यटन को मिल रहा विस्तार

5,000 से अधिक पंजीकृत होमस्टे और प्रोत्साहनों के साथ, होमस्टे नीति सामुदायिक पर्यटन और स्थानीय आजीविका को मजबूत बना रही है

उत्तराखंड की होमस्टे नीति तेजी से ग्रामीण पर्यटन और समावेशी विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनती जा रही है। वर्तमान में राज्य में 5,000 से अधिक पंजीकृत होमस्टे हैं, जो पहाड़ी जिलों में समुदाय-आधारित आवास के तेज विस्तार को दर्शाते हैं।

योजना के तहत, सामान्य क्षेत्रों में संचालित होमस्टे को अधिकतम ₹7.5 लाख तक की पूंजी अनुदान मिल सकती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में यह राशि ₹10 लाख तक हो सकती है। इसके अतिरिक्त, कई वर्षों के लिए ब्याज अनुदान का भी प्रावधान है। होमस्टे संचालकों का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है और उन्हें स्थानीय संस्कृति, व्यंजन और आतिथ्य को पर्यटक अनुभव में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना, रोजगार सृजित करना और पर्यटन के माध्यम से पलायन को रोकना है। प्रारंभिक आंकलन बताते हैं कि होमस्टे मॉडल आय बढ़ाने, स्थानीय आजीविकाओं में विविधता लाने और उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में सामुदायिक विकास में योगदान दे रहा है।

# आस्था, आध्यात्म व रोमांच का केंद्र है आदि कैलाश

**प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद आस्था व साहस का प्रतीक बनकर उभरा है आदि कैलाश**

**आदि कैलाश, उत्तराखंड के सबसे पूजनीय आध्यात्मिक स्थलों में से एक,**

आज तेजी से ऐसे गंतव्य के रूप में उभर रहा है जहां पौराणिक विरासत और ऊंचाई वाले साहसिक अनुभव एक साथ मिलते हैं। अपनी गहरी पौराणिक महत्ता और भव्य हिमालयी आभा के लिए प्रसिद्ध आदि कैलाश राज्य की सांस्कृतिक पहचान में एक विशेष स्थान रखता है। यह क्षेत्र अब तीर्थयात्रियों, प्रकृति प्रेमियों और रोमांच-प्रेमी यात्रियों को आकर्षित कर रहा है, जो आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ निर्मल प्राकृतिक सौंदर्य की तलाश में आते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा ने इसकी राष्ट्रीय पहचान को और अधिक सशक्त किया है। 9 नवंबर 2025 को देहरादून में अपने संबोधन के दौरान



प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि किस प्रकार यह क्षेत्र उत्तराखंड की बढ़ती पर्यटन अपील का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन रहा है। उन्होंने बढ़ती पर्यटक संख्या की सराहना करते हुए बताया कि तीन वर्ष पहले जहां वर्षभर में 2,000 से भी कम पर्यटक आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर लगभग 30,000 पहुंच गई है। यह बदलाव बेहतर कनेक्टिविटी और उन्नत अवसंरचना के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाता है। यह क्षेत्र एक ऐतिहासिक खेल आयोजन का भी साक्षी बना, जहां उच्च हिमालयी ऊंचाइयों पर आयोजित अल्ट्रामैराथन और आदि कैलाश परिक्रमा रन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रधानमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि देश-विदेश के एथलीटों को हिमालय की आध्यात्मिक और पर्यावरणीय समृद्धि से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास राज्य में इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की अपार संभावनाओं को सामने लाते हैं।



# अनदेखे रोमांच का अद्वितीय संगम

**उत्तराखंड दुनियाभर के रोमांच खेल प्रेमियों को अनूठा अनुभव प्रदान करता है**

देश में जब रोमांच पर्यटन की बात आती है, तो उत्तराखंड अपने विविध परिदृश्यों और रोमांच प्रेमियों का पसंदीदा स्थान बन जाता है। यहां रोमांचक गतिविधियों की कोई कमी नहीं है। आपको यहां जोश से भर देने वाले कई खेल खेलने को मिल जाते हैं और यही कारण है कि दुनियाभर के रोमांच प्रेमियों के लिए यह राज्य असाधारण अनुभव प्रदान करता है।

### ट्रैकिंग और हाईकिंग

ट्रैकिंग और हाइकिंग के माध्यम से आप उत्तराखंड की सुदूर जगहों की यात्रा कर सकते हैं। यहां पारंपरिक रूपकुंड ट्रैक पर ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है, जहां हरे-भरे जंगल और घास के मैदानों के बीच या फूलों की घाटी के बीच से होकर गुजरना सुखद अहसास दे सकता है। लंबी सैर करने वालों के लिए केदारकांठा और गौमुख तपोवन ट्रैक जीवन भर के लिए यादगार अनुभव दे जाते हैं।

### बंजी जंपिंग

विश्व की योग राजधानी के रूप में भी पहचाना जाने वाला ऋषिकेश अपने जोशीले रोमांच के लिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां पूरे देश में सबसे ऊंची बंजी जंपिंग साइट है। गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने की इच्छा रखने वाले रोमांच प्रेमी शानदार हिमालय पहाड़ियों के बीच बंजी जंपिंग करने के लिए यहां आते हैं।

### स्कीइंग

चमोली जिले में स्थित औली को स्कीइंग प्रेमियों के केंद्र के रूप में जाना जाता है। दूर तक बर्फ से ढकी पहाड़ी ढलानों के साथ रोमांच प्रेमी इसके शीतकालीन वंडरलैंड से रास्ता तय करते हुए औली की यात्रा करते हैं। यह शानदार स्थल राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां एथलीटों को अपनी ताकत दिखाने का पूरा मौका मिलता है।

### रिवर राफ्टिंग

उत्तराखंड की नदियां केवल राज्य की सुंदरता को ही नहीं बढ़ाती हैं, बल्कि व्हाइट वॉटर राफ्टिंग के प्रेमियों में जोश भर देती हैं, जो यहां रोमांच के लिए आते हैं। जब पर्यटक सफेद पानी में राफ्टिंग के माध्यम से रैपिड्स पर विजय प्राप्त करते हैं या गंगा, टोंस और अलकनंदा नदियों में एक शांत कैनोइंग या कयाकिंग के दौरान पानी पर नौका चलाते हैं, तो निश्चित रूप से उन्हें अलग रोमांच का अनुभव मिलता है।



### पैराग्लाइडिंग

रोमांच प्रेमी यहां आसमान की सैर भी कर सकते हैं और पैराग्लाइडिंग से उत्तराखंड की भव्यता का आनंद ले सकते हैं। नैनीताल, मुक्तेश्वर, या पिथौरागढ़ के मनोरम स्थानों से वह आसमानी उड़ान भरकर शानदार हिमालयी इलाकों का नजारा भी ले सकते हैं। रोमांच के अलावा, उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र ने स्थानीय निवासियों के लिए समृद्धि भी लाई है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDD8 User: cci Time: 12-30-2025 23:17 Color:



## NGT पर दखल दे SC: जयराम रमेश

■ पीटीआई, नई दिल्ली: कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि अरावली पहाड़ियों के मामले में आदेश के बाद अब सुप्रीम कोर्ट NGT के विषय पर भी हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि यह संस्था बिना किसी भय या पक्षपात के और कानून के अनुरूप स्वतंत्र रूप से काम कर सके।



जयराम रमेश

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि पिछले एक दशक में NGT की शक्तियों को पूरी तरह से कमजोर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब पर्यावरण से जुड़े दूसरे महत्वपूर्ण और तात्कालिक मुद्दे हैं, जिन पर कोर्ट को अरावली मामले की तरह ही स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करना चाहिए। रमेश ने कहा, '6 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार और भारत सरकार के सरिस्का टाइगर रिजर्व की सीमाओं को दोबारा तय करने के प्रस्ताव पर रोक लगा दी थी, इसके तहत लगभग 57 बंद खदानों को खोलने का रास्ता बनाया जा रहा था। इस प्रस्ताव को साफ तौर से खारिज कर देना चाहिए।

## BRS के पूर्व MLA जर्मन, ले रहे पेंशन

■NBT रिपोर्ट: तेलंगाना हाई कोर्ट की ओर से यह घोषित किए जाने के एक साल बाद भी कि पूर्व BRS विधायक चेन्नामनेनी रमेश भारतीय नागरिक नहीं हैं, वह अब भी पूर्व विधायक के रूप में हर महीने 60,000 रुपये पेंशन ले रहे हैं। हाई कोर्ट ने विधानसभा चुनाव लड़ते समय अपनी जर्मन नागरिकता छिपाने के लिए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था।



सी. रमेश

TOI के मुताबिक, कांग्रेस विधायक आदि श्रीनिवास ने विधानसभा सचिव से रमेश की पेंशन बंद करने की मांग की है। उनका कहना है कि रमेश किसी भी सरकारी फायदे के हकदार नहीं हैं। साथ ही उन्होंने जर्मन नागरिक को अब तक दी गई सुविधाओं, भत्तों और सैलरी की वसूली की भी मांग की है। आदि श्रीनिवास ने कहा, 'मेरी पिछली मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए मैं फिर से विधानसभा सचिव और स्पीकर से उनकी पेंशन तुरंत रोकने की अपील कर रहा हूं। जरूरत पड़ी तो मैं इस मामले में दोबारा हाईकोर्ट जाऊंगा।' सूत्रों के अनुसार, विधानसभा सचिव ने पहले श्रीनिवास को बताया था कि हाई कोर्ट के आदेश में रमेश से वेतन और अन्य भत्तों की वसूली का कोई जिक्र नहीं है। साथ ही मौजूदा नियमों में ऐसी वसूली का कोई प्रावधान भी नहीं है।

# घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे: शाह

# दिल्ली में ब्लास्ट कैसे हुआ: ममता

## कोलकाता में गृह मंत्री ने कहा, मजबूत नैशनल ग्रिड बनाएंगे

Photos PTI



अमित शाह (दाएं) ने कहा, पश्चिम बंगाल की सरकार बॉर्डर पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं देती है।

■ पीटीआई, कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार चुनावी फायदे के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। इससे पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी खतरनाक रूप से बदल गई है। शाह को जवाब देते हुए ममता बनर्जी ने पूछा कि अगर घुसपैठ सिर्फ पश्चिम बंगाल में हो रही थी तो पहलगाम आतंकी हमला और दिल्ली कार बम धमाका कैसे हुआ?

कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग घुसपैठ को लेकर चिंतित हैं और BJP 2026 में राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में आने के बाद इसे समाप्त करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव अप्रैल में होंगे और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालना मुख्य अजेंडा होगा। उन्होंने कहा, 'हम न केवल घुसपैठियों की पहचान करेंगे, बल्कि उन्हें बाहर भी निकालेंगे। 15 अप्रैल 2026 के बाद बंगाल में BJP की सरकार बनेगी, क्योंकि जनता ने अपना मन बना लिया है। बंगाल में घुसपैठ को समाप्त करने के लिए एक मजबूत नैशनल ग्रिड बनाया जाएगा।' केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'न केवल घुसपैठ रोकेंगे, सारे घुसपैठियों को चुन-चुनकर भारत के बाहर निकालने का काम भी BJP की बंगाल सरकार करेगी।' शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से जरूरी जमीन उपलब्ध न कराए जाने के कारण केंद्र सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, 'ममता बनर्जी घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने के लिए सीमा सुरक्षा बल (BSF) को दोषी ठहराती हैं। बांग्लादेश से सटे राज्यों में केवल यही राज्य सरकार है, जो सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं देती। आपकी सरकार जमीन नहीं देती।' शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह जवाब देना होगा कि BJP शासित असम, त्रिपुरा या देश के पश्चिमी राज्यों जैसे राजस्थान और गुजरात के अलावा पंजाब और कश्मीर की तुलना में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ की समस्या अधिक गंभीर क्यों है। ऐसा सिर्फ बंगाल में ही क्यों होता है?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वोटर लिस्ट में बदलाव स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन (SIR) प्रक्रिया से मतुआ समुदाय के लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। ममता बनर्जी भी मतुआ समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचा सकतीं। तृणमूल ने भय और हिंसा की राजनीति में वामपंथियों को भी पीछे छोड़ दिया है। बंगाल में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है।

## प. बंगाल की CM का आरोप, AI से किया जा रहा SIR स्कैम

■पीटीआई/आईएएनएस, कोलकाता



मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ममता बनर्जी।

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया यानी स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन (SIR) पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से किया जा रहा एक बड़ा घोटाला है।

बनर्जी ने कहा कि अगर वोटर लिस्ट से किसी एक भी वैध वोटर का नाम हटाया गया तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में चुनाव आयोग के ऑफिस का घेराव करेगी। उन्होंने बांकुड़ा जिले में एक रैली में कहा कि SIR के नाम पर राज्य के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके कारण करीब 60 लोगों की मौत हो गई है। बुजुर्गों को दस्तावेज वेरिफिकेशन की सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। राज्य के लोग इस तरह के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोग BJP को पश्चिम बंगाल में सत्ता में नहीं आने देंगे।

बनर्जी ने कहा कि BJP चुनाव नजदीक आते ही 'सोनार बांग्ला' बनाने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में जिन राज्यों में वह सत्ता में है वहां बांग्ला बोलने वालों की पिटाई की जाती है। ममता बनर्जी ने कहा कि आज आप कह रहे हैं कि पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार की परियोजनाओं के लिए जमीन नहीं दी। अगर यही दावा है तो बोंगांव के पेट्रापोल और अंडाल में नए एयरपोर्ट के लिए जमीन किसने दी? रेलवे ट्रैक कैसे बने? अगर जमीन आवंटित नहीं की गई तो ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड अपना काम कैसे कर रही है? घोघाडांगा और पांगाबन्धा में जमीन किसने दी? उन्होंने अमित शाह की इस बात की भी आलोचना की कि राज्य विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी। बनर्जी ने कहा कि पहले तो उन्होंने 200 सीटें जीतने का दावा किया था। अब इस बार वे दो-तिहाई बहुमत की बात कर रहे हैं। कोई आंकड़ा नहीं बता पाए।

### आज TMC नेता मिलेंगे CEC से

तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करेगा। पार्टी ने मंगलवार को कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल पश्चिम बंगाल में चल रहे SIR के तहत वोटर लिस्ट में हो रही प्रक्रिया को लेकर अपनी चिंताएं सामने रखेगा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा में TMC नेता अभिषेक बनर्जी करेंगे और इसमें संसद के दोनों सदनों के सांसद शामिल होंगे।

### PM से मिले कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी

■पीटीआई, नई दिल्ली: कांग्रेस के सीनियर नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने BJP शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर हो रहे हमलों के मुद्दे और मतुआ समुदाय की समस्याओं को उनके सामने उठाया। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने ऐसे हमलों को रोकने में मदद के लिए पीएम से हस्तक्षेप की गुजारिश की।



अधीर रंजन

## कूड़े को सही तरीके से मैनेज करना जरूरी: एक्सपर्ट



# 'कम सो रहे भालू, इसलिए लोगों पर कर रहे हैं हमला'

AI images

Poonam.Gaur@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: उत्तराखंड के उत्तरकाशी, पौड़ी, पिथौरागढ़, चमोली और रुद्रप्रयाग जैसे पहाड़ी जिलों में जंगली भालुओं के हमले चिंता का सबब हैं। कई गांवों में हर शाम भालू की दहशत की वजह से हालात कर्फ्यू जैसे हो जाते हैं। पिछले 25 वर्षों पर गौर करें तो भालुओं के हमले में उत्तराखंड में 71 लोगों की जान गई। 2 हजार से अधिक लोग घायल हुए। पिछले 5 वर्षों में हमले बढ़े हैं। साल 2025 तो सबसे आगे निकल गया। इस साल अब तक 80 के करीब हमले हो चुके हैं और आठ मौतें हो चुकी हैं। भालुओं के इस आक्रामक होते रवैये को लेकर पूरी जानकारी दे रहे हैं वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व साइंटिस्ट और भालू एक्सपर्ट डॉ. एस. सत्यकुमार।



डॉ. एस. सत्यकुमार

NBT इंटरव्यू

**Q उत्तराखंड में भालुओं के हमले बढ़ने की वजह क्या है?**

इसके कई कारण हैं। सबसे बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है। अब हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी कम हो रही है। इससे ठंड भी कम पड़ रही है। इस कारण ठंडे इलाकों में रहने वाले भालू का हाइबरनेशन (शीत निद्रा) का समय कम हो गया है। भालू हाइबरनेशन करते हैं ताकि सर्दियों के कठिन मौसम में जब भोजन कम हो तो निंद्रा रह सकें। मगर, उत्तराखंड के राजाजी नैशनल पार्क, कॉर्बेट से लेकर मिजोरम सहित हिमालय के नीचे के गर्म मैदानी जंगलों में काला भालू हाइबरनेशन नहीं कर रहा है। उन्हें भोजन की कमी नहीं होती। हाइबरनेशन न होने की वजह से भालुओं का हमला बढ़ रहा है।

**Q क्या हाइबरनेशन (Hibernation) से जुड़ा कोई साइंटिफिक रिसर्च है?**

कश्मीर में सात भालुओं पर एक चिप लगाकर रिसर्च की गई थी। यह रिसर्च 2009-10 और 2010-11 के दौरान हुई थी। इसमें पाया गया कि 2009-10 में भालुओं ने 40 से 77 दिन की शीत निद्रा ली। 2010-11 में 55 से 83 दिन शीत निद्रा ली। सामान्य तौर पर करीब 100 साल पहले इस हाइबरनेशन की अवधि 120 दिनों की होती थी। हाइबरनेशन की अवधि कम होने की वजह भालुओं को हर सीजन में खाना मिलना और मौसम में हो रहे बदलाव हैं जिसकी वजह से भालुओं को अब सर्दियों में अधिक परेशानी नहीं हो रही।

**Q भालू के हमलों से बचने के लॉन्ग टर्म प्लान क्या है?**

लॉन्ग टर्म प्लान वही है जो कई अन्य समस्याओं की जड़ है। कूड़े को हमें सही तरीके से मैनेज करना सीखना ही होगा। पर्यटकों की वजह से भी पहाड़ों पर कूड़ा बढ़ रहा है। 20 टन से ज्यादा कूड़ा अकेले फैदान घाटी में है। भालू सड़ा कूड़ा पसंद करता है। जंगलों में इंसानी दखल को हमें कम करना होगा। सड़कें बनाने, प्रोजक्ट के नाम पर जंगलों में लगातार काम चल रहा है। इसकी वजह से भालुओं के हैबिटेट काफी खराब हुए हैं।

**Q भालू के इंसानों पर हमले की और क्या वजह है?**

काला भालू हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्र के अलावा नॉर्थ-ईस्ट के सभी राज्यों में पाए जाते हैं। ये मांस खाते हैं, लेकिन कम खाते हैं। भालू को बीज, फल, जड़ी-बूटी, घास, बांस आदि अधिक पसंद हैं। वह जंगल में रहता है और इंसानों को नजरअंदाज करता है। मगर, कम ऊंचाई वाले पहाड़ी स्थानों पर कूड़ा बढ़ गया है, गांव के आसपास फूलों आदि की खेती हो रही है। भालुओं को यहां बिना किसी मेहनत के खाना हर समय मिल रहा है। ऐसे में वह निचले स्थानों की तरफ आ रहे हैं। गांव के आसपास आने की वजह से मानव-भालू संघर्ष बढ़ा है।

**Q बचने के लिए क्या किया जा सकता है?**

यह समझना होगा कि भालू को जो चीजें पसंद हैं, वही चीजें मानव के रिसोर्स भी हैं। यही संघर्ष की वजह है। भालू सेब के खेतों में खाने की तलाश में आता है और वहां यदि इंसान दिखता है तो बचने के लिए वह हमला कर देता है। उसे जब एनिमल प्रोटीन की जरूरत होती है तो गांव में लैंडफिल साइट पर पड़े सड़े मांसाहार को खाता है। इन सब में मानव और भालू के बीच की दूरी कम हो गई है। इस दूरी को बढ़ाना होगा। शॉर्ट टर्म प्लान में हम लैंडफिल साइटों को इस तरह कवर कर सकते हैं कि वहां भालू दाखिल न हो पाए। इसी तरह के इंतजाम हमें खेतों में भी करने होंगे।

**Q क्या खेतों में भालू को दाखिल होने से रोकने की कोई तकनीक है?**

आज हम तकनीक के मामले में बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। सोलर फेंसिंग, सेंसर अलर्ट और AI इनेबल्ड सिस्टम हमारे पास मौजूद हैं। सोलर फेंसिंग कई जगहों पर खेतों में जंगली जानवरों की एंट्री रोकने के लिए लगाए गए हैं और सफल भी हुए हैं। हालांकि यह महंगे हैं और किसान इसे तब तक नहीं लगवाएंगे जब तक सरकारी मदद न मिले। सेंसर अलर्ट का इस्तेमाल हो रहा है। यह सोलर से चलता है और इसमें मोशन सेंसर होता है। यह अपनी रेंज में किसी भी तरह की हलचल पर अलार्म बजाकर अलर्ट कर देता है। इसके अलावा पैटर्न वाली फॉक्स लाइट का इस्तेमाल भी हो रहा है। यह अलग तरह की लाइटें जलाती है और इनकी रोशनी से भालू आबादी से दूर रहते हैं। हालांकि सेंसर अलर्ट की लोकेशन समय-समय पर बदलना और फॉक्स लाइट के पैटर्न चेंज करना जरूरी है। भालू काफी चालाक जानवर है। वह दूसरा रास्ता ढूंढ लेता है।

# पंजाब विधानसभा में 'राम जी' ऐक्ट के खिलाफ प्रस्ताव पास

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने कहा, यह संविधान के खिलाफ

■ पीटीआई, चंडीगढ़/भोपाल

PTI



चर्चा के दौरान सीएम भगवंत मान।

**पंजाब की** आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में 'वीबी-जी राम जी' ऐक्ट के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे पास कर दिया गया। उसने BJP के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर मनरेगा को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया। ग्रामीण विकास और पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने विधानसभा के एक दिवसीय सत्र के दौरान सदन में चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश किया। केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा में ऐक्ट के खिलाफ प्रस्ताव को संविधान और संघीय ढांचे की मूल भावना के विरुद्ध करार दिया और कहा कि संसद द्वारा पारित कानून को मानना राज्यों की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

**सिद्धारमैया की पीएम से अपील, ऐक्ट लागू न करें:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पीएम नरेन्द्र मोदी से 'राम जी' ऐक्ट के क्रियान्वयन को निलंबित करने की अपील की। उधर, केंद्र सरकार को 350 एक्टिविस्ट्स ने ओपन लेटर लिखा और मनरेगा को रद्द न करने की अपील की। इसके कार्यान्वयन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने की गुजारिश की।

## राकेश अग्रवाल को NIA DG का प्रभार

■पीटीआई, नई दिल्ली: गृह मंत्रालय ने सीनियर आईपीएस अधिकारी राकेश अग्रवाल को NIA के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह प्रभार मौजूदा महानिदेशक सदानंद वसंत दाते के समय से पहले उनके मूल कैडर में वापस भेजे जाने के बाद दिया गया है। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1994 बैच के IPS अधिकारी अग्रवाल वर्तमान में NIA के विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उधर, केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को किए गए एक बड़े नौकरशाही फेरबदल के तहत सीनियर ब्यूरोक्रेट लव अग्रवाल को विदेश व्यापार महानिदेशालय का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

ऑयल इंडिया
OIL INDIA
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. 19, सेक्टर 16ए, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
सीआईएन: L11101AS1959GOI001148, वेबसाइट: www.oil-india.com

अधिसूचना संख्या HRAQ/REC-WP-E/25-4590

ऑयल इंडिया लिमिटेड में कामिकों की भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या OIL/ADMN/13A/25-26/240 दिनांक 08.08.2025 और शुद्धिपत्र अधिसूचना संख्या OIL/ADMN/13A/25-26/243 दिनांक 21.08.2025 के तहत कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (सीबीटी) के स्कोर ऑयल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सीबीटी स्कोर देखने के लिए कृपया ऑयल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.oil-india.com पर जाएं और OIL for All > Career at OIL > Results अनुभाग में जाएं। स्कोर आपको 'Computer-Based Test (CBT) Scores for Workperson Recruitment against Advertisement No. OIL/ADMN/13A/25-26/240 dated 08/08/2025 तथा Corrigendum Notification No. OIL/ADMN/13A/25&26/243 dated 21/08/2025' शीर्षक के तहत मिलेंगे।

## गुमशुदा की तलाश



अपसाना खातून

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **अपसाना खातून, पति: शंशा, पता: प्लॉट नं. 7/2ए और 8/1 पुराना 6/2 और 7/9 ब्लॉक-उ, गली नं. 3, विद्या पति नगर, इंदर एन्क्लेव, दिल्ली जोकि 25.12.2025 को सुबह 11:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 45 A, दिनांक 27.12.2025** पुलिस थाना प्रेम नगर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

**नाम: अपसाना खातून, उम्र: 30 वर्ष, कद: 5'3", रंग: गेहुँआ, शरीर: पतला, चेहरा: लंबा, पहनावा: काले रंग का बुर्का।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना प्रेम नगर, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in

फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना प्रेम नगर, दिल्ली
फोन: 8750444404, 8750870322

DP/17606/RD/2025

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



अनुष्का

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नाम: अनुष्का पुत्री मनोज** पता: ग्राम झुलझुली, **नई दिल्ली** जो दिनांक: 24.12.2025 को सुबह लगभग 11:30 बजे से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No: 152/2025, Dt. 25.12.2025, U/s: 137 (2) भारतीय न्याय संहिता-2023, थाना: जाफरपुर कलां, नई दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

उम्र: 15 वर्ष, कद: 5'2" रंग: गोरा, **शरीर:** सामान्य, **चेहरा:** गोल, पहनावा: ग्रे कलर की टी-शर्ट और लोअर, गुलाबी रंग की जैकेट और पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना: जाफरपुर कलां, नई दिल्ली
फोन: 9560305022

DP/17386/DW/2025

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉरपोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वां मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, सै.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुरुग्राम, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Section-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस: ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1619 दिनांक: 19/12/2025

संदर्भ:

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (30) कम्पनियों का नाम दिल्ली राज्य से हटाने के मामले में

| S.No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | A89323504 | U45101DL2023PTC417603 | आजाद मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | A89648996 | U72900DL2019PTC350150 | अग्निहस डिजिटल प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | A89775748 | U70101DL2015PTC299604 | बी एस रियल एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | A89029308 | U63040DL2002PTC116760 | कमी फॉरेक्स एंड ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | A89152688 | U45500DL2020PTC365874 | एडीके अर्बन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | A89331792 | U52399DL2013PTC253498 | बंसल फायरवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | A89384445 | U62099DL2024PTC426509 | लॉजिक टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | A89097003 | U74999DL2018PTC329129 | कॉनिफाग वर्ल्डवाइड प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | A89829626 | U72900DL2022PTC406157 | कश्मीर हब्स हैरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | A88624583 | U27205DL2021PTC376021 | डिलनू वैपर प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | A88534265 | U93090DL2019PTC356082 | फीदस डिजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | A89876454 | U74994DL2018PTC334132 | विनोद आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | A89803866 | U72900DL2015PTC283064 | साइबरसर्वे प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | A89024744 | U51101DL1990PLC039264 | एम.एन.एच. इंडिया ट्रेडर्स लिमिटेड |
| 15 | A89652513 | U69201DL2024PTC432772 | विविकल्प एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | A89128440 | U79110DL2016PTC299084 | मून प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | A89546680 | U70109DL2011PTC221791 | उपर्व प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | A89201866 | U65990DL2021PTC376782 | अक्षत जैन इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | A89162143 | U93000DL2019PTC351551 | लेस्टोर डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | A89172328 | U51909DL2020PTC370271 | जुबिली मेटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | A89301756 | U74999DL2015PTC278038 | मुद्रा अर्बन मुक्लीयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | A89618314 | U62099DL2023PTC417739 | उजागिनाइज मैपर प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | A89899476 | U06110DL1996PTC076009 | रक्षा फिलमीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | A89716556 | U25209DL2020PTC361274 | आईटीडी आइकोनिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | A89452898 | U25990DL2025PTC448015 | नीलकमल स्टील्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | A89649971 | U74140DL2015PTC282248 | एनआरवी बिजनेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | A89862051 | U50300DL2021PTC384087 | हेल्दी मोटो प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | A88922169 | U74999DL2018PTC335016 | सिहमाइल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | A88967260 | U74999DL2018PTC325480 | न्यू130स ऑनलाइन शॉपिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | A89128247 | U63040DL2022OPC402719 | राइजी ट्रैवल्स एंड लॉजिस्टिक्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर रही है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

हस्ताक्षर/- [illegible]
उप-पंजीयक
त्वरित कॉरपोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0536/2526

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 70 साल, **कद:** 5'6", **लिंग:** पुरुष, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** अर्धनग्न और नंगे पैर **बरामदगी स्थल:** पटरी, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 3, आसफ अली रोड, दरियागंज, दिल्ली, मृतक के शव को पहचान के लिए मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 73A, दिनांक: 25.12.2025 पुलिस स्टेशन: दरियागंज, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: दरियागंज, दिल्ली
फोन: 011-23274683, 8285906093
8750870421

DP/17630/CD/2025

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDD9 User: vinay.vashisht Time: 12-30-2025 23:09 Color:



# UGC की सख्ती, स्टूडेंट्स की फीस लौटाने लगे विश्वविद्यालय

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : फीस लौटाने में आनाकानी करने वाली यूनिवर्सिटीज के खिलाफ शुरू हुए ऐक्शन का असर नजर आने लगा है। UGC की फीस निवारण सेल के आंकड़ों से सामने आया है कि पिछले 5 वर्षों में छात्रों की 37.25 करोड़ रुपये की फीस वापस करवाई है, जिसमें प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटीज से सबसे ज्यादा पैसे लौटाए गए हैं। शैक्षणिक सत्र 2022-23 से लेकर 2024-25 तक फीस वापसी को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें आई थीं। 2025-26 में शिकायतों में काफी कमी आई है।

एक यूनिवर्सिटी से दूसरे संस्थान में शिफ्ट होने पर फीस वापस न किए जाने की शिकायतों का निपटारा अब जल्द हो रहा है। हालांकि, अब भी UGC के पास फीस वापसी, ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स छात्रों को नहीं लौटाए जाने से जुड़ी शिकायतें आ रही हैं। जांच के बाद यूनिवर्सिटी और कॉलेज को निर्देश जारी किया जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में 37 करोड़ से ज्यादा की फीस छात्रों को वापस दिलवाई गई। इन वर्षों से जुड़े मामलों में अभी 13.99 करोड़ रुपये की फीस भी वापस करवाई जाएगी। 2020-21 में जहां 18.26 लाख रुपये छात्रों को वापस दिलवाए गए, वहीं 2021-22 में यह आंकड़ा 46 लाख से ज्यादा हुआ। उसके बाद UGC ने सख्ती की और फीस रिफंड पॉलिसी लागू की, जिसके बाद 2022-23 में 10.48 करोड़ की फीस वापस हुई। 2023-24 में यह आंकड़ा 13.11 करोड़ पर पहुंचा। 2024-25 में 9.4 करोड़ से ज्यादा फीस वापस हुई। मौजूदा शैक्षणिक वर्ष में 1.67 करोड़ रुपये छात्रों को वापस दिलवाए जा चुके हैं।

2022 में जहां 1380 शिकायतें आई, तो अगले वर्ष 2023 में सबसे ज्यादा 3289 शिकायतें आई। 2024-2025 में 2860 शिकायतें आई। पिछले दो वर्षों में UGC ने ज्यादातर शिकायतों पर संज्ञान लिया और इसका असर यह हुआ है कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र में पहली दिसंबर 2026 तक 819 शिकायतें आई हैं। पिछले पांच वर्षों में देखें तो 8625 शिकायतें आई हैं, जिसमें से 5676 का निपटारा हो गया है।

यदि यूनिवर्सिटी फीस वापस करने से मना करती है तो https://samadhaan.ugc.ac.in/ पर शिकायत कर सकते हैं।




■ पिछले 5 वर्षों में विद्यार्थियों की 37 करोड़ से ज्यादा फीस वापस करवाई गई।

■ 2025-26 में फीस वापसी को लेकर शिकायतों में आई है कमी।


Joint Plant Committee (JPC)
301-306, Aurobindo Place,
Hauz Khas, New Delhi - 110016

JPC invites applications for select domains for Young Professionals, Experts and Assistants. See detailed advertisement in www.jpcindiansteel.nic.in

IDBI BANK — आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838

**टेस्टिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (TCoE) स्थापित करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर के चयन हेतु आरएफपी**

आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbi.bank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिशिष्ट / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बुलन्दशहर वृत्त, लो०नि०वि०, बुलन्दशहर।

पत्रांक:- 9658/96 एम (IV)-बुलन्दशहर वृत/2025-26 — दिनांक:-20.12.2025

### अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि., बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मदवार दरों पर ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार रोड निर्माण में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 02.01.2026 से 08.01.2026 तक अपराह्न 12:00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी-2 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 08.01.2026 को अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाइन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा स्थान पूर्ववत् होगी। आनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाईट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं०/लॉट सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रू० में) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ग्राम सौरीपुर से पैना मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 56.00 | 4.80 | 03 माह | निविदा शुल्क 300+2000 +18% जी.एस.टी. = रु. 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., गौतमबुद्ध नगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि., बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो.नि.वि., मेरठ | A, B, C |
| 2 | जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत दुजाना सादुल्लापुर खेड़ी दादरी बाईपास (दुजाना आबादी) मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 75.00 | 5.75 | 03 माह | निविदा शुल्क 300+2000 +18% जी.एस.टी. = रु. 414.00 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., गौतमबुद्ध नगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि., बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो.नि.वि., मेरठ | A, B |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं०-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा पिछले 5 वर्षों का टर्न ओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षों से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
   ई-निविदा, जो कि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. कार्य सम्पादन के समय ठेकेदार को उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी कोविड-19 से सम्बन्धित समस्त सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
6. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होता है। प्रहरी का यू.आर.एल. http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

(कंचन सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०,
गौतमबुद्धनगर

UPID 243290 dt 29.12.2025,
www.upgov.nic.in

(मनीष वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत्त, लो०नि०वि०,
बुलन्दशहर






## शिपिंग महानिदेशालय
### रिक्ति

नेशनल शिपिंग बोर्ड, चंद्रलोक बिल्डिंग, पहली मंजिल, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया 36, जनपथ, नई दिल्ली – 110001 के कार्यालय में सलाहकार के पद के लिए 01 संविदात्मक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता, शैक्षिक योग्यता, कार्य अनुभव और आवेदन जमा करने का प्रारूप आदि डीजी शिपिंग वेबसाइट: www.dgshipping.gov.in पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन में देखे जा सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

| क्र.सं. | विवरण | रिक्तियों की संख्या | पारिश्रमिक | पात्रता मापदंड |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सलाहकार | 1 | अंतिम आहरित वेतन माइनस पेंशन | सेवानिवृत्त केंद्र/राज्य सरकार का अधिकारी जिसने अवर सचिव या समकक्ष (या उच्चतर) के स्तर पर न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो। |

यदि कोई शुद्धिपत्र/अनुपूरक है, तो उसे केवल डीजीएस वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।


BLAZERS
SUITS & JACKETS
SALE
upto 60% off
2026 Happy New Year Welcome
Formal • Casual • Party Collection
Men & Women wear
Formal & Wedding collection
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing


## नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईट: www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

ए) प्रेस–टेण्डर कार्य:–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 38/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–3)/2025–26 | ग्रामों का विकास कार्य (ग्राम बरौला में एस०डी० विद्या पब्लिक स्कूल से चौपाल एवं गली नं0–3, 8, 12, 14, 24, हनुमान विहार, गली नं0–3 एवं विभिन्न गलियों में सी०सी० रोड एवं नालियों का निर्माण कार्य), नौएडा। | 254.93 |
| 2 | 39/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–3)/2025–26 | नालियों का अनुरक्षण (सैक्टर–50, कॉमर्शियल प्लॉट सं0–1 से 5, एस०बी०आई० बैंक एवं एफ ब्लॉक में नालियों की मरम्मत एवं सोसाईटी के चारों तरफ टाईल लगाने का कार्य), नौएडा। | 452.84 |
| 3 | 40/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–3)/2025–26 | सड़कों का सुदृढ़ीकरण (सैक्टर–44 के ब्लॉक एफ एवं जी की आन्तरिक सड़कों पर रिसरफेसिंग का कार्य), नौएडा। | 314.53 |
| 4 | 25/उ.म.प्र./वरि.प्र.(व.स.–4)/ई0नि0/2025–26 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण कार्य (ग्राम बहलोलपुर में मुख्य नाले की मरम्मत और नाले की दीवार उठाना एवं नाले पर प्रीकास्ट स्लैब रखने का कार्य), नौएडा। | 149.25 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **13.01.2026 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **14.01.2026 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

उप महाप्रबन्धक (सिविल), नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा





vrinda GROUP
IMAGINATION TO REALITY

VRINDA HOMES PRIVATE LIMITED
SITE ADDRESS: GH-6B, SEC -1, GREATER NOIDA WEST, U.P. - 201306
www.vrindagroup.in

Banking Partners: पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | यूको बैंक UCO BANK | केनरा बैंक Canara Bank | HDFC HOME LOANS | ICICI Bank Home Loans

All specifications, designs, layout, images, conditions are only indicative and some of these can be changed at the discretion of the builder/architect/authority. These are purely conceptual and constitute no legal offerings. 1sqm = 10.764 sq. ft. *T&C Apply

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in